1.15 As part of the process of expanding banking infrastructure, initiated since July 1969, the three-year branch expansion programme for the period 1982 to 1985 was implemented sucessfully. The twin objectives of branch expansion programme of improving banking facilities in the rural/semi-urban areas and reducing inter-regional and inter-State disparities in banking development were largely achieved. During the period July 1984 to February 1985, commercial banks opened 3,600 offices, taking the total number of bank offices in the country to 48,932 from 45,332 at end-June 1984. It should be underlined that, of the total number of new offices opened since July 1969, 64.5 per cent have been opened in unbanked centres. At the end of March 1985, the population coverage per bank office in rural and semi-urban areas was 16,300 as against the target of 17,000. The coverage would have improved further if the banks had opened offices also at some 5,000 rural and semi-urban centres for which they were holding licences. Inter-regional disparities in banking facilities were also reduced substantially. For instance, in Assam where the population per bank office was 35,000 in June 1982 came down to 25,000 by end-February 1985. In Bihar and Uttar Pradesh also, the population coverage came down from 25,000 to 19,000 and from 23,000 to 17,000, respectively.

1.16 इसी तरह विभिन्न राज्यों तथा जनसंख्या समूहों के बीच ऋण-जमा अनुपातों में असमानताओं को कम करने के प्रयासों से अच्छे परिणाम उभरकर आये हैं। संपूर्ण बैंकिंग-तंत्र के लिए जून 1984 के अंत में ग्रामीण शाखाओं के लिए ऋण-जमा अनुपात 62.5 प्रतिशत था जो 60 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से अधिक था।

1.16 Similarly, efforts towards reducing disparities in the credit-deposit (CD) ratios as between different States and population groups have also yielded good results. For the banking system as a whole, the CD ratio for rural branches as at end-June 1984, at 62.5 per cent, was

तथापि, अर्ध-शहरी शाखाओं का अनुपात कम अर्थात् 50.9 प्रतिशत ही रहा जो 60 प्रतिशत के लक्ष्य से काफी कम है। राज्यवार ऋण-जमा अनुपात, 14 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में ग्रामीण शाखाओं के संदर्भ में 60 प्रतिशत से अधिक था, किन्तु उक्त अनुपात 9 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की ग्रामीण शाखाओं तथा 11 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की अर्ध-शहरी शाखाओं में 40 प्रतिशत से कम था।

1.17 29 मार्च 1985 से बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम,1983 की धारा 26 के लागू होने से (जो कि बैंकों द्वारा तरल आस्तियां (सांविधिक चलनिधि अनुपात) (रखने से संबंधित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 को संशोधित करती है) बैंकों से अब यह अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्व अपेक्षा के अनुसार पिछले शुक्रवार के बजाय, पिछले दूसरे सप्ताह के अंतिम शुक्रवार की मांग और मीयादी देयताओं के निर्धारित प्रतिशत के अनुसार सांविधिक चलनिधि अनुपात रखें। इस प्रकार यह मंदगामी प्रारक्षण प्रणाली आरंभ हो जाने से बैंकों को आवश्यक आंकड़े एकत्रित करने और सांविधिक चलनिधि अनुपात बनाये रखने के बारे में योजना बनाने के लिए अधिक समय मिल सकेगा। यद्यपि कुछ बैंक दैनिक आधार पर सांविधिक चलनिधि अनुपात को बनाये रखने में व्यतिक्रम करते रहे हैं, इस विषयक अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एक चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है। नयी व्यवस्था में सांविधिक चलनिधि अनुपात विषयक अपेक्षाओं का अनुपालन न करने पर दंड का विधान है।

1.18 समग्र रूप से, 1984-85 में बैंकिंग का यह खाका अधूरा रहेगा यदि बैंकिंग-क्षेत्र की प्रवृत्तियों की वार्षिक समीक्षा के साथ बैंकिंग-उद्योग के सामने आनेवाली मध्यावधि समस्याओं को न जोड़ा जाये। यदि सामाजिक बैंकिंग के ढांचे के संदर्भ में भी मूल्यांकन किया जाए तो पता चलता है कि हाल ही के वर्षों में बैंकों की लाभार्जकता कम होती जा रही है। साथ ही, यह कुछ गहरी समस्याओं की बाहरी अभिव्यक्ति है जिसमें

above the stipulated target of 60 per cent. However, the ratio for semi-urban branches continued to be low at 50.9 per cent, that is far below the target of 60 per cent. State-wise, the CD ratio was higher than 60 per cent in 14 States/Union Territories in respect of rural branches. However, the ratio was below 40 per cent in rural branches of 9 States/Union Territories and semi-urban branches of 11 States/Union Territories.

1.17 With the coming into force from March 29, 1985 of Section 26 of the Banking Laws (Amendment) Act 1983, (which amends Section 24 of the Banking Regulation Act, 1949 relating to maintenance of liquid assets (SLR) by banks), banks are now required to maintain the SLR at the prescribed percentage of demand and time liabilities (DTL) as on the last Friday of the second preceding week, instead of that as on the preceding Friday as required earlier. Banks thus would have a longer time to collect the necessary data and plan the maintenance of SLR following the introduction of the lagged reserve system. While some banks have defaulted in maintenance of SLR on a daily basis, a phased programme of compliance has been worked out. Under the new regime, non-compliance with SLR requirements attracts penalty.

1.18 Overall, this sketch of the banking scene in 1984-85 would remain incomplete if the annual review of the trends in the banking sector is not supplemented by a reference to the medium-term problems faced by the banking industry. In more recent years, the profitability of banks has tended to erode, even when judged in the framework of

बैंकों के संसाधनों के प्रभावी पुनर्निवेश की आवश्यकता, बैंकिंग-उद्योग में लाभार्जकता संबंधी सुधार तथा भारतीय बैंकों की विदेश स्थित शाखाओं के कार्यों को सुचारू रूप से चलाना शामिल है।

1.19 निधियों के अधिक कारगर पुनर्निवेश के लिये दो समस्याओं को सही रूप में सुलझाना जरूरी है। एक तो है अग्रिमों, विशेष रूप से कृषि संबंधी अग्रिमों की वसूली, तथा दूसरे, रुग्ण औद्योगिक यूनिटों की कार्यप्रणाली में सुधार। सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि संबंधी अग्रिमों की वसूली, जून 1983 के अंत के 53.2 प्रतिशत से घटकर जून 1984 के अंत में बकाया राशि का 51.3 प्रतिशत रह गयी। लगातार दो अच्छे कृषि वर्षों के बावजूद आयी यह गिरावट चिन्ता का विषय है। वसूली समस्या का दूसरा पहलू है अंतःराज्य स्थिति में बहुत अधिक भिन्नता। वसूली अनुपात जहाँ पश्चिम बंगाल में 28.3 प्रतिशत तथा उड़ीसा और बिहार प्रत्येक में 38.8 प्रतिशत जितना बहुत ही कम था, वहाँ पंजाब में 74.1 प्रतिशत तथा केरल में 65.9 प्रतिशत जितना अधिक था। वसूली में ये अन्तर यह दर्शाते हैं कि सुधार की काफी गुंजाइश है। रुग्ण उद्योगों को देखें तो पता चलता है कि इस समय इन उद्योगों में फंसा हुआ ऋण कुल बैंक-ऋण का 7 से 8 प्रतिशत तक है। अभी हाल ही में घोषित नीति के अनुसार संभावित सक्षम यूनिटों की पुनर्स्थापना की समस्या के बारे में व्यावहारिक दृष्टिकोण तथा ऐसे यूनिट जो सक्षम नहीं हैं उनके प्रति कठोर रुख अपनाया जाएगा। यह साफ है कि इन दोनों क्षेत्रों में सुधार से बैंकों की लाभप्रदता में वृद्धि होगी।

1.20 बैंक शाखाओं के असाधारण विस्तार से वस्तुतः बैंकिंग-ढाँचे में व्यापकता और गहराई आ गयी है जिसका अनुवर्ती लाभकारी प्रभाव आर्थिक विकास की

social banking. Again, this is an outward manifestation of some deeper problems which emphasise the need for more efficient recyling of banks' resources, improving the productivity of the banking industry, and streamlining the operations of overseas branches of Indian banks.

1.19 For more efficient recycling of funds, two problems need to be tackled effectively : recovery of advances, particularly agricultural advances and improvement in the working of sick industrial units. The recovery ot agricultural advances by public sector banks deteriorated from 53.2 per cent at the end of June 1983 to 51.3 per cent of the amount due at end-June 1984. That such deterioration should have taken place after two successive good agricultural years is disturbing. Another aspect of the recovery problem is the wide inter-State differences : while the recovery ratio was as low as 28.3 per cent in West Bengal and 38.8 per cent each in Orissa and Bihar, the ratio was as high as 74.1 per cent in the Punjab and 65.9 per cent in Kerala. These differences in the recovery performance are indicative of the wide scope for improvement. Turning to sick industries, at present the credit locked up in these industries accounts for 7 to 8 per cent of total bank credit. More recent policy pronouncements suggest a pragmatic approach to the problem of reviving potentially viable units and of taking hard decisions on those that are not viable. Obviously, improvement in both these areas would increase the profitability of banks.

1.20 The phenomenal expansion of bank branches has undoubtedly succeeded in widening and deepening the

प्रक्रिया पर पड़ा है। प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों तथा कमज़ोर वर्गों के लिए बैंक-ऋण वितरण के रूप में विन्यासगत परिवर्तन लाभकारी प्रभाव का एक पहलू है। साथ ही यह भी जान लेना जरूरी है कि यह अभूतपूर्व शाखा-विस्तार अपने साथ अपनी समस्याएं भी लाया है। बैंकों की परिचालनगत क्षमता, आन्तरिक व्यवस्था और ग्राहक-सेवा सभी पर तनाव पड़ा है। अतः सबसे पहला काम है कि शाखा-विस्तार में इस प्रगति को परिचालनगत क्षमता, उत्पादकता तथा ग्राहक-सेवा में सुधार करके सुदृढ़ किया जाए। इस संदर्भ में लागत के प्रति अधिक जागरूकता और गैर-निधिक कारोबार में सुधार भी जरूरी है।

1.21 बैंकों के समक्ष कार्य की महत्ता और जटिलता को देखते हुए किसी हद तक मशीनीकरण न केवल ग्राहक-सेवा, आन्तरिक व्यवस्था तथा शाखाओं पर प्रधान कार्यालयों के नियंत्रण में सुधार लाने के लिए आवश्यक होगा, बल्कि एक सुव्यवस्थित सूचना प्रणाली द्वारा बेहतर नीति बनाने के लिए भी आवश्यक होगा। बैंकिंग उद्योग में मशीनीकरण से संबंधित रिज़र्व बैंक की समिति की सिफारिशों पर आधारित मशीनीकरण का क्रमिक कार्यक्रम बैंकों के परिचालनों की उत्पादकता तथा गति में सुधार लाने में काफी अधिक सहायक होगा।

1.22 भारतीय बैंकों के विदेशी परिचालनों की हाल की घटनाओं से निगरानी तथा नियंत्रण क्रियाविधि को कारगर बनाने की आवश्यकता प्रकाश में आयी है। रिज़र्व बैंक तथा संबंधित बैंकों द्वारा उठाये गये कदमों से विदेशी परिचालनों के प्रभावी नियंत्रण और पर्यवेक्षण में सुविधा मिली है। वर्षों के अनुभव से हासिल भारतीय बैंकों की व्यावसायिक निपुणता से विदेशी परिचालनों का भारतीय बैंकिंग प्रणाली की

banking infrastructure with its attendant beneficial impact on the process of economic growth. The structural transformation in the deployment of bank credit in favour of the priority sectors and the weaker sections is one aspect of the beneficial impact. At the same time, it should be recognised that an unprecedented branch expansion has brought, in its wake, its own problems : operational efficiency, house-keeping and customer service of banks have all been under strain. The immediate task, therefore, is to consolidate this progress in branch expansion by bringing about improvement in operational efficiency, productivity and customer service. Greater cost consciousness and improvement in the non-fund business are also relevant in this context.

1.21 Given the magnitude and complexity of the task before banks, a degree of mechanisation is called for not only to improve customer service, house-keeping and control of head offices over branches, but also to enable better policy formulation through a well-equipped information system. A phased programme of mechanisation on the lines of the recommendations of the Reserve Bank Committee on Mechanisation in the Banking Industry is expected to go a long way towards improving the speed and productivity of banks' operations.

1.22 Some recent developments in the overseas operations of Indian banks have brought into focus the need for streamlining the monitoring and control mechanism. Steps already taken by the Reserve Bank and the banks concerned have facilitated closer supervision and control of overseas operations. With the professional skills that Indian banks

लाभप्रदता को योगदान मिलेगा। अतः बैंकों की लाभप्रदता को सुधारने की समस्या का स्थायी हल इन मध्यावधि समस्याओं को सफलतापूर्वक सुलझाने में निहित है।

have acquired over the years, overseas operations would continue to contribute to the profitability of the Indian banking system. Thus, a lasting solution to the problem of improving the profitability of banks seems to lie in tackling successfully these medium-term problems.

अध्याय २
वाणिज्य बैंक व्यवसाय

समग्र समीक्षा

वर्ष 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान बैंकों की कुल जमाराशियों में राशि की दृष्टि से तो वृद्धि हुई (1983-84 के 10,581 करोड़ रुपये की तुलना में 1984-85 में 11,753 करोड़ रुपये) परन्तु जमाराशियों की वृद्धि दर 1983-84 के 19.6 प्रतिशत के मुकाबले कम होकर 18.2 प्रतिशत रह गयी। 1984-85 के दौरान ऋण-नीति के सम्बन्ध में किये गये उपायों में सारा जोर चलनिधि की वृद्धि को संयमित करने और मुद्रास्फीति की संभावना को रोकने पर रहा। इसके फलस्वरुप 1984-85 में 6,995 करोड़ रुपये का जो ऋण-विस्तार हुआ, वह 1983-84 में हुए (7,607 करोड़ रुपये के) ऋण-विस्तार से काफी कम रहा।

2.2 अर्थ-व्यवस्था में पहले से ही विद्यमान बहुत अधिक चलनिधि को ध्यान में रखते हुए, ऋण-नीति का मुख्य उद्देश्य प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि को संयमित करने का बना रहा। ऋण-नीति के मुख्य साधनों जैसे-नकदी प्रारक्षित निधि अनुपात, सांविधिक चलनिधि अनुपात तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की पुनर्वित्त सुविधाओं का प्रयोग करके इस उद्देश्य के अनुसरण में यह सुनिश्चित किया गया कि अर्थव्यवस्था के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को पर्याप्त ऋण-राशि मिलने में कोई बाधा न पहुँचे।

2.3 50 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (कुल बैंक ऋण में जिनका अंश 95 प्रतिशत है) के संबंध में उपलब्ध आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि बैंकों ने मार्च 1985 के लिए निर्धारित कुल निवल बैंक-ऋणों का 40 प्रतिशत तक अग्रिम प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को देने का लक्ष्य लगभग प्राप्त कर लिया है। मार्च 1985 के अन्त की स्थिति के अनुसार प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये उनके अग्रिम कुल निवल बैंक ऋणों के 39.9 प्रतिशत बैठते हैं।

CHAPTER 2
COMMERCIAL BANKING

Overall Review

During 1984-85 (July-June), though aggregate deposits of banks recorded increase in absolute terms (of Rs. 11,753 crores as against Rs. 10,581 crores in 1983-84), the rate of growth of deposits was lower at 18.2 per cent compared with 19.6 per cent in 1983-84. The overall emphasis of credit policy measures taken during 1984-85 was on moderating the growth of liquidity and curbing inflationary expectations. Consequently, credit expansion in 1984-85 of Rs. 6,995 crores was much lower than that in 1983-84 (Rs. 7,607 crores).

2.2 Considering the already high level of liquidity in the economy, the underlying objective of credit policy continued to be one of moderating the growth of reserve money. In pursuing this objective through the use of the main instruments of credit policy such as CRR, SLR and refinance facilities of the RBI, it was ensured that the flow of adequate credit to vital sectors of the economy continued unhindered.

2.3 Available data in respect of 50 scheduled commercial banks (which account for 95 per cent of gross bank credit) indicate that banks had almost achieved the target of priority sector advances at 40 per cent of total net bank credit set for March 1985; their advances to priority sectors accounted for 39.9 per cent of total net bank credit as at end-March 1985.

जमाराशियों और ऋण की प्रवृत्तियाँ

कुल जमाराशियाँ

2.4 वर्ष 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की 11,753 करोड़ रुपये की कुल जमाराशियाँ उनकी पहले वर्ष की 10,581 करोड़ रुपये की कुल जमाराशियों से अधिक थीं (सारणी 2.1), फिर भी जमाराशियों में वृद्धि की दर 1983-84 की 19.6 प्रतिशत से गिरकर 18.2 प्रतिशत ही रह गयी। पहली तिमाही अर्थात् जुलाई से सितम्बर 1984 को छोड़कर, जमाराशियों का विस्तार 1983-84 की इसी तिमाही में हुए जमाराशियों के विस्तार से अधिक था। वास्तव में 1985 की जनवरी-मार्च की तिमाही में जमाराशियों में पर्याप्त विस्तार हुआ, जबकि 1984 की इसी तिमाही में इसके बिल्कुल विपरीत जमाराशियों में कमी आयी। इसके विपरीत 1984-85 की प्रथम तिमाही (जुलाई-सितम्बर) में जमाराशियों में जो वृद्धि देखी गयी, वह 1983-84 की इसी तिमाही के दौरान हुई जमाराशियों की वृद्धि की आधी से कम थी, जैसा कि नीचे देखा जा सकता है –

Trends in Deposits and Credit

Aggregate Deposits

2.4 During 1984-85 (July-June), increase in aggregate deposits of scheduled commercial banks at Rs. 11,753 crores, was larger than that of Rs. 10,581 crores in the previous year (Table 2.1). The growth rate, however, slowed down to 18.2 per cent from 19.6 per cent in 1983-84. The deposit expansion except in the first quarter i.e., July-September 1984, was larger than in the corresponding quarters of 1983-84. In fact, in the January-March quarter of 1985, there was a sizeable accretion to deposits in sharp contrast to the contraction that took place in the corresponding quarter of 1984. The deposit growth recorded in the first quarter (July-September) of 1984-85 was less than half of that in the corresponding quarter of 1983-84, as may be seen below.

कुल जमाराशियों में वृद्धि
Growth in Aggregate Deposits

	1983-84		1984-85	
	राशि (करोड़ रुपयों में) Amount (Rs. crores)	वृद्धि का प्रतिशत Percentage growth	राशि (करोड़ रुपयों में) Amount (Rs. crores)	वृद्धि का प्रतिशत Percentage growth
जुलाई-सितम्बर July-September	.2,183	4.0	955	1.5
अक्तूबर-दिसम्बर October-December	5,004	8.9	5,375	8.2
जनवरी-मार्च January-March	-630	-1.0	1,165	1.6
अप्रैल-जून April-June	4,024	6.6	4,258	5.9
जोड़ (जुलाई-जून) Total (July-June)	10,581	19.6	11,753	18.2

यद्यपि पूर्ण रूप से देखा जाये तो 1984 के कम कामकाज के समय (मई से अक्तूबर 1984 तक) में जमाराशियों में वृद्धि,जो 5,583 करोड़ रुपये की थी, वह 1983 के कम कामकाज के समय में 5,146 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक रही, परन्तु प्रतिशत के हिसाब से 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर जो इस कम कामकाज के समय में देखी गयी वह पिछले वर्ष के कम कामकाज के समय से 0.7 प्रतिशत तक कम रही। इसके विपरीत अधिक कामकाज के समय (नवम्बर 1984 से अप्रैल 1984 तक) में जमाराशियों में वृद्धि 6,001 करोड़ रुपये या 9 प्रतिशत की थी, जोकि 1983-84 के अधिक कामकाज के समय में पायी गयी 3,916 करोड़ रुपये अथवा 6.9 प्रतिशत से क्रमश: राशि की दृष्टि से तथा प्रतिशत के आधार पर दोनों ही तरह से अधिक रही।

माँग और मीयादी जमाराशियों में वृद्धि

2.5 1984-85 के दौरान मीयादी जमाराशियों में काफी वृद्धि होकर यह 9,522 करोड़ रुपये की हो गयी जबकि 1983-84 में यह 8,587 करोड़ रुपये तक ही बढ़ी थी। जहाँ तक माँग जमाराशियों का संबंध है उनमें भी 2,231 करोड़ रुपये की थोड़ी-सी अधिक वृद्धि हुई, जबकि 1983-84 में इनमें 1,994 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी, फिर भी दोनों प्रकार की जमाराशियों के मामले में 1984-85 के दौरान वृद्धि दर 1983-84 की वृद्धि दर से कम रही। माँग और मीयादी जमाराशियों की तिमाही वृद्धि के आंकड़े नीचे दिये गये हैं जिससे यह पता लगता है कि 1984-85 की तीसरी तिमाही (जनवरी-मार्च) में माँग और मीयादी दोनों प्रकार की जमाराशियों में तेजी से वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान इनमें कमी आयी थी।

ऋण संबंधी प्रवृत्तियाँ

2.6 इस वर्ष के दौरान बैंक-ऋणों का विस्तार 1983-84 में हुए बैंक-ऋणों के विस्तार से कम रहा, जिसका कारण यह था कि रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग प्रणाली में अधिक चल-मुद्रा को कम करने के लिए ऋण नीति संबंधी अनेक उपाय किये गये। बैंक की ऋण-

Though, in absolute terms, deposit growth during the 1984 slack season (May-October 1984), at Rs. 5,583 crores was higher than that of Rs. 5,146 crores during the 1983 slack season, in percentage terms, the growth rate at 9.2 per cent during the period was lower by 0.7 percentage point than that in the previous slack season. As against this, the deposit accretion in the busy season (November 1984- April 1985) at Rs. 6,001 crores or 9.0 per cent was higher both in absolute and percentage terms, than that of Rs. 3,916 crores or 6.9 per cent recorded in the 1983-84 busy season.

Growth in Demand and Time Deposits

2.5 During 1984-85, time deposits showed a sizeably larger expansion of Rs. 9,522 crores as compared to a rise of Rs. 8,587 crores in 1983-84. Demand deposits, also recorded a slightly larger increase of Rs. 2,231 crores than that of Rs. 1,994 crores in 1983-84. However, in the case of both types of deposits, the growth rates in 1984-85 were lower than those in 1983-84. Data on quarterly growth in demand and time depoists are given below. It will be seen therefrom that in the third quarter of 1984-85 (January-March) both demand and time deposits had recorded increases in sharp contrast to the contraction that occurred in the corresponding quarter of the previous year.

Trends in Credit

2.6 The expansion in bank credit during the year was lower than that in 1983-84 reflecting the effectiveness of the several credit policy measures taken by the Reserve Bank to reduce the excess liquidity in the banking system. The

सारणी 2.1 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आंकड़े
TABLE - 2.1 : SCHEDULED COMMERCIAL BANKS' DATA

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

मदें Items	निम्नलिखित तारीखों को बकाया Outstanding as on			निम्नलिखित वर्षों के दौरान वृद्धि Increase during the year	
	जून June 24, 1983	जून June 29, 1984	जून June 28, 1985@	1983-84	1984-85
	1.	2.	3.	4.	5.
1. कुल जमाराशियां **Aggregate Deposits**	**54,039**	**64,620**	**76,373**	**+ 10,581**	**+ 11,753**
(क) मांग जमाराशियां (a) Demand Deposits	10,201	12,195	14,426	+ 1,994	+ 2,231
(ख) मीयादी जमाराशियां (b) Time Deposits	43,838	52,425	61,947	+ 8,587	+ 9,522
2. कुल बैंक ऋण **Total Bank Credit**	**36,006**	**43,613**	**50,608**	**+ 7,607**	**+ 6,995**
इसमें से : Of which :					
(क) खाद्यान्न वसूली हेतु अग्रिम (a) Food procurement advances	3,589	5,238	6,754	+ 1,649	+ 1,516
(ख) खाद्यान्न अग्रिमों को छोड़कर बैंक ऋण (b) Bank Credit excluding food advances	32,417	38,375	43,854	+ 5,958	+ 5,479
3. रिज़र्व बैंक से पुनःभुनाये गये बिल Bills rediscounted with the RBI	—	—	—	—	—
4. सकल बैंक ऋण **Gross Bank Credit**	**36,006**	**43,613**	**50,608**	**+ 7,607**	**+ 6,995**
5. सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश Investments in Government and other approved securities	19,970	23,260	27,251	+ 3,290	+ 3,991
(क) सरकारी प्रतिभूतियां (a) Government Securities	13,533	15,248	17,473	+ 1,715	+ 2,225
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां (b) Other approved securities	6,437	8,012	9,778	+ 1,575	+ 1,766
6. हस्तगत नकदी तथा रिज़र्व बैंक के पास शेष राशियाँ Cash in hand and balances with the RBI	6,155	9,354	12,199	+ 3,199	+ 2,845
7. रिज़र्व बैंक से लिये गये उधार Borrowings from the RBI	509	1,769	1,863	+ 1,260	+ 94
8. ऋण - जमा अनुपात Credit - Deposit Ratio	66.6	67.5	66.3		
9. खाद्येतर ऋण-जमा अनुपात Non-food Credit-Deposit Ratio	60.0	59.4	57.4		
10. निवेश-जमा अनुपात Investment-Deposit Ratio	37.0	36.0	35.7		

@ : आंशिक रूप से संशोधित
Partially revised

स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (2) के अधीन प्राप्त विवरणियां
Source : Returns received under section 42 (2) of the RBI Act, 1934.

राशि में 6,995 करोड़ रुपये तक अथवा 16.0 प्रतिशत की वृद्धि इसके पहले वर्ष के दौरान पायी गयी 7,607 करोड़ रुपये अथवा 21.1 प्रतिशत की वृद्धि से काफी कम थी (सारणी 2.1)। लगातार दो भरपूर फसलों के होने के फलस्वरूप खाद्यान्न वसूली के कार्यों में 1984-85 के दौरान सर्वाधिक वृद्धि हुई। 28 जून 1985 तक बकाया खाद्यान्न ऋण की राशि 1,516 करोड़ रुपये बढ़कर 6,754 रुपये हो गयी। इससे पहले वर्ष में खाद्यान्न ऋण में वृद्धि थोड़ी-सी ज्यादा (अर्थात 1,649 करोड़ रुपये) रही। खाद्येतर ऋणों में 5,479 करोड़ रुपये अथवा 14.3 प्रतिशत की वृद्धि भी 1983-84 के 5,958 करोड़ रुपये अथवा 18.4 प्रतिशत की वृद्धि से कम थी।

increase in bank credit at Rs. 6,995 crores or 16.0 per cent was substantially lower than that of Rs. 7,607 crores or 21.1 per cent recorded during the previous year (Table 2.1). As a result of the two bumper harvests in succession, food procurement operations touched record levels during 1984-85; outstanding food credit rose by Rs. 1,516 crores to Rs. 6,754 crores by June 28, 1985. In the previous year,the increase in food credit was somewhat higher(i.e. Rs. 1,649 crores). The increase in non-food credit at Rs. 5,479 crores or 14.3 per cent was also smaller, as compared to Rs. 5,958 crores or 18.4 per cent in 1983-84.

माँग और मीयादी जमाराशियाँ

Demand and Time Deposits

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

	मांग जमाराशियों में वृद्धि Growth in demand deposits		मीयादी जमाराशियों में वृद्धि Growth in time deposits	
	1983-84	1984-85	1983-84	1984-85
जुलाई-सितम्बर July-September	-32	-504	2,215	1,459
अक्तूबर-दिसम्बर October-December	1,756	1,796	3,248	3,579
जनवरी-मार्च January-March	-613	473	-17	692
अप्रैल-जून April-June	883	466	3,141	3,792
जोड़ (जुलाई-जून) Total (July-June)	**1,994 (+ 19.5)**	**2,231 (+ 18.3)**	**8,587 (+ 19.6)**	**9,522 (+ 18.2)**

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े वृद्धि दरों का प्रतिशत दर्शाते हैं।

Note : Figures in brackets are percentage growth rates.

2.7 1984 के कम कामकाज के समय (मई से अक्तूबर तक) के दौरान बैंक-ऋणों में 3,083 करोड़ रुपये अथवा 7.4 प्रतिशत की काफी अधिक वृद्धि हुई,जबकि 1983 के कम कामकाज के समय में यह वृद्धि 2,220 करोड़ रुपये अथवा 6.3 प्रतिशत की थी। खाद्यान्न और खाद्येतर दोनों प्रकार के ऋणों में काफी विस्तार

2.7 During the 1984 slack season (May-October), bank credit recorded a substantially larger increase of Rs. 3,083 crores or 7.4 per cent as compared with the increase of Rs. 2,220 crores or 6.3 per cent in the 1983 slack season. The larger expansion was noticed in both food and

देखा गया और इनकी राशि बढ़कर क्रमशः 921 करोड़ रुपये और 2,162 करोड़ रुपये हो गयी, जबकि पिछले वर्ष के कम कामकाज के समय में यह क्रमशः 506 करोड़ रुपये और 1,714 करोड़ रुपये थी। वृद्धिशील खाद्येतर ऋण जमाराशि का अनुपात 38.7 प्रतिशत रहा जो कि 1983 के कम कामकाज के समय के 33.3 प्रतिशत से ज्यादा है। 1984-85 के अधिक कामकाज के समय (नवम्बर 1984 से अप्रैल 1985 तक) के दौरान बैंक-ऋणों में वृद्धि कम रही, यह वृद्धि 4,018 करोड़ रुपये अथवा 9.0 प्रतिशत थी, जबकि 1983-84 के अधिक कामकाज के समय में यह 4,123 करोड़ रुपये अथवा 11.0 प्रतिशत थी। 1984-85 के अधिक कामकाज के समय के दौरान खाद्येतर ऋण में हुई वृद्धि पिछले वर्ष के अधिक कामकाज के समय की तुलना में कुछ अधिक थी, जबकि खाद्यान्न ऋणों में यह वृद्धि 1983-84 के अधिक कामकाज के समय की तुलना में काफी कम थी। वृद्धिशील खाद्येतर ऋण और जमाराशियों का अनुपात जो कि 56.6 प्रतिशत था, 1983-84 के अधिक कामकाज के समय के दौरान के 85.5 प्रतिशत के अनुपात से कम था।

निवेश तथा नकदी-शेष

2.8 1984 85 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के निवेशों में 3,991 करोड़ रुपये अथवा 17.2 प्रतिशत की जो वृद्धि हुई है वह इससे पहले वर्ष में हुई 3,290 करोड़ रुपये (16.5 प्रतिशत) से काफी अधिक रही। अन्य बातों के साथ-साथ बढ़ी हुई सांविधिक चलनिधि प्रारक्षित निधि की शर्त के कारण जो कि दो स्तरों पर पूरी की जानी थी अर्थात् 28 जुलाई से 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 35.5 प्रतिशत और 1 सितम्बर 1984 से 36 प्रतिशत, इससे बैंकों के संविभागीय निवेशों में पर्याप्त वृद्धि हुई है। तथापि, जून 1985 की समाप्ति पर निवेश और जमाराशियों का अनुपात 35.7 प्रतिशत था, वह जून 1984 के स्तर से 0.3 प्रतिशत अर्थात् मामूली-सा कम रहा। बैंकों की हस्तगत नकदी और रिज़र्व बैंक के पास जमा शेष राशियों में पहले की अपेक्षा कम वृद्धि हुई, इनमें पहले वर्ष के 3,199 करोड़ रुपये की तुलना में 2,845 करोड़ रुपये की ही वृद्धि हो सकी।

non-food credit which amounted to Rs. 921 crores and Rs. 2,162 crores as compared with Rs. 506 crores and Rs. 1,714 crores, respectively, in the previous slack season. The incremental non-food credit-deposit ratio worked out to 38.7 per cent which was higher than that of 33.3 per cent in the 1983 slack season. During the 1984-85 busy season (November 1984 - April 1985), bank credit registered a smaller expansion of Rs. 4,018 crores or 9.0 per cent as compared to Rs. 4,123 crores or 11.0 per cent in the 1983-84 busy season. During 1984-85 busy season, while the expansion in non-food credit was slightly higher than in the preceding busy season, the increase in food credit was much smaller than in 1983-84 busy season. The incremental non-food credit-deposit ratio at 56.6 per cent was substantially lower than 85.5 per cent in the 1983-84 busy season.

Investments and Cash Balances

2.8 The increase in investments of scheduled commercial banks at Rs. 3,991 crores or 17.2 per cent in 1984-85 was substantially higher than that of Rs. 3,290 crores (16.5 per cent) in the previous year. The stipulation of a higher SLR requirement in two stages viz. from 35 per cent to 35.5 per cent from July 28 and to 36 per cent from September 1, 1984 among other things, resulted in substantial augmentation of banks' investments portfolio. However, the investment-deposit ratio of 35.7 per cent at the end of June 1985 was marginally lower by 0.3 percentage point than that in June 1984. Banks' cash in hand and balances with the Reserve Bank recorded a smaller increase of Rs. 2,845 crores as compared to Rs. 3,199 crores in the previous year. This was partly due to the release in two

इसका एक कारण यह भी रहा कि बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक के पास 10 प्रतिशत अतिरिक्त नकद प्रारक्षित निधि अनुपात के अंतर्गत अक्तूबर 1980 के अंत से रखी जानेवाली वृद्धिशील नकद शेष राशि का पांचवाँ भाग 27 अक्तूबर और दिसम्बर 1984 को दो किस्तों में जारी किया गया।

बैंकों को रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय सहायता

2.9 1984-85 के दौरान रिज़र्व बैंक ने समग्र ऋण नीतिगत उपायों के रूप में, बैंकों को पुनर्वित्त प्रदान करने के साधनों का सक्रिय रूप से प्रयोग किया। चूंकि बैंकिंग प्रणाली में चलनिधि काफी मात्रा में बनी रही, अतः अनेक अवसरों पर खाद्यान्न वसूली का 100 प्रतिशत वित्तपोषण किया गया। खाद्यान्न के पुनर्वित्त पोषण में चरणबद्ध रूप में वृद्धि की प्रक्रिया इसलिये अपनायी गयी ताकि बैंक अपने आपको भलीभांति संशोधित न्यूनतम सीमाओं के अनुकूल बना सकें। 30 नवंबर 1984 से बैंकों को 1983 के मासिक औसत आधार पर निर्यात-ऋणों में 100 प्रतिशत की वृद्धि की सीमा तक निर्यात पुनर्वित्त प्रदान किये गये, जबकि इससे पहले वर्ष वृद्धि के 125 प्रतिशत तक पुनर्वित्त प्रदान किये गये थे। पुनर्वित्त के अंश में यह कटौती, और अधिक सामान्य स्थिति बनाये रखने के लिए की गयी थी। खाद्यान्न ऋण के पुनर्वित्त और उद्यत पुनर्वित्त के लिये ब्याज की दरें जो कई वर्षों तक बदली नहीं गयी थीं, इस वर्ष के दौरान बढ़ा दी गयीं। इस वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक की विभिन्न पुनर्वित्त सुविधाओं के अंतर्गत बैंकों को जो आर्थिक सहायता दी गयी उनकी समीक्षा निम्नलिखित पैराग्राफ में की गयी है।

खाद्यान्न ऋण का पुनर्वित्त

2.10 जून 1984 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बैंकों के खाद्यान्न-ऋण के पुनर्वित्त की सीमाएं 1,933 करोड़ रुपये तक पहुंच गयीं, परन्तु इसमें से केवल 885 करोड़ रुपये या 46 प्रतिशत का ही उपयोग किया गया। बैंकों के खाद्यान्न ऋण की पुनर्वित्त की सीमायें

instalments on October 27 and December 1, 1984, of one-fifth of the incremental cash balances maintained by banks with the Reserve Bank at the end of October 1980 under the 10 per cent additional cash reserve ratio.

Reserve Bank Accommodation to Banks

2.9 During 1984-85, the Reserve Bank made an active use of the instruments of refinance to banks, as a part of overall credit policy measures. As the liquidity in the banking system continued to be large, the threshold for 100 per cent food procurement refinance was raised on various occasions. The process of phased increases was adopted to facilitate the banks to achieve smoother adjustment to the revised thresholds. With effect from November 30 1984, banks were provided export refinance to the extent of 100 per cent of the increase in export credit over the monthly average level for 1983 as against 125 per cent of the increase in the previous year; the reduction in the proportion of refinance was in the nature of a restoration to a more normal situation. Also the interest rates for the refinance of food credit and stand-by refinance, which had remained unchanged for a number of years, were raised during the year under review. Accommodation provided to banks under the various RBI refinance facilities during the year is reviewed in the following paragraphs.

Food Credit Refinance

2.10 As on the last Friday of June 1984 the banks' food credit refinance limits amounted to Rs. 1,933 crores, of which only Rs. 885 crores or 46 per cent was utilised. The banks' food credit refinance limits reached the peak level of Rs. 2,154 crores as on June 28, 1985. The peak out-

28 जून 1985 को 2,154 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच गयीं। 28 जून 1985 को ही खाद्यान्न ऋण के पुनर्वित्त की राशि 1,107 करोड़ रुपये (ऋण सीमाओं का 51.4 प्रतिशत) के सर्वाधिक बकाया-स्तर पर पहुंच गयी। सीमाओं के उपयोग की स्थिति 12 अक्तूबर 1984 को सर्वोच्च स्तर पर पहुंची, जबकि सीमा राशि की लगभग 71 प्रतिशत राशि का ही उपयोग किया गया था।

निर्यात-ऋण का पुनर्वित्त

2.11 1984-85 के दौरान बैंकों के निर्यात-ऋण पुनर्वित्त की सीमायें 27 जुलाई 1984 तक 721 करोड़ रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गयीं और बकाया राशि का सर्वोच्च स्तर (536 करोड़ रुपये) 9 नवम्बर 1984 को प्राप्त हुआ, जब सीमाओं के 80 प्रतिशत का उपयोग किया गया। जून 1985 के अन्त में निर्यात पुनर्वित्त की सीमाएं 640 करोड़ रुपये बैठती थीं, जबकि उपयोग 373 करोड़ रुपये का हुआ। जून 1984 के अंत में तुलनीय स्थिति के अनुसार सीमाओं की राशि 679 करोड़ रुपये और उपयोग की राशि 358 करोड़ रुपये थी।

उद्यत पुनर्वित्त

2.12 जून 1984 के अन्त तक बैंकों को स्वीकृत उद्यत पुनर्वित्त की सीमाएं 5 करोड़ रुपये की थीं, परन्तु उस तारीख तक उनका कोई उपयोग नहीं हुआ था। 4 जनवरी 1985 तक बैंकों को स्वीकृत अधिकतम उद्यत पुनर्वित्त की सीमा 55 करोड़ रुपये थी और 9 नवम्बर 1984 को अधिकतम बकाया राशि 5.5 करोड़ रुपये थी। बैंकों को स्वीकृत उद्यत पुनर्वित्त सीमाओं की राशि जून 1984 के अंतिम शुक्रवार को शून्य थी।

विवेकाधीन पुनर्वित्त

2.13 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान बैंकों को काफी अधिक विवेकाधीन पुनर्वित्त सहायता दी गयी। बैंकों को स्वीकृत विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाएं अक्तूबर 1984 के अन्त से बढ़नी प्रारंभ हुई और 11 जनवरी 1985 को 318 करोड़ रुपये की उच्चतम

standings of food credit refinance amounting to Rs. 1,107 crores (51.4 per cent of the limits) was also reached on June 28, 1985. The utilisation of the limits reached a peak on October 12, 1984 when nearly 71 per cent of the limits were utilised.

Export Credit Refinance

2.11 During 1984-85, banks' export credit refinance limits reached a peak of Rs. 721 crores as on July 27, 1984 and the peak level of outstanding (Rs. 536 crores) was reached on November 9, 1984 when 80 per cent of the limits were utilised. At the end of June 1985, the export refinance limits amounted to Rs. 640 crores, while the utilisation was Rs. 373 crores; the comparable position at the end of June 1984 was limits of Rs. 679 crores and utilisation of Rs. 358 crores.

Stand-by Refinance

2.12 The stand-by refinance limits sanctioned to banks as at the end of June 1984 amounted to Rs. 5 crores which remained unutilised as on that date. The maximum amount of stand-by refinance limits sanctioned to banks was Rs. 55 crores as on January 4, 1985 and the maximum outstanding was Rs. 5.5 crores as on Novemebr 9, 1984. The amount of stand-by refinance limits sanctioned to the banks as on last Friday of June 1985 was nil.

Discretionary Refinance

2.13 During 1984-85 (July-June), banks were provided with a substantial discretionary refinance accommodation. The discretionary refinance limits sanctioned to banks started increasing from the end of October 1984 and reached the maxi-

अनुसूचित वाणिज्य बैंक-चुनी हुई मदें
SCHEDULED COMMERCIAL BANKS – SELECTED ITEMS
(अंतिम शुक्रवार को) (AS ON LAST FRIDAY)

करोड़ रुपये
CRORES OF RUPEES



2

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के नक्दी, निवेश और ऋण-जमा अनुपात

SCHEDULED COMMERCIAL BANKS' CASH, INVESTMENTS AND CREDIT-DEPOSIT RATIOS

(अन्तिम शुक्रवार को) (AS ON LAST FRIDAY)



3

सकल बैंक ऋण का क्षेत्रवार वितरण 1983-84 और 1984-85 के दौरान घट-बढ़

SECTORAL DEPLOYMENT OF GROSS BANK CREDIT VARIATIONS DURING 1983-84 AND 1984-85

(अप्रैल – मार्च) (APRIL - MARCH)



सीमा पर पहुच गयी । विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं की अधिकतम बकाया राशि 25 जनवरी 1985 को 232 करोड़ रुपये थी । विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं की राशि जून 1984 के अन्तिम शुक्रवार को 128 करोड़ रुपये थी और वह जून 1985 के अन्तिम शुक्रवार को घटकर शून्य रह गयी । इसी अवधि के दौरान बकाया राशि भी 122 करोड़ रुपये से घटकर शून्य रह गयी ।

mum of Rs. 318 crores as on January 11, 1985. The maximum outstanding amount against the discretionary refinance limits was Rs. 232 crores as on January 25, 1985. The amount of discretionary refinance limits declined from Rs. 128 crores as on the last Friday of June 1984 to nil as on the last Friday of June 1985; the outstanding amount also declined from Rs. 122 crores to nil over the same period.

समग्र स्थिति

2.14 रिज़र्व बैंक की विभिन्न पुनर्वित्त सुविधाओं के अंतर्गत अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को उपलब्ध कुल पुनर्वित्त की सीमाएं (पोतलदान ऋणों तथा शुल्क वापसी पर विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर) जून 1984 के अंत के 2,744 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1985 के अंत में 2,794 करोड़ रुपये हो गयी । (देखिए सारणी 2.2) । इसी अवधि के दौरान कुल बकाया पुनर्वित्त की राशि 1,365 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,480 करोड़ रुपये हो गयी ।

Overall Position

2.14 The total of limits available under various Reserve Bank refinance facilities to scheduled commercial banks (excluding special refinance against shipping loans and duty drawback) rose from Rs. 2,744 crores at the end of June 1984 to Rs. 2,794 crores at the end of June 1985 (vide Table 2.2); during the same period the total refinance outstanding increased from Rs. 1,365 crores to Rs. 1,480 crores.

सारणी - 2.2 : भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को वित्तीय सहायता

(पोतलदान ऋणों तथा शुल्क वापसी पर दिये गये विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर)

TABLE - 2.2 : RBI ACCOMMODATION TO SCHEDULED COMMERCIAL BANKS

(Excluding special refinance against shipping loans and duty drawback)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

निम्नलिखित महीनों के अंतिम शुक्रवार को As on last Friday of	खाद्यान्न ऋण पुनर्वित्त Food Credit Refinance		निर्यात ऋण पुनर्वित्त Export Credit Refinance		उद्यत पुनर्वित्त Stand-by Refinance		विवेकाधीन पुनर्वित्त Discretionary Refinance		कुल पुनर्वित्त Total Refinance	
	सीमा Limit	बकाया Outstanding	सीमा Limit	बकाया Outstanding	सीमा Limit*	बकाया Outstanding	सीमा Limit	बकाया Outstanding	सीमा Limit	बकाया Outstanding
	1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.
मार्च 1984 March 1984	729.8	483.1	450.7	345.4	44.0	4.0	138.0	107.0	1,362.5	939.5
जून 1984 June 1984	1,932.8	885.0	678.6	358.0	5.0	..	128.0	121.5	2,744.4	1,364.5
मार्च 1985 March 1985	1,527.3	794.2	586.4	336.0	15.0	—	55.5	20.0	2,184.2	1,150.2
जून 1985 June 1985	2,193.9@	1,106.8	639.6	372.7	—	—	—	—	2,793.5	1,479.5

@ : अनन्तिम
Provisional

ऋण-नीति

समग्र दृष्टिकोण

2.15 वर्ष 1984-85 के दौरान ऋण-नीति का महत्वपूर्ण उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि इस व्यवस्था में पहले से ही जो काफी अधिक चलनिधि बनी हुई है उसका मूल्यों की स्थिति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और इस उद्देश्य से इस नीति में प्रमुख रूप से प्रारक्षित राशि की वृद्धि को संयमित करने पर बल दिया गया। इस उद्देश्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए ऋण-नीति इस प्रकार बनायी गयी कि वह उत्पादक क्षेत्रों की ऐसी ऋण-आवश्यकताओं को पूरा कर सके जो कि ऋण के मानदण्डों और शर्तों के अनुरूप हों। ऋण-नीति के अन्य उद्देश्य थे - औद्योगिक वृद्धि में तीव्रता लाने के लिए पर्याप्त ऋण-सहायता प्रदान करना, 1984 की रबी और 1984-85 की ख़रीफ की फसल के दौरान खाद्यान्न वसूली के लिए ऋण की अपेक्षाओं को पूरा करना तथा बैंकों को प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों में निर्धारित ऋण-लक्ष्यों और उप-लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना।

2.16 आलोच्य वर्ष के दौरान, जबकि ऋण-नीति के सभी प्रमुख उपायों जैसे प्रारक्षित-निधि अनुपात, पुनर्वित्त सुविधायें, ब्याज-दरें तथा चयनात्मक ऋण नियंत्रणों का प्रयोग किया गया, फिर भी मुख्य बल सांविधिक चलनिधि अनुपात के प्रयोग पर रहा जिसे 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 36 प्रतिशत कर दिया गया। यह वृद्धि 1 सितंबर 1984 से चरणबद्ध रूप में की गयी। सांविधिक चलनिधि अनुपात एक बार फिर बढ़ाकर 36 प्रतिशत से 37 प्रतिशत कर दिया गया और यह चरणबद्ध वृद्धि 6 जुलाई 1985 तक पूरी की जानी है। यद्यपि सांविधिक चलनिधि अनुपात परंपरागत रूप से विभिन्न क्षेत्रों के बीच ऋण के पुनः आबंटन का एक माध्यम समझा जाता है, और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सरकार को दिये जानेवाले ऋण की राशि काफी अधिक होती है, सांविधिक चलनिधि अनुपात उतना ही सशक्त माध्यम है जितना कि नकदी प्रारक्षित अनुपात और इससे प्रारक्षित राशि की वृद्धि पर राजकोषीय विस्तार के प्रभाव को कम-से-कम किया जाता है।

Credit Policy

Overall Approach

2.15 The underlying objective of credit policy during 1984-85 was to ensure that the already high level of liquidity in the system did not adversely affect the price situation and to this effect the basic stance of the policy continued to be one of moderating the growth of reserve money. While ensuring the attainment of this objective, credit policy was geared to meet the credit requirements of the productive sectors consistent with the observance of credit norms and discipline. Other objectives of the credit policy were: provision of adequate credit support to facilitate acceleration of industrial growth, meeting the credit requirements for food procurement during Rabi 1984 and Kharif 1984-85, and exhorting banks to attain the stipulated credit targets and sub-targets in the priority sector.

2.16 During the year under review, while all the main instruments of credit policy such as reserve ratios, refinance facilities, interest rates and selective credit controls were used the main emphasis was, however on the use of the statutory liquidity ratio, which was raised from 35 per cent to 36 per cent, the increase being implemented in phases by September 1, 1984; the statutory liquidity ratio was once again raised from 36 per cent to 37 per cent and the phased increase is to be completed by July 6, 1985. While the SLR is traditionally considered as an instrument of reallocation of credit as between sectors, in a milieu in which Reserve Bank credit to Government is large, the SLR is an equally powerful instrument as the CRR, in minimising the impact of fiscal expansion on the growth of reserve money.

1984-85 में फिर पुनर्वित्त का माध्यम अधिक सक्रियता से प्रयोग में लाया गया जिसके द्वारा सितम्बर 1984, नवम्बर 1984 और अप्रैल 1985 में खाद्यान्न पुनर्वित्त के लिये न्यूनतम सीमा को बढ़ा दिया गया। इस न्यूनतम सीमा में और वृद्धि की घोषणायें की गयी हैं, जो चरणबद्ध रूप में अगस्त से सितम्बर 1985 के दौरान लागू की जानी हैं।

Again, in 1984-85, the instrument of refinance was used more actively raising the threshold for food refinance in September 1984, November 1984 and April 1985. Further increases in the threshold have been announced, which are to be implemented in phases during August and September 1985.

2.17 चूंकि बैंकिंग पद्धति की लाभप्रदता पर दबाव बढ़ता जा रहा है, अतः यह उचित समझा गया कि नवम्बर 1984 से खाद्यान्न-ऋण पर ब्याज की दर को बढ़ाकर रियायत की मात्रा को कम कर दिया जाये। बैंकों की लाभप्रदता को निश्चित रूप से बढ़ाने के लिये रिज़र्व बैंक के पास रखे गये नकदी-शेषों पर ब्याज की दर नवम्बर 1984 में फिर से बढ़ा दी गयी। प्रारक्षित राशि के नियंत्रण पर लगातार बल दिये जाने तथा खाद्यान्न-ऋणों पर ब्याज-दर और प्रतिभूतियों पर लाभांश-दर बढ़ाने की दृष्टि से यह आवश्यक समझा गया कि खाद्यान्न पुनर्वित्त और उद्यत सुविधाओं की पुनर्वित्त दरों को बढ़ा दिया जाये।

2.17 Since the banking system's profitability has come under increasing strain, it was deemed appropriate to increase the interest rate on food credit effective from November 1984, thereby reducing the element of concessionality; again in November 1984, essentially to shore-up bank profitability, the interest rate on cash balances held with the Reserve Bank was raised. With the continued emphasis on reserve money control, and in the context of the increase in the interest rate on food credit and the coupon rate on securities, it was deemed necessary to raise the refinance rates on the food refinance and stand-by facilities.

2.18 यह महसूस किया गया कि बैंकों को अपनी मीयादी देयताओं की परिपक्वता के ढांचे को निर्धारित करने के लिए कुछ लचीला रुख अपनाने की छूट दी जानी चाहिए और तदनुसार, प्रयोग के तौर पर, अप्रैल 1985 में बैंकों को यह अधिकार दिया गया कि वे एक साल के अन्दर परिपक्व होनेवाली अल्पकालिक जमाराशियों की दरें निर्धारित कर सकते हैं। चूंकि बैंकों को अल्पकालिक जमाराशियों की दरें निर्धारित करने की स्वतंत्रता के कारण कठिनाइयों का अनुभव करना पड़ा था, अतः रिज़र्व बैंक को सभी मीयादी जमाराशियों की विशिष्ट दरें निर्धारित करने के लिए मई 1985 में एक बार फिर हस्तक्षेप करना पड़ा। वर्ष के दौरान किये गये ऋण-नीति संबंधी उपायों का ब्यौरा आगे दिया गया हैं :

2.18 It was felt that banks should be given some flexibility in determining the maturity structure of their term liabilities and accordingly in an experimental move in April 1985, banks were permitted to determine short-term deposit rates for maturities under one year. Since the banks experienced difficulties in responding to the freedom bestowed on them to determine their own short-term deposit rates, the Reserve Bank once again intervened in May 1985 to fix specific rates for all term maturities.

Details of credit policy measures taken during the year are indicated overleaf :

सितम्बर 1984 में किये गये उपाय

2.19 सांविधिक चलनिधि अनुपात में 1 सितम्बर 1984 तक दो चरणों में 35 प्रतिशत से 36 प्रतिशत तक की एक प्रतिशत अंक तक वृद्धि किये जाने पर भी बैंकिंग प्रणाली की चलनिधि काफी अधिक बनी रही और खरीफ की उत्साहवर्धक संभावना के बावजूद, मूल्य-स्थिति पर निगरानी रखे जाने की आवश्यकता अनुभव की गई। इस वजह से तथा अगस्त 1984 के मध्य तक जमाराशियों में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, 28 सितम्बर 1984 से 100 प्रतिशत तक खाद्य ऋण के पुनर्वित्त की न्यूनतम सीमा को पहले के 3,300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये कर दिया गया। यह भी निर्णय किया गया कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के 31 अक्तूबर 1980 की स्थिति के अनुसार उनकी 10 प्रतिशत वृद्धिशील नकदी प्रारक्षित अनुपात के अन्तर्गत नकद शेषों की अदायगी एक माह के लिए स्थगित कर दी जाये और तदनुसार बराबर राशि की दो किस्तें 27 अक्तूबर 1984 और पहली दिसम्बर 1984 को जारी की गयीं।

अक्तूबर 1984 में किये गये उपाय

2.20 1984-85 के अधिक कामकाज के समय के लिए 30 अक्तूबर 1984 को ऋण-नीति संबंधी जिन उपायों की घोषणा की गयी वे इस प्रकार हैं -

(i) 30 नवम्बर 1984 से खाद्यान्न-ऋण पुनर्वित्त की न्यूनतम सीमा राशि को 4,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4,300 करोड़ रुपये कर दिया गया तथा

(ii) 30 नवम्बर 1984 से बैंकों को 1983 के मासिक औसत स्तर की तुलना में निर्यात ऋण में हुई वृद्धि के 100 प्रतिशत तक निर्यात पुनर्वित्त प्रदान किया जायेगा, जबकि इससे पहले वर्ष 1982 के मासिक औसत स्तर की तुलना में निर्यात ऋण में हुई वृद्धि के 125 प्रतिशत तक निर्यात पुनर्वित्त प्रदान किया गया था। पुनर्वित्त के इस अनुपात में जो कटौती की गयी उसका उद्देश्य पुनः सामान्य स्थिति लाना था, क्योंकि पुनर्वित्त के अनुपात को पहले वर्ष 125 प्रतिशत तक बढ़ाना एक संक्रमणकालीन उपाय था ताकि नवम्बर 1983 में द्वि-स्तरीय पुनर्वित्त फार्मूले के स्थान पर

September 1984 measures

2.19 Even after providing for the one percentage point increase in the statutory liquidity ratio from 35 per cent to 36 per cent in two phases by September 1, 1984 the liquidity of the banking system continued to be large and despite encouraging Kharif prospects, the price situation needed to be kept under watch. In this context, and having regard to the deposit growth till the middle of August 1984, with effect from September 28, 1984 the threshold for 100 per cent food credit refinance was raised from the earlier level of Rs. 3,300 crores to Rs. 4,000 crores. It was also decided to postpone the release of the scheduled commercial banks' cash balances under the 10 per cent incremental cash reserve ratio as on October 31, 1980 by one month and accordingly, the release of two equal instalments was effected on October 27, 1984 and December 1, 1984.

October 1984 measures

2.20 Credit policy measures announced on October 30, 1984 for the 1984-85 busy season were as follows : (i) The threshold for food credit refinance was raised from Rs. 4,000 crores to Rs. 4,300 crores effective November 30, 1984 and (ii) With effect from November 30, 1984 banks were to be provided with export refinance to the extent of 100 per cent of the increase in export credit over the monthly average level for 1983, as against 125 per cent of the increase in export credit over the monthly average level for 1982 provided in the previous year. The reduction in the proportion of the refinance was a restoration to a more normal situation, as the enhancement in the proportion of refinance to 125 per cent in the preceding year was a transitory measure to avoid a very sharp fall in

एक-स्तरीय फार्मूला लाये जाने से बैंकों की पुनर्वित्त सीमाओं में होनेवाली तीव्र कमी को दूर किया जा सके।

2.21 बैंकों को सूचित किया गया था कि बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1983 में सांविधिक चलनिधि अनुपात से सम्बंधित संशोधनों को लागू किया जाना है और वे स्वयं इसके लिए तैयारी करें कि वे दैनिक आधार पर सांविधिक चलनिधि अनुपात को बनाये रखें। उनसे यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपनी चलनिधि की स्थिति के सम्बन्ध में ऊपरी दिखावे से बचें।

नवम्बर 1984 में किये गये उपाय

2.22 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक के पास रखी गयी नकद शेष राशियों पर (उनकी निवल, मांग और मीयादी देयताओं की सांविधिक न्यूनतम 3 प्रतिशत शेष राशियों को छोड़कर परन्तु वृद्धिशील नकदी प्रारक्षित अनुपात के अधीन रखे गये सभी नकदी शेषों सहित) देय ब्याज दर 19 नवम्बर 1984 से 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत वार्षिक कर दी गयी।

2.23 भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थित मूल्यों पर खाद्यान्नों की वसूली के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये गये अग्रिमों पर ब्याज दर पहली अक्तूबर 1984 से 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 14.0 प्रतिशत कर दी गयी है।

मार्च 1985 में किये गये उपाय

2.24 8 मार्च 1985 को यह घोषणा की गयी कि 5 अप्रैल 1985 से 100 प्रतिशत खाद्यान्न ऋण पुनर्वित्त की न्यूनतम राशि को 4,300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4,600 करोड़ रुपये कर दिया जायेगा। 16 मार्च 1985 को रिज़र्व बैंक द्वारा निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण नीतिगत उपायों की घोषणा की गयी -

(i) **सांविधिक चलनिधि अनुपात में वृद्धि :** सातवीं योजना में महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र के निवेशों के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता

refinance limits of banks when the two tier refinance formula was substituted by a single-tier formula in November 1983.

2.21 Banks were advised that the amendments relating to the SLR in the Banking Laws (Amendment) Act, 1983 were to be put into force and that they should prepare themselves for the effective maintenance of SLR on a daily basis. They were also urged to eschew from window-dressing of their liquidity position.

November 1984 measures

2.22 The rate of interest payable on cash balances maintained with the Reserve Bank by scheduled commercial banks (excluding the statutory minimum balance of 3 per cent of their net demand and time liabilities but including all the cash balances maintained under the incremental cash reserve ratio) was raised from 9 per cent to 10 per cent per annum, effective November 16, 1984.

2.23 The rate of interest charged on advances by scheduled commercial banks for procurement of foodgrains at support prices fixed by the Government of India, was raised from 12.5 per cent to 14.0 per cent per annum with effect from October 1, 1984.

March 1985 measures

2.24 On March 8, 1985, it was announced that the threshold for 100 per cent food credit refinance would be raised from Rs. 4,300 crores to Rs. 4,600 crores effective April 5, 1985. On March 16, 1985 the following two important policy measures were announced by the Reserve Bank :

(i) *Increase in the Statutory Liquidity Ratio :* In recognition of the need to pro-

स्वीकार करते हुए बैंकों को यह अग्रिम सूचना देना उपयोगी माना गया कि 1985-86 की प्रथम छमाही में इस प्रयोजन के लिए प्रावधान करना आवश्यक होगा। तदनुसार सांविधिक चलनिधि अनुपात दो चरणों में 36 प्रतिशत से बढ़ाकर 37 प्रतिशत अर्थात् 8 जून 1985 से 36.5 प्रतिशत और 6 जुलाई 1985 से 37 प्रतिशत कर दिया गया।

अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंक Other Scheduled Commercial Banks	106 (67)	27 (14)	133 (81)	84 (28)	10 (4)	94 (32)	4,456	4,550	34	34
विदेशी बैंक Foreign Banks	1 (—)	— (—)	1 (—)	1 (—)	— (—)	1 (—)	134	135	20×	21×
समस्त अनुसूचित वाणिज्य बैंक All Scheduled Commercial Banks	2,044 (1,748)	1,207 (979)	3,251 (2,727)	2,781 (2,085)	820 (723)	3,601 (2,808)	45,295	48,896	244	260
गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंक Non Scheduled Commercial Banks	2 (2)	— (—)	2 (2)	— (—)	-1 (—)	-1 (—)	37	36	4	3
समस्त वाणिज्य बैंक All Commercial Banks	**2,046 (1,750)**	**1,207 (979)**	**3,253 (2,729)**	**2,781 (2,085)**	**819 (723)**	**3,600 (2,808)**	**45,332**	**48,932**	**248**	**263**

* : फरवरी 1985 के अंत तक की जानकारी
Information upto end-February 1985.

@ : बंद किये गये कार्यालयों के लिए समायोजन करने के बाद
After adjustment for offices closed.

× : शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के अंतर्गत रहनेवाले 2 बैंकों को मिलाकर
Includes 2 banks under the Custodian of Enemy Property

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े बैंक-सुविधा रहित उन केन्द्रों के आंकड़े हैं जहाँ कार्यालय खोले गये ।
Note : Figures in brackets are number of unbanked centres at which offices were opened.

स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक
Source : Department of Banking Operations and Development, RBI.

बैंक-सुविधा रहित खंड-मुख्यालय

2.110 देश के बैंक सुविधा रहित खंड मुख्यालयों के रूप में पता लगाये गये 675 केन्द्रों में से 618 केन्द्रों को वाणिज्य बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं के अंतर्गत लाया गया। शेष केन्द्रों में से, 49 केन्द्रों के संदर्भ में लाइसेंस बैंकों के पास अनिर्णीत पड़े थे। शेष 8 बैंक-सुविधा रहित खंड मुख्यालयों में, जिनमें से सभी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित हैं, कार्यालय खोलने के प्रश्न पर संबंधित बैंक/राज्य सरकारों के साथ कार्रवाई की जा रही है।

बैंकों का लाइसेंसीकरण

2.111 आलोच्य अवधि (अर्थात् जुलाई 1984 से अप्रैल 1985 तक) के दौरान बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन निम्नलिखित दो बैंकों को भारत में बैंकिंग कारोबार प्रारंभ करने के लिए लाइसेंस प्रदान किये गये, अर्थात् (1) बैंक ऑफ बेहरीन एण्ड कुवैत बी. एस. सी., बेहरीन और (2) सोसाइटी जनरेल पैरिस (फ्रांस)। अब लाइसेंसीकृत वाणिज्य बैंकों की (नैशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान सहित, जो शत्रु परिसंपत्ति के परिरक्षक के अधीन है) कुल संख्या 53 है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों को, जिनकी संख्या 28 है, भारत में बैंकिंग कारोबार चलाने के लिए लाइसेंस की जरुरत नहीं होती। 30 अप्रैल 1985 को बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन लाइसेंस के बिना कार्य करनेवाले निजी क्षेत्र (अनुसूचित और गैर-अनुसूचित) बैंकों की संख्या 7 पर (एक विदेशी अनुसूचित बैंक अर्थात् हबीब बैंक लिमिटेड सहित, जो शत्रु परिसंपत्ति के परिरक्षक के अधीन है) अपरिवर्तित रही।

2.112 ओमान अरब अफ्रीकन बैंक, और बैंक ऑफ बेहरीन एण्ड कुवैत बी. एस. सी. बेहरीन ने, जिन्हें बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन क्रमशः सितंबर 1983 और जुलाई 1984 को लाइसेंस प्रदान किये गये थे, अबतक भारत में अपना बैंकिंग कारोबार प्रारंभ नहीं किया है। सोसाइटी जनरेल, पैरिस (फ्रांस) ने, जिसे सितंबर 1984 में

Unbanked Block Headquarters

2.110 Of the 675 centres identified as unbanked block head quarters in the country, 618 were covered by branches of commercial banks/RRBs. Of the remaining centres, licences in respect of 49 were pending with the banks. The question of opening of offices at the remaining 8 unbanked block head quarters, all of which are in the North-Eastern region, is being pursued with the concerned banks/State Governments.

Licensing of banks

2.111 During the period under review (i.e., July 1984 to April 1985), licences under Section 22 of the B. R. Act, 1949 were granted to two banks viz. (1) Bank of Bahrain and Kuwait B.S.C., Bahrain and (2) Societe Generale Paris (France) for commencing banking business in India. The total number of licensed commercial banks (including National Bank of Pakistan, which is under the Custodian of the Enemy Property) now stands at 53. The public sector banks numbering 28 do not require a licence to carry on banking business in India. As on April 30, 1985, the number of commercial banks in the private sector (scheduled and non-scheduled) functioning without a licence under Section 22 of the B. R. Act, 1949, remains unchanged at 7 (including a foreign scheduled bank, viz., Habib Bank Ltd., which is under the Custodian of the Enemy Property).

2.112 The Oman Arab African Bank (S. A. O.) and the Bank of Bahrain and Kuwait B. S. C., Bahrain, which were granted licences under Section 22 of the B. R. Act, 1949 in September 1983 and July 1984, respectively, have not so far commenced their banking business in India. The Societe Generale, Paris

सारणी - 2.16 : वाणिज्य बैंक कार्यालयों का जनसंख्या समूहवार वितरण
TABLE - 2.16 : POPULATION GROUP-WISE DISTRIBUTION OF COMMERCIAL BANK OFFICES

(निम्नलिखित महीने के अंत में)
(As at the end of)

जनसंख्या समूह Population Group	जून 1981 June 1981	जोड़ में प्रतिशत % to total	जून 1982 June 1982	जोड़ में प्रतिशत % to total	जून 1983 June 1983	जोड़ में प्रतिशत % to total	जून 1984 June 1984	जोड़ में प्रतिशत % to total	जून 1985* June 1985*	जोड़ में प्रतिशत % to total
	1.	2	3	4	5	6	7	8	9	10
ग्रामीण Rural	17,650	49.4	20,394	52.1	22,678	53.9	25,372	56.0	28,116	57.5
अर्ध शहरी Semi urban	8,426	23.6	8,764	22.4	9,036	21.5	9,262	20.4	9,529	19.5
शहरी Urban	5,126	14.4	5,359	13.7	5,577	13.2	5,769	12.7	6,132	12.5
महानगरीय/पत्तन शहर Metropolitan/Port-town	4,505	12.6	4,660	11.8	4,788	11.4	4,929	10.9	5,155	10.5
जोड़ Total	**35,707**	**100.0**	**39,177**	**100.0**	**42,079**	**100.0**	**45,332**	**100.0**	**48,932**	**100.0**

* : 28 फरवरी 1985 की स्थिति
Position as on February 28, 1985

टिप्पणी : ग्रामीण केन्द्र - 10,000 तक की जनसंख्या वाले स्थान
Note : Rural centres - Places with population upto 10,000.

अर्ध शहरी केन्द्र - 10,000 से अधिक और 1,00,000 तक की जनसंख्यावाले स्थान
Semi-urban centres - Places with population over 10,000 and upto 1,00,000.

शहरी केन्द्र - 1,00,000 से अधिक और 10,00,000 तक की जनसंख्यावाले स्थान
Urban centres - Places with Population over 1,00,000 and upto 10,00,000.

महा नगरीय केन्द्र - 10,00,000 से अधिक जनसंख्यावाले स्थान। यह वर्गीकरण 1971 की जनगणना पर आधारित है।
Metropolitan centres - Places with population over 10,00,000. The classification is based on 1971 Census.

स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक
Source : Department of Banking Operations and Development, Reserve Bank of India.

लाइसेंस प्रदान किया गया और 21 मार्च 1985 को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल कर लिया गया, 25 फरवरी 1985 से भारत में अपना बैंकिंग कारोबार प्रारंभ किया है। दो पाकिस्तानी बैंकों अर्थात् नैशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान और हबीब बैंक लिमिटेड (जो शत्रु परिसंपत्ति के परिरक्षक के अधीन हैं) को मिलाकर परंतु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल संख्या 30 जून 1985 को 83 थी। दि चार्टड बैंक नामक एक कार्यरत विदेशी वाणिज्य बैंक का नाम 1 जनवरी 1985 से बदलकर स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक कर दिया गया है। समीक्षाधीन अवधि अर्थात् 30 जून 1985 के बाद ओमान अरब अफ्रीकन बैंक (एस. ए. ओ.) और अमीरात्स कमर्शियल बैंक लिमिटेड के नाम बदल कर क्रमशः 4 जुलाई 1985 से ओमान इंटरनैशनल बैंक और 1 जुलाई 1985 से अबूधाबी कमर्शियल बैंक लिमिटेड कर दिये गये हैं।

समामेलन

2.113 भारत सरकार ने बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 45 के अंतर्गत 52 बैंकों के संदर्भ में समामेलन की योजनाएं मंजूर की थीं।* संबंधित योजनाओं में किये गये प्रावधान के अनुसार 33 बैंकों की आस्तियों के अंतिम मूल्यांकन का कार्य अप्रैल 1983 से पहले पूरा किया गया था। आलोच्य अवधि के दौरान जाँच रिपोर्टों के आधार पर 13 बैंकों की आस्तियों के अंतिम मूल्यांकन से संबंधित मामले पर संबंधित हस्तांतरी बैंक के साथ कार्रवाई की गयी। एक बैंक के संदर्भ में हस्तांतरी बैंक से अंतिम मूल्यांकन विवरण अब तक प्राप्त नहीं हुआ है और उसके साथ लिखा-पढ़ी की जा रही है, जबकि 2 बैंकों के संदर्भ में भारत सरकार ने अंतिम मूल्यांकन के लिए समयावधि

* ब्योरों के लिए कृपया पिछली रिपोर्ट का पैरा 2.175 देखें।

(France), which was granted a licence in September 1984 and included in the Second Schedule to the RBI Act 1934, on March 21, 1985, had commenced it banking business in India with effect from February 25, 1985. The total number of scheduled commercial banks including two Pakistani banks, viz., National Bank of Pakistan and Habib Bank Ltd., (which are under the Custodian of Enemy Property) but excluding Regional Rural Banks, stood at 83 on June 30, 1985. The name of the Chartered Bank, an existing foreign commercial bank, had been changed to Standard Chartered Bank with effect from January 1, 1985. Subsequent to the period of review i.e., June 30, 1985, the names of the Oman Arab African Bank (S. A. O.) and Emirates Commercial Bank Ltd., were changed to Oman International Bank on July 4, 1985 and Abu Dhabi Commercial Bank Ltd., on July 1, 1985, respectively.

Amalgamation

2.113 The Government of India had sanctioned schemes of amalgamation under Section 45 of the B. R. Act, 1949, in respect of 52 banks.* The final valuation of the assets of 33 banks as provided in the relative schemes was completed prior to April 1983. During the period under review, the matter with regard to the final valuation of the assets of 13 banks on the basis of scrutiny reports was pursued with the concerned transferee banks. The final valuation statement in respect of one bank had not been received so far from the transferee bank and the matter was being pursued with it

*For details, please see para 2.175 of the previous Report.

बढ़ा दी। हाल ही में निम्नलिखित तीन बैंकों अर्थात् बैंक ऑफ कोचीन लिमिटेड, लक्ष्मी कमर्शियल बैंक लिमिटेड और मिरज स्टेट बैंक को समामेलन की योजना के अधीन लाया गया है।

परिसमापन

2.114 आलोच्य अवधि के दौरान, 5 बैंकों का परिसमापन किया गया। 30 जून 1985 को परिसमापन के अधीन आनेवाले बैंकों की संख्या 144 थी। इन बैंकों के संदर्भ में परिसमापन की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने से संबंधित मामले पर आधिकारिक/न्यायालयीन परिसमापकों के साथ कार्रवाई की जा रही है।

विदेशों में शाखा विस्तार

2.115 भारतीय स्टेट बैंक ने 5 सितंबर 1984 को जापान में ओसाका में एक शाखा खोली, जबकि उसने 12 अक्तूबर 1984 को नोटिंघम (ब्रिटेन) स्थित अपनी शाखा बंद कर दी। इस प्रकार तेरह भारतीय बैंकों की विदेश स्थित शाखाओं की कुल संख्या 30 जून 1985 को 141 पर अपरिवर्तित रही। बैंक ऑफ बड़ौदा ने हरारे (जिम्बाब्वे) में 14 सितंबर 1984 को एक शाखा कार्यालय खोला था, जबकि भारतीय स्टेट बैंक ने फ्रेंकफर्ट (पश्चिम जर्मनी) स्थित अपने प्रतिनिधि कार्यालय के कार्यों को उसी स्थान पर कार्यरत अपनी शाखा के कार्यों के साथ समामेलित कर दिया। इंडियन बैंक द्वारा जकार्ता (इंडोनेशिया) में 7 मई 1984 को खोले गये प्रतिनिधि कार्यालय को जोड़ लेने पर भारतीय बैंकों के विदेश स्थित प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या 30 जून 1985 को 12 हो गयी।

बैंकिंग सहायक कंपनियाँ/जमा प्राप्तकर्ता कंपनियाँ

2.116 केनरा बैंक, सिंडिकेट बैंक और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से हांगकांग में 17 दिसंबर 1984 को इंडो-हांगकांग इंटरनैशनल फाइनान्स लिमिटेड नामक एक जमा-प्राप्तकर्ता कंपनी स्थापित

while in regard to 2 banks, extension of time for the final valuation had been granted by the Government of India. Recently 3 more banks have been brought under the scheme of amalgamation viz. Bank of Cochin Ltd., Lakshmi Commercial Bank Ltd. and Miraj State Bank Ltd.

Liquidation

2.114 During the period under review, 5 banks were dissolved. As on June 30, 1985, the number of banks under liquidation was 144. The matter with regard to the early completion of the liquidation proceedings in respect of these banks was being pursued with the Official/Court Liquidators.

Overseas Branch Expansion

2.115 State Bank of India opened a branch at Osaka in Japan on September 5,1984, while its Nottingham (U.K.) branch was closed down on October 12, 1984. Thus, the total number of overseas branches of the thirteen Indian banks remained unchanged at 141 as on June 30, 1985. Bank of Baroda opened a representative office at Harare (Zimbabwe) on September 4, 1984, while State Bank of India merged the functions of its representative office at Frankfurt (West Germany) with those of its branch at the same place. Taking into account the representative office opened by Indian Bank at Jakarta (Indonesia) on May 7, 1984, the number of representative offices of Indian banks abroad stood at 12 as on June 30, 1985.

Banking subsidiaries/Deposit-taking companies

2.116 Canara Bank, Syndicate Bank and Central Bank of India have jointly set up a deposit-taking company in Hongkong styled Indo-Hongkong International Finance Ltd., on December 17, 1984, tak-

की है जिससे भारतीय बैंकों द्वारा विदेशों में स्थापित जमा-प्राप्तकर्ता कंपनियों की संख्या बढ़कर 3 हो गयी और वे सभी हांगकांग में स्थित हैं। तथापि पूर्णत: स्वाधिकृत सहायक कंपनियों की संख्या 2 ही थी अर्थात् उनमें से एक भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफोर्निया) लिमिटेड लॉस एंजेलिस (अमेरिका) में थी और दूसरी भारतीय स्टेट बैंक (कनाडा) लिमिटेड टोरांटो (कनाडा) में स्थित थी जिसकी एक शाखा वेंकूवर (कनाडा) में कार्यरत थी।

ing the total number of overseas deposit-taking companies set up by Indian banks to 3, all in Hongkong. The number of wholly-owned subsidiaries, however, remained at 2 viz., State Bank of India (California) Ltd., at Los Angeles (U.S.A.) and State Bank of India (Canada) Ltd., at Toronto (Canada), which has a branch at Vancouver (Canada).

विनिमय कंपनियों और बैंकों के साथ प्रबंध सेवा करार

2.117 भारतीय स्टेट बैंक को जून 1984 में बेहरीन की एक विनिमय कंपनी अर्थात् बेहरीन एक्सचेंज सेंटर के साथ प्रबंध सेवा करार निष्पादित करने की अनुमति दी गयी। चूंकि विनिमय कंपनी को कतिपय औपचारिकताएँ पूरी करनी थीं, अत: बैंक ने अब तक किसी प्रबंध सेवा का अभिग्रहण नहीं किया है। इस प्रकार, मिडिल ईस्ट में विनिमय कंपनियों की संख्या, जिनका प्रबंधन भारतीय बैंकों द्वारा किया जा रहा है, 30 जून 1985 को 11 थी, इनमें भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कुवैत में प्रबंधित एक विनिमय कंपनी भी शामिल है, जिसमें 45 प्रतिशत ईक्विटी सहभागिता है।

Management services contracts with exchange companies and banks

2.117 State Bank of India was permitted in June 1984 to enter into a Management Services Agreement with the Bahrain Exchange Centre, an exchange company in Bahrain. The bank had not so far taken over the management services as the exchange company was yet to complete certain formalities. Thus, the number of exchange companies in the Middle East which were being managed by Indian banks stood at 11 as on June 30, 1985, including one exchange company in Kuwait managed by S.B.I. with 45 per cent equity participation.

भारत में विदेशी बैंक

2.118 जून 1984 के अंत में भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या क्रमश: 133 और 14 थी। आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक नैशनल डि पैरिस (फ्रान्स) ने कलकत्ता स्थित अपनी शाखाओं में से एक शाखा को बंद कर दिया और एक अगस्त 1984 को नयी दिल्ली स्थित अपने प्रतिनिधि कार्यालय का दर्जा बढ़ाकर उसे शाखा कार्यालय में परिवर्तित कर दिया। दो फ्रेंच बैंकों, अर्थात् बैंक पैरिबस और क्रेडिट कमर्शियल डि पैरिस, ने नयी दिल्ली और बम्बई में जहाँ क्रमश: 4 फरवरी 1985 और 18 मार्च 1985 को अपने प्रतिनिधि कार्यालय खोले वहाँ बैंक मॉट्रियल ने 1 नवम्बर 1984 को नयी दिल्ली स्थित अपने प्रतिनिधि कार्यालय को बंद कर दिया। सोसाइटी जनरेल (फ्रान्स) ने नयी दिल्ली स्थित

Overseas banks in India

2.118 As at the end of June 1984, the number of branches and representative offices of foreign banks in India stood at 133 and 14, respectively. During the year Banque Nationale de Paris (France) closed down one of its branches at Calcutta and upgraded its representative office in New Delhi into a branch on August 1, 1984. While two French banks viz., Banque Paribas and Credit Commercial de Paris opened their representative offices at New Delhi and Bombay on February 4, 1985 and March 18, 1985, respectively. Bank Montreal (Canada) closed down its representative office in New Delhi on November 1, 1984. Societe

अपने प्रतिनिधि कार्यालय को 31 मार्च 1985 को बंद कर दिया और बंबई में 25 फरवरी 1985 को एक शाखा खोली। इस प्रकार भारत में विदेशी बैंकों की शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या 30 जून 1985 को क्रमश: 134 और 13 थी।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्य परिणाम - 1983

2.119 वर्ष 1983 के लिए 78 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (सरकारी क्षेत्र के 28 बैंक, 16 विदेशी बैंक और 34 अन्य भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंक) के कार्य-परिणामों से संबंधित आंकड़े सारणी 2.17 में दिये गये हैं। ये आंकड़े बैंकों द्वारा प्रकाशित लाभ और हानि लेखों पर आधारित हैं। विभिन्न बैंकों द्वारा अलग-अलग प्रकार की लेखा-प्रणाली अपनायी जाने के कारण समस्त बैंकों के लिए इन आंकड़ों के समेकन का कार्य पहले की तरह कठिन ही बना रहा। अधिकांश बैंक जहाँ प्रारक्षित आकस्मिकता निधियों के अधीन बोनस का प्रावधान दिखाते हैं, कुछेक बैंक उन्हें वेतन, मज़दूरी आदि से युक्त स्थापना व्यय के एक अंश के रूप में शामिल करते हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि प्रारक्षित आकस्मिकता निधियों में अन्य प्रयोजनों के लिए किये जानेवाले प्रावधान शामिल हैं और अत: अदा किये गये बोनस की वास्तविक राशि आकस्मिकता प्रारक्षित निधियों में दर्शाये गये आंकड़ों से कम ही होगी। चूंकि इस संबंध में विवरण उपलब्ध नहीं हैं, अत: शुद्ध लाभ की राशि निकालने के लिए संपूर्ण आकस्मिकता प्रारक्षित निधियों की राशि को घटा दिया गया है।

2.120 कराधान, बोनस/स्टाफ को अनुग्रह राशि की अदायगी आदि की व्यवस्था करने के बाद 78 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के सकल लाभ की राशि वर्ष 1983 में 85.3 करोड़ रुपये थी जो पिछले वर्ष के लाभ के मुकाबले 6.6 करोड़ रुपये या 8.3 प्रतिशत की वृद्धि की द्योतक थी। वर्ष 1982 में उसके पूर्ववर्ती वर्ष के मुकाबले लाभ-राशि में 14.9 करोड़ रुपये या 23.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वर्ष 1983 के दौरान लाभों की वृद्धि-दर अलग-अलग बैंक समूहों के लिए अलग-अलग थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों में

Generale (France) closed its representative office in New Delhi on March 31, 1985 and opened a branch in Bombay on February 25, 1985. Thus, the number of branches and representative offices of foreign banks in India as on June 30, 1985 stood at 134 and 13, respectively.

Working Results of Scheduled Commercial Banks - 1983

2.119 Data relating to the working results of 78 scheduled commercial banks (28 public sector banks, 16 foreign banks and 34 other Indian scheduled commerical banks) for the year 1983 are given in Table No. 2.17. These data are based on the published profit and loss accounts of banks. Consolidation of these data for all banks continues to be difficult due to the different accounting procedures adopted by banks. While most of the banks show provision for bonus under contingency reserves, a few include it as part of establishment expenses comprising salaries, wages, etc. It may be mentioned that contingency reserves also include provision for other purposes and hence the actual amount of bonus paid would be lower than the figure shown by contingency reserves. Since the details of this are not available, the entire contingency reserves have been deducted for arriving at net profit.

2.120 The aggregate profits of 78 scheduled commercial banks after providing for taxation, bonus/ex-gratia payment to staff amounted to Rs. 85.3 crores in 1983, recording an increase of Rs. 6.6 crores or 8.3 per cent over the profits of the previous year. In 1982, profits had increased by Rs. 14.9 crores or 23.4 per cent over the previous year. The rate of growth in profits during 1983 varied among different bank groups. Among

राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 1982 के 26.3 प्रतिशत के मुकाबले आलोच्य वर्ष में 2.6 प्रतिशत वृद्धि-दर दर्ज की। निजी क्षेत्र में भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की लाभ-राशि में गिरावट दर्ज हुई और वह 4.13 करोड़ रुपये से घटकर 4.11 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् उसमें पिछले वर्ष हुई 12.5 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 0.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, तथापि विदेशी बैंकों ने 15 प्रतिशत की वृद्धि-दर दर्ज की (पिछले वर्ष उक्त दर 19 प्रतिशत थी)।

2.121 वर्ष 1983 के दौरान समस्त अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल आय में 907.2 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज हुई तथा उनके कुल व्यय की राशि भी 900.6 करोड़ रुपये बढ़ गयी। ब्याज और बट्टे के रूप में, जो कि आय के पक्ष में मुख्य मदें हैं, प्राप्तियाँ 936.3 करोड़ रुपये बढ़ गयीं, जबकि जमाराशियों और उधारों पर अदा किये गये ब्याज की राशि में 622.5 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। बैंकों के स्थापना व्यय की राशि 1982 के 154.1 करोड़ रुपये से बढ़कर 1983 में 217.1 करोड़ रुपये हो गयी।

बैंकों का निरीक्षण

2.122 भारतीय रिज़र्व बैंक को सौंपी गयी शक्तियों के अनुसरण में समीक्षाधीन अवधि के दौरान पहले की तरह वाणिज्य बैंकों का निरीक्षण किया जाता रहा। इस संदर्भ में की गयी प्रगति नीचे दी गयी है।

वार्षिक मूल्यांकन और वार्षिक मूल्यांकन-व-वित्तीय निरीक्षण

2.123 समीक्षाधीन अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र के 6 बैंकों का वार्षिक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया और उसे पूरा किया गया। बैंकों के निरीक्षण से संबंधित कार्यकारी दल की सिफारिशों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप जनवरी 1985 से सरकारी क्षेत्र के बैंकों का वार्षिक मूल्यांकन निरीक्षण करना समाप्त कर दिया गया है और वार्षिक वित्तीय पुनरीक्षण करने की प्रणाली प्रारंभ कर दी गयी है और बैंकों की वार्षिक लेखा-परीक्षा पूरी होने पर प्रति वर्ष ऐसा पुनरीक्षण किया जाएगा। समीक्षाधीन अवधि के दौरान सरकारी

the public sector banks, nationalised banks recorded a growth rate of 2.6 per cent as against 26.3 per cent in 1982. In the private sector, Indian scheduled commercial banks recorded a decline of the profit from Rs. 4.13 crores to Rs. 4.11 crores, i.e. by 0.5 per cent as against an increase of 12.5 per cent in the previous year. Foreign banks, however, recorded a growth rate of 15 per cent (19 per cent in the previous year).

2.121 During 1983, the total earnings of all the scheduled commercial banks recorded an increase of Rs. 907.2 crores and total expenditure also rose by Rs. 900.6 crores. Receipts by way of interest and discount which are the major items on the income side, rose by Rs. 936.3 crores, while interest paid on deposits and borrowings went up by Rs. 622.5 crores. Establishment expenses of the banks, increased by Rs. 217.1 crores in 1983 as against Rs. 154.1 crores in 1982.

Inspection of banks

2.122 In terms of powers vested in Reserve Bank of India, inspections of commercial banks continued to be carried out during the period under review. The progress is indicated below:

Annual Appraisal and Annual Appraisal-cum-Financial Inspections

2.123 During the period under review, Annual Appraisal of 6 public sector banks was taken up and completed. Following implementation of the recommendations of the Working Group on Inspection of Banks, the annual appraisal inspection of public sector banks has been dispensed with, with effect from January 1985 and a system of Annual Financial Review has been introduced which will be conducted each year after the annual audit of banks is completed.

सारणी 2.17 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्य-परिणाम (जारी)
TABLE - 2.17 : WORKING RESULTS OF SCHEDULED COMMERCIAL BANKS (Contd.)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

वर्ष Year	स्टेट बैंक समूह (8) State Bank Group (8)				20 राष्ट्रीयकृत बैंक 20 Nationalised Banks				अन्य भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंक (34) Other Indian Scheduled Commercial Banks (34)	
	1980	1981	1982	1983	1980	1981	1982	1983	1980	1981
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
I **कुल प्राप्तियां** **Total Earnings**	**1,323.37** (31.3)	**1,704.36** (28.8)	**2,022.90** (18.7)	**2,277.57** (12.6)	**2,509.47** (25.5)	**3,123.71** (24.5)	**3,676.60** (17.7)	**4,231.74** (15.1)	**212.92** (31.0)	**266.12** (25.0)
उसमें से Of which										
ब्याज और बट्टा Interest and Discount	1,118.10 (32.8)	1,464.44 (31.0)	1,748.88 (19.4)	1,995.56 (14.1)	2,296.27 (26.7)	2,877.69 (25.3)	3,339.04 (16.0)	3,941.58 (18.0)	191.88 (32.9)	241.58 (25.9)
II **कुल व्यय** Total Expenditure	**1,310.21** (31.4)	**1,688.04** (28.8)	**2002.58** (18.6)	**2,254.19** (12.6)	**2,482.95** (25.6)	**3,094.17** (24.6)	**3,639.30** (17.6)	**4,193.47** (15.2)	**210.13** (31.4)	**262.45** (24.9)
उसमें से Of which										
(क) जमाराशियों; उधारों आदि पर अदा किया गया ब्याज (a) Interest paid on Deposits, Borrowings, etc.	842.16 (35.3)	1133.43 (34.6)	1,369.15 (20.8)	1514.51 (10.6)	1673.17 (28.4)	2121.02 (26.8)	2467.24 (16.3)	2877.74 (16.6)	123.59 (32.8)	153.78 (24.4)
(ख) कर्मचारियों को अदा किये गये वेतन, भत्ते, भविष्य निधि और बोनस/अनुग्रह की राशि (b) Salaries, Allowances, Provident Fund and Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	347.43 (21.6)	403.18 (16.0)	452.11 (12.1)	522.61 (15.6)	586.47 (20.7)	695.91 (18.7)	786.10 (13.0)	915.68 (16.5)	59.28 (28.9)	73.43 (23.9)
III कराधान और कर्मचारियों को अदा किये जानेवाले बोनस/अनुग्रह राशि के लिए प्रावधान करने के बाद लाभ-राशि Profit after provision for taxation and Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	**13.16** (18.1)	**16.32** (24.0)	**20.32** (24.5)	**23.38** (15.1)	**26.52** (16.7)	**29.54** (11.4)	**37.30** (26.3)	**38.27** (2.6)	**2.79** (9.0)	**3.67** (31.5)

सारणी 2.17 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्य-परिणाम (समाप्त)
TABLE - 2.17 : WORKING RESULTS OF SCHEDULED COMMERCIAL BANKS (Concld.)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

			विदेशी बैंक Foreign Banks (16)				जोड़ Total (78)			
	1982	1983	1980	1981	1982	1983	1980	1981	1982	1983
	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
I कुल प्राप्तियां	**312.17**	**372.00**	**183.11**	**228.77**	**261.93**	**299.44**	**4,221.66**	**5,322.96**	**6,273.60**	**7,180.75**
Total Earnings	(17.3)	(19.2)	(12.1)	(24.9)	(14.5)	(14.3)	(26.7)	(26.1)	(17.9)	(14.5)
उसमें से Of which										
ब्याज और बट्टा	282.46	338.28	146.00	183.25	212.44	243.74	3,745.99	4,766.96	5,582.82	6,519.11
Interest and Discount	(16.9)	(19.8)	(13.5)	(25.5)	(15.9)	(14.7)	(28.0)	(27.3)	(17.1)	(16.8)
II कुल व्यय	**308.04**	**367.89**	**174.15**	**214.48**	**244.92**	**279.86**	**4,170.38**	**5,258.94**	**6,194.84**	**7,095.41**
Total Expenditure	(17.4)	(19.4)	(12.0)	(23.2)	(14.2)	(14.3)	(26.8)	(26.1)	(17.8)	(14.5)
उसमें से Of which										
(क) जमाराशियों, उधारों आदि पर अदा किया गया ब्याज (a) Interest paid on Deposits, Borrowings, etc.	181.93	220.54	77.94	87.02	102.51	130.53	2,712.53	3,495.25	4,120.83	4,743.32
	(18.3)	(21.2)	(10.0)	(11.7)	(17.8)	(27.3)	(29.8)	(28.9)	(17.9)	(15.1)
(ख) कर्मचारियों को अदा किये गये वेतन, भत्ते, भविष्य निधि और बोनस/अनुग्रह की राशि (b) Salaries, Allowancesm, Provident Fund and Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	85.42	100.07	35.08	40.49	43.51	45.83	1,026.51	1,213.01	1,367.14	1,584.19
	(16.3)	(17.1)	(7.2)	(15.4)	(7.5)	(5.3)	(20.7)	(18.2)	(12.8)	(15.9)
III कराधान और कर्मचारियों को अदा किये जानेवाले बोनस/अनुग्रह राशि के लिए प्रावधान करने के बाद लाभ-राशि Profit after provision for taxation and Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	**4.13**	**4.11**	**8.96**	**14.29**	**17.01**	**19.57**	**51.28**	**63.82**	**78.76**	**85.33**
	(12.5)	(- 0.5)	(14.8)	(59.5)	(19.0)	(15.0)	(16.0)	(24.5)	(23.4)	(8.3)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आँकड़े पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ को दर्शाते हैं ।

Note : Figures in brackets indicate percentage variation over the previous year.

क्षेत्र के एक बैंक का वार्षिक वित्तीय पुनरीक्षण का कार्य शुरू किया गया और पूरा किया गया।

वित्तीय निरीक्षण

2.124 सरकारी क्षेत्र के 3 बैंकों का वार्षिक मूल्यांकन एवं वित्तीय निरीक्षण भी किया गया। इसके अलावा समीक्षाधीन अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र के 9 बैंकों, निजी क्षेत्र के 20 बैंकों और 9 विदेशी बैंकों का वित्तीय निरीक्षण कार्य प्रारंभ किया गया, जिनमें से सरकारी क्षेत्र के 2 बैंकों, निजी क्षेत्र के 18 बैंकों और समस्त विदेशी बैंकों का निरीक्षण कार्य पूरा किया गया। भारत सरकार के कहने पर स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम का निरीक्षण भी शुरू कर के पूरा किया गया।

2.125 इन निरीक्षणों के अलावा बैंकों/उनके कर्मचारियों के खिलाफ विभिन्न शिकायतों/धोखाधड़ियों और आरोपों की जांच के बारे में संवीक्षा की गयी।

बैंकों के निरीक्षण से संबंधित कार्यकारी दल की रिपोर्ट

2.126 बैंकों के निरीक्षण से संबंधित कार्यकारी दल की रिपोर्ट की अधिकांश सिफारिशें, कुछ मामलों में उचित संशोधनों के साथ, स्वीकार कर ली गयीं तथा रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों, वाणिज्य बैंकों और नाबार्ड को उनके समय पर कार्यान्वयन के वास्ते आवश्यक अनुदेश/मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी कर दिये गये हैं।

भारतीय बैंकों के विदेशी परिचालन का नियंत्रण और पर्यवेक्षण

2.127 भारतीय बैंकों की विदेश स्थित शाखाओं पर प्रधान कार्यालय का पर्यवेक्षण और नियंत्रण मजबूत करने के उद्देश्य से अगस्त 1984 में एक कार्यकारी दल गठित किया गया था जिसमें रिज़र्व बैंक, भारत सरकार तथा सरकारी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस दल का काम परिचालन और नियंत्रण प्रणाली के संबंध में उपयुक्त मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाना था।

During the period under review, the Annual Financial Review of one public sector bank was taken up and completed.

Financial Inspections

2.124 The annual appraisal-cum-financial inspections of 3 public sector banks were also carried out. In addition to this, financial inspections of 9 public sector banks, 20 private sector banks and 9 foreign banks were taken up of which inspections of 2 public sector banks, 18 private sector banks and all foreign banks were completed during the period. As advised by the Government of India, the inspection of State Bank of Sikkim was also taken up and completed.

2.125 In addition to these inspections, number of scrutinies regarding investigations into various complaints/frauds and allegations against banks/their employees were also carried out.

Working Group Report on Inspection of Banks

2.126 Majority of recommendations of the Working Group Report on Inspection of Banks were accepted with suitable modifications in some cases and necessary instructions/guidelines have been issued to Regional Offices of RBI, commercial banks and NABARD for their timely implementation.

Control and Supervision of Overseas Operations of Indian Banks

2.127 In order to strengthen the Head Office supervision and control over the overseas branches of Indian banks, a Working Group comprising representatives of Reserve Bank, Government of India and major public sector banks was set up in August 1984 to frame suitable guidelines on operating and control systems in this regard.

बैंकों में धोखाधड़ी

2.128 कतिपय क्षेत्रों में धोखाधड़ी को रोकने के लिए तथा परिचालनगत पहलुओं में पायी गयी कमियों को दूर करने के लिए बैंकों द्वारा किये गये सुधारात्मक उपायों पर निगरानी रखने के बारे में रिज़र्व बैंक समय-समय पर बैंकों को मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी करता आ रहा है। पहली जुलाई 1984 से 31 मार्च 1985 तक की अवधि के दौरान रिज़र्व बैंक के विशेष जांच कक्ष/क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा बैंकों के 46 कार्यालयों में 34 धोखाधड़ियों/शिकायतों की जांच की गयी। इन जांचों के निष्कर्षों को सुधारात्मक कार्रवाई तथा स्टाफ की दृष्टि से मामलों की छानबीन करने के लिए, संबंधित बैंकों को सूचित कर दिया गया है। जहां कहीं आवश्यक था वहाँ इस छानबीन के परिणामों को सरकार के ध्यान में भी लाया गया। साथ ही, शेष अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में उक्त कक्ष ने निम्नलिखित मुद्दों पर बैंकों को अनुदेश/मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये :

(i) कुछ वर्गों के ऋणकर्ताओं के खातों में पायी गयी अनियमितताएँ/धोखाधड़ियाँ, (ii) बैंको द्वारा जाली आपूर्ति बिलों/हुंडियों की भुनाई, (iii) बैंकों के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारियों द्वारा अपने ग्राहकों से आतिथ्य स्वीकारना, (iv) अनियमितताओं तथा बड़ी समस्यावाले अग्रिमों के कारगर नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण में बैंकों के कायपालक निदेशकों/अध्यक्षों की भूमिका, (v) बैंकों द्वारा बिलों को सम्मिलित रूप से स्वीकार करना, (vi) बड़े अग्रिमों की समीक्षा (vii) साख पत्र खोलना और (viii) तीसरी पार्टी की गारंटी/मार्जिन को स्वीकार करना।

रुग्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों की पुनस्थापना से संबंधित समिति

2.129 तिवारी समिति द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट, जिसका उल्लेख पिछली रिपोर्टों में किया गया था, का अनुशीलन किया गया। समिति की सिफारिशों को कुछ संशोधनों के साथ रिज़र्व बैंक ने स्वीकार कर लिया है। अन्य सिफारिशों के बारे में अनुवर्ती कार्रवाई शुरू की जा चुकी है।

Frauds in banks

2.128 From time to time, the Reserve Bank has been issuing to banks guidelines for prevention of frauds in certain areas and monitoring the remedial measures taken by banks for setting right the deficiencies revealed in operational aspects. During the period July 1, 1984 to June 30, 1985, investigations of 34 frauds/complaints at 46 offices of the banks were carried out by the Special Investigation Cell/Regional Offices of RBI. The findings have been communicated to the concerned banks for corrective action and examination of the cases from staff angle. The outcome of the scrutinies was also brought to the notice of Government, wherever necessary. Further, as a sequel to the follow-up action, instructions/guidelines were issued by the Cell to banks on the following issues : (i) Irregularities/frauds observed in the accounts of certain groups of borrowers; (ii) Discounting of fictitious supply bills/hundies by banks; (iii) Acceptance of hospitality by the senior executives of banks from their clients; (iv) Role of the Executive Directors/Chairmen of banks for effective supervision and monitoring of irregular and large problem advances; (v) Co-acceptance of bills by banks; (vi) Review of large advances; (vii) Opening of letters of credit; and (viii) Acceptance of third party guarantee margin.

Committee on Rehabilitation of Sick Industrial Undertakings

2.129 The report submitted by the Tiwari Committee, to which a reference was made in the previous Reports, was processed. The Committee's recommendation with a few modifications have been accepted by the Bank. Follow-up action in regard to the recommendations

भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक की स्थापना

2.130 भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक की स्थापना से संबंधित अधिनियम संसद द्वारा पारित कर दिया गया तथा सितंबर 1984 में उसे राष्ट्रपति की सहमति मिल गयी। औद्योगिक पुनरुत्थान के लिए भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक प्रमुख ऋण और पुनर्गठन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा तथा ऐसे कामों में लगी हुई अन्य संस्थाओं के काम का समन्वय करेगा। भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक की स्थापना 20 मार्च 1985 को हुई तथा इसके परिणामस्वरूप पहले के भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम का काम उस तारीख से भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक को अंतरित और उसे सौंपा हुआ माना जाएगा।

निर्देश संबंधी समिति

2.131 रिज़र्व बैंक में 1975 से कार्यरत निर्देश संबंधी समिति ने, जो जुलाई 1983 में पुनर्गठित की गयी थी, पांच उप-समितियों का गठन किया है*। रसायन उद्योग को अपेक्षाकृत छोटे और स्पष्ट रूप से पहचाने जानेयोग्य भागों में बाँटकर उक्त उद्योग के लिए मानदंडों की समीक्षा करने/उन्हें निर्धारित करने के लिए एक अन्य उप-समिति गठित की गयी है। जैसा कि पिछली रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, वस्त्र-उद्योग संबंधी उप-समिति की सिफारिशों को रिज़र्व बैंक ने स्वीकार कर लिया तथा बैंकों को संशोधित मानदंडों का कार्यान्वयन करने के बारे में जून 1984 में सूचित किया गया। उस समय जूट उद्योग से संबंधित मानदंडों में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं समझी गयी थी, परंतु जैसा कि पहले कहा जा चुका है, दिसंबर 1984 में यह निर्णय किया गया कि उद्योग के निर्माणाधीन स्टाक के लिए मानदंड को संशोधित किया जाए और तदनुसार बैंकों को सूचित किया गया। बिजली उद्योग समूह संबंधी उप-समिति की सिफारिशों की जांच की गयी; परन्तु विद्यमान समग्र ऋण स्थिति के परिप्रेक्ष्य में उनके कार्यान्वयन को रोक

* ब्यौरों के लिए पिछले वर्ष की रिपोर्ट का पैरा 2.148 देखें।

is under way.

Establishment of IRBI

2.130 The Act for the establishment of the Industrial Reconstruction Bank of India (IRBI) was passed by the Parliament and received the assent of the President in September 1984. The IRBI will act as the principal credit and reconstruction agency for industrial revival and co-ordinate similar work of other institutions engaged therein. IRBI was established on March 20, 1985 and consequently the work of the erstwhile Industrial Reconstruction Corporation of India (IRCI) stands transferred to and vests in the IRBI from the said date.

Committee of Direction (COD)

2.131 The Committee of Direction functioning in the Reserve Bank since 1975, which was reconstituted in July 1983, has set up five sub-committees*. Another sub-committee has been set up to review/lay down norms for the chemical industry after disaggregating the industry into smaller and clearly identifiable segments. As mentioned in the previous Report, the recommendations of the sub-committee on textile industry were accepted by the Reserve Bank and banks were advised in June 1984 to implement the revised norms. It was then felt not necessary to effect any change in norms pertaining to the jute industry. However, as stated earlier, it was decided in December 1984 to revise the norm for the industry's stocks-in-process and banks were advised accordingly. The recommendations of the sub-committee on electrical group were examined, but implementation thereof was withheld in

* For details, please see para 2.148 of previous year's Report.

लिया गया। चमड़ा, कांच आदि संबंधी उप-समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर निर्देश-समिति ने चर्चा की और उप-समिति से यह अनुरोध किया गया कि वह कतिपय उद्योगों के संदर्भ में सिफारिश किये गये मानदंडों की पुनरीक्षा करे।

the context of the prevailing overall credit situation. The report submitted by the sub-committee on leather, glass, etc. was discussed by the COD and the sub-committee has been requested to re-examine the norms recommended in respect of certain industries.

2.132 व्यापार उद्योग-समूह संबंधी उप-समिति ने उन यूनिटों के बारे में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है जो जहाज तोड़नेवाले उद्योग और हीरों के व्यापार में लगे हुए हैं। हालांकि जहाज तोड़नेवाले यूनिटों के लिए मानदंड/अनुमत बैंक वित्तपोषक संबंधी सिफारिशें स्वीकार कर ली गयी हैं तथा तदनुसार बैंकों को अनुदेश जारी कर दिये हैं,पर हीरा-निर्यातक यूनिटों से संबंधित सिफारिशों पर विचार किया जा रहा है। इंजीनियरी-उद्योग संबंधी उप-समिति की सिफारिशों की भी जांच की जा रही है।

2.132 The sub-committee on trading group has submitted its reports on units engaged in ship-breaking industry and diamond trade. While recommendations for norms/permissible bank finance for ship-breaking units have been accepted and instructions issued to banks accordingly, the recommendations on diamond export units are being examined. The recommendations of the sub-committee on engineering industry are also being examined.

2.133 निर्देश समिति की 15 दिसंबर 1984 को हुई बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करने के लिए एक अन्य उप-समिति गठित की गयी थी : (i) आहरण अधिकार के संगणन के लिए अदत्त स्टाकों के संबंध में नीति और (ii) आहरिती बिल प्रणाली का कार्यान्वयन। पहली मार्च 1985 को हुई बैठक में उप-समिति द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट की सिफारिशों पर विचार किया गया। अदत्त स्टाकों के संबंध में नीति के मुद्दे पर की गयी सिफारिशें जहां स्वीकार कर ली गयीं, वहां उप-समिति से यह कहा गया कि आहरिती बिल योजना के मुद्दे की वह फिर से जांच करे तथा यदि आवश्यक हो तो वैकल्पिक योजना सुझाए और तीन महीने की अवधि के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

2.133 Another sub-committee was set up at the meeting of COD held on December 15, 1984, to examine two issues, viz., (i) treatment of unpaid stocks for the purpose of calculation of drawing power and (ii) implementation of Drawee Bills System. The recommendations contained in the report submitted by the sub-committee were considered at the meeting held on March 1, 1985. While the recommendations on the issue of treatment of unpaid stocks were accepted, the sub-committee was asked to re-examine the issue of Drawee Bills Scheme and, if necessary, suggest an alternative scheme which is workable, and to submit the report within a period of 3 months.

गैर-कंपनी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के खातों की लेखा परीक्षा

2.134 निर्देश समिति की 20 जुलाई 1984 को हुई बैठक में यह निश्चय किया गया कि बैंकिंग तंत्र से 10 लाख रुपये और उससे अधिक की ऋण सीमा का लाभ

Audit of Accounts of Non-Corporate Borrowers

2.134 It was decided at the meeting of the COD held on July 20, 1984, to introduce audit by chartered accountants of annual accounts of all non-corporate

उठानेवाले सभी गैर-कंपनी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के वार्षिक लेखों की सनदी लेखाकारों द्वारा लेखा परीक्षा कराने की प्रणाली प्रारंभ की जाए ताकि इन ऋणकर्ताओं की लेखा प्रणाली में सुधार लाया जा सके। चूंकि वित्त अधिनियम, 1984 में यह प्रावधान है कि जिन फर्मों के कुल कारोबार की राशि 40 लाख रुपये से अधिक है तथा जिन व्यावसायिकों की आयगत प्राप्तियाँ 10 लाख रुपये से अधिक हैं, उनके बही खातों की लेखा परीक्षा सनदी लेखाकारों द्वारा की जानी चाहिए, अतः यह महसूस किया गया कि आय-कर नियमावली, 1962 के अधीन इन फर्मों द्वारा प्रस्तुत की जानेवाली लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के ही प्रारूप को गैर कंपनी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं की लेखा-परीक्षा के प्रयोजन के लिए अपनाया जाए। भारतीय बैंक संघ तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के साथ विचार-विमर्श के बाद निर्देश-समिति ने तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखे, निधि उपलब्धता विवरण तथा विशेष लेखा परीक्षा रिपोर्ट (जहां आवश्यक हो) के प्रारूपों को अंतिम रूप दिया और अप्रैल 1985 में बैंकों को आवश्यक निदेश जारी किये।

स्थायी समन्वय समिति

2.135 अगस्त 1983 में स्थायी समन्वय समिति का पुनर्गठन किये जाने के बारे में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था। यह समिति विगत में प्राप्त अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में मीयादी ऋण देने में आनेवाली अंतर्संस्थागत समस्याओं को सुलझाने तथा मीयादी ऋण प्रदान करने में बैंकों और मीयादी ऋण-दात्री संस्थाओं के योगदान की समीक्षा करने के वास्ते एक स्थायी मंच प्रदान करती है। मीयादी ऋण के संबंध में जानकारी समेकित करने तथा उसका आदान-प्रदान करने के अलावा समिति अन्य किसी ऐसे मुद्दे पर भी, जो उसके पास भेजा जाता है, विचार करती है। अगस्त 1984 और फरवरी 1985 में हुई अपनी बैठकों के दौरान समिति ने जिन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया, उनमें से कुछेक इस प्रकार हैं :

borrowers enjoying credit limits of Rs. 10 lakhs and above from the banking system, with a view to improving the accounting system of these borrowers. As the Finance Act, 1984 has provided for audit by chartered accountants of the books of accounts of firms with business turnover of over Rs. 40 lakhs and professionals with income receipts over Rs. 10 lakhs, it was felt that the same format of the audit report required to be submitted by these entities under the Income-tax Rules, 1962, might be adopted for the purpose of audit of non-corporate borrowers also. The formats of Balance Sheet, Profit & Loss Accounts, Funds Flow Statements and Special Audit Report (wherever necessary) were finalised by the COD after discussion with the Indian Banks' Association and the Institute of Chartered Accountants of India and the necessary instructions were issued to the banks in April 1985.

Standing Co-ordination Committee

2.135 A reference was made in the last year's Report to the reconstitution of the Standing Co-ordination Committee in August 1983. The Committee provides a standing forum for sorting out inter-institutional problems relating to term lending in the light of experience gained in the past and for reviewing the involvement of banks and term lending institutions in extending term credit. Besides, dealing with compilation and sharing of information on term credit, the committee deals with any other issues that may be referred to it. Some of the issues, discussed by the Committee at its meetings held in August 1984 and February 1985 are :

(क) वाणिज्य बैंकों द्वारा मीयादी ऋण प्रदान करने के लिए भुचर समिति के मानदंड तथा बैंकों और मीयादी ऋण संस्थाओं के बीच परियोजना सहायता का आबंटन तथा वह आधार जिसके संदर्भ में बैंकों के हिस्से का हिसाब लगाया जाएगा।

(a) Bhuchar Committee norms for grant of term loans by Commercial banks and sharing of project assistance between banks and term lending institutions and the base with reference to which share of banks is to be computed.

(ख) एक करोड़ रुपये से अधिक की लागतवाले रुपया मीयादी ऋणों से युक्त परियोजनाओं के वित्तपोषण के स्वरूप के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्वीकृति की शर्त।

(b) Requirement of IDBI's clearance for financing pattern of projects, involving rupee term loans in excess of Rs. 1 crore.

(ग) परियोजना-सहायता में सहभागिता के प्रति बैंकों के दृष्टिकोण के बारे में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के मत।

(c) IDBI's observations about banks' approach towards participation in project assistance.

(घ) बैंकों का इस आशय का प्रतिवेदन कि मीयादी ऋण-दात्री संस्थाएं अचल आस्तियों पर दूसरा प्रभार स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक रहती हैं।

(d) Representation from banks that term lending institutions have been unwilling to concede second charge over fixed assets.

(ङ) बैंक और राज्य-स्तरीय वित्तीय संस्थाओं के बीच समन्वयन अर्थात् भिड़े समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन।

(e) Co-ordination between banks and state-level financial institutions, i.e., implementation of Bhide Committee's recommendations.

(च) जहां कहीं आदाता नियुक्त किया जाता है उन मामलों में सुरक्षा, परिरक्षण तथा आस्तियों के शांतिपूर्वक अधिग्रहण में होनेवाले व्यय को बांट लेना।

(f) Sharing of expenses relating to protection, preservation and peaceful takeover of assets in cases where a receiver is appointed.

(छ) अपनी विदेशी निवेश वित्त योजना के अंतर्गत निर्यात-आयात बैंक द्वारा प्रदत्त मीयादी ऋणों के लिए जमानत के रूप में बैंक गारंटी।

(g) Bank guarantee as security for term loans by EXIM Bank under its Overseas Investment Finance Scheme.

(ज) वाणिज्य बैंकों द्वारा परियोजना वित्तपोषण के लिए दिये जानेवाले अल्पावधि ऋण - भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की सहभागिता।

(h) Short-term loans for project financing by commercial banks - Participation by IDBI.

(झ) बड़ी परियोजनाओं के संघीय वित्तपोषण में छोटे बैंकों की सहभागिता।

(i) Participation of smaller banks in consortium financing of large projects.

(ञ) मीयादी ऋण-दात्री संस्थाओं और बैंकों द्वारा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की कार्यकारी पूंजी की आवश्यकता के बारे में किये जानेवाले मूल्यांकन में एकरूपता।

(j) Uniformity in assessment of working capital requirements of industrial undertakings by term lending institutions and banks.

(ट) जिन यूनिटों में प्रारंभिक रुग्णता के लक्षण दिख रहे हों, उनकी स्थिति में सुधार लाने के उपाय।

बैंकों को आवश्यक अनुदेश जारी करने से पहले स्थायी समन्वयन समिति की उक्त मुद्दों से संबंधित सिफारिशों की रिज़र्व बैंक द्वारा जांच की जा रही है।

चीनी उद्योग के लिए संस्थागत वित्त के समन्वयन हेतु स्थायी समिति

2.136 पिछली दो रिपोर्टों में चीनी उद्योग ऋण-संबंधी आवश्यकताओं और उससे संबंधित समस्याओं पर समन्वित दृष्टिकोण से विचार करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा उपर्युक्त समिति नियुक्त किये जाने के बारे में उल्लेख किया गया था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति ने तीन बार (नवंबर 1982 में अपने गठन के समय से कुल सात बार) अपनी बैठकें कीं तथा उद्योग को प्रभावित करनेवाली विभिन्न समस्याओं का हल पाने के लिए उन पर विचार-विमर्श किया गया। पिछले वर्ष की रिपोर्ट में चीनी उद्योग में रुग्ण यूनिटों की पुन:स्थापना के लिए मुख्य उपाय सुझाने के वास्ते एक उप-समिति गठित करने के बारे में उल्लेख किया गया था। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के तत्वावधान में अब तक सात औपचारिक बैठकें हो चुकी हैं।

जूट उद्योग के लिए संस्थागत वित्त के समन्वयन के वास्ते स्थायी समिति

2.137 जूट उद्योग की ऋण संबंधी आवश्यकताओं और संबंधित समस्याओं पर समन्वित दृष्टिकोण से विचार करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा उपर्युक्त समिति नियुक्त किये जाने के बारे में भी उल्लेख किया गया था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की दो बार (नवंबर 1982 में अपने गठन के समय से छ: बार) बैठकें हुई। इन बैठकों में निम्नलिखित समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा संभाव्यत: सक्षम जूट मिलों की पुनर्स्थापना के संबंध में बनाये गये पैकेज कार्यक्रम के कार्यान्वयन में आनेवाली रुकावटें, पटसन की कमी, पटसन और जूट की वस्तुओं के मूल्यों में हुई वृद्धि, जूट

(k) Measures to retrieve the position of units showing signs of incipient sickness.

The recommendations of the Standing Co-ordination Committee on the above issues are being examined by the Reserve Bank before issuing necessary instructions to banks.

Standing Committee on Co-ordination of Institutional Finance for Sugar Industry

3.32 The actual amount raised by the LDBs through floatation of ordinary debentures during the year amounted to Rs. 92 crores, which fell short of the target by Rs. 5 crores. This was due mainly to the shortfall in mutual support and self-help (i.e. Rs. 24 crores against the target of Rs. 29 crores). The support availed of from the institutional investors under the ordinary debenture programme for the years 1983-84 and 1984-85, together with targets for the year 1985-86, is indicated in Table 3.5

योजनाबद्ध ऋणों के तहत पुनर्वित्त सहायता

3.33 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान नाबार्ड ने 1,233 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त वचनबद्धताओं वाली 5,601 योजनायें मंजूर कीं, जबकि 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान 1,170 करोड़ रुपये की वचनबद्धताओं वाली 4,961 योजनायें मंजूर की गयी थीं। पिछले वर्ष (जुलाई-जून) में 892 करोड़ रुपये के वितरणों की तुलना में इस वर्ष वितरण 1,061 करोड़ रुपये के हुए। जून 1985 के अंत में नाबार्ड द्वारा मंजूर की गयी योजनाओं की संचयी संख्या 34,722 रही। संचयी वचनबद्धतायें 7,909 करोड़ रुपये और संचयी वितरण 5,427 करोड़ रुपये के रहे (सारणी 3.6)।

Refinance Assistance under Schematic Lending

3.33 During 1984-85 (July-June), NABARD sanctioned 5,601 schemes involving refinance commitments of Rs. 1,233 crores as against 4,961 schemes with commitments of Rs. 1,170 crores during 1983-84 (July-June). Disbursements during the year amounted to Rs. 1,061 crores as against Rs. 892 crores in the preceding year (July-June). As at the end of June 1985, the cumulative number of schemes sanctioned by NABARD stood at 34,722 ,the cumulative commitments at Rs. 7,909 crores and the cumulative disbursements at Rs. 5,427 crores (Table 3.6).

3.34 पिछले वर्ष की ही तरह, मंजूर की गयी योजनाओं और की गयी वचनबद्धताओं, दोनों दृष्टियों से लघु सिंचाई का स्थान सबसे ऊपर बना रहा। 1984-85 के दौरान नाबार्ड ने लघु सिंचाई के लिए 444 करोड़ रुपये की वचनबद्धताओं वाली 1,813

3.34 As in the previous year, minor irrigation continued to occupy top position both with regard to the number of schemes sanctioned and commitments made. During 1984-85, NABARD sanctioned 1,813 schemes for minor irriga-

सारणी 3.5 : भूमि विकास बैंकों के संसाधन
Table 3.5 : Resources of Land Development Banks

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

मद Item	1983-84	1984-85	1985-86
	(उपलब्धि) (Achievement)		(लक्ष्य) (Target)
ऋण कार्यक्रम संसाधन : Lending Programme / Resources :	490	550	566
(क) नाबार्ड के विशेष डिबेंचर (a) NABARD's special debentures	392	451	471
(ख) आंतरिक संसाधन (b) Internal resources	3	2	—
(ग) सामान्य डिबेंचर (c) Ordinary debentures	95	97	95
(i) (ग) में से वास्तव में जारी किये गये डिबेंचर Out of (c) actual floatations	90	92	95
(ii) संस्थागत अंशदान/केन्द्र और राज्य सरकारें Institutional contributions : Central & State Governments	8	8	10
जीवन बीमा निगम L. I. C.	35	35	35
भारतीय स्टेट बैंक समूह S. B. I. Group	15	15	15
वाणिज्य-बैंक Commercial Banks	10	10	10
पारस्परिक समर्थन और अपनी स्वयं की सहायता Mutual support and self-help	22	24	25

स्रोत : नाबार्ड
Source : NABARD.

सारणी 3.6 : नाबार्ड द्वारा 1983-84 और 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान दी गयी पुनर्वित्त सहायता की प्रयोजनवार मंजूरियां और वितरित राशि

TABLE 3.6 : PURPOSE-WISE SANCTIONS AND DISBURSEMENTS OF REFINANCE ASSISTANCE BY NABARD DURING 1983-84 AND 1984-85 (JULY-JUNE)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

प्रयोजन Purpose	1983-84			1984-85			30 जून 1985 को संचयी स्थिति @ Cumulative position as on June 30, 1985 @		
	स्वीकृत योजनाओं की संख्या No. of schemes Sanctioned	प्रतिबद्धतायें Commitments	वितरित राशि Disbursements	स्वीकृत योजनाओं की संख्या No. of schemes sanctioned	प्रतिबद्धतायें Commitments	वितरित राशि Disbursements	स्वीकृत योजनाओं की संख्या No. of schemes sanctioned	प्रतिबद्धतायें Commitments	वितरित राशि* Disbursements*
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
लघु सिंचाई Minor Irrigation	4,923	427	312	1,813	444	335	13,442	3,740	2,539
भूमि विकास/सीएडी Land Development/CAD	95	20	29	504	23	43	1,463	313	182
कृषि मशीनीकरण Farm Mechanisation	1,116	233	204	958	169	170	6,064	1,166	1,038
बागान/उद्यान Plantation/Horticulture	579	90	38	576	85	47	3,531	566	231
मुर्गी पालन/भेड़ पालन/सूअर पालन Poultry/sheep breeding/piggery	296	21	13	449	36	23	2,336	143	92
मत्स्य पालन Fisheries	184	22	7	175	17	10	1,474	157	72
डेरी विकास Dairy Development	279	21	13	380	39	23	2,637	198	111
भंडारण/मंडी Storage/Market Yards	71	9	9	149	17	12	1,471	203	165
अन्य Others	418	327	267	597	403	398	2,304	1,423	997
कुल Total	**4,961**	**1,170**	**892**	**5,601**	**1,233**	**1,061**	**34,722**	**7,909**	**5,427**

* : अल्पावधि ऋणों को छोड़कर
Excludes short term finance.

संचयी स्थिति में समायोजन शामिल हैं।
@ : Cumulative position includes adjustments.

स्रोत : नाबार्ड
Source : NABARD

योजनाएं और विविध प्रयोजनों@ (अर्थात् लघु सिंचाई को छोड़कर) के लिए 789 करोड़ रुपये की वचन-बद्धताओं वाली 3,788 योजनाएं मंजूर कीं। मंजूर की गयी योजनाओं; ऋणों की वचनबद्धताओं और वितरणों के ब्यौरे सारणी 3.6 में दिये गये हैं।

3.35 एजेंसी-वार देखा जाये तो, 1984-85 के दौरान नाबार्ड के कुल वितरणों में वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित), राज्य भूमि विकास बैंकों तथा राज्य सहकारी बैंकों का हिस्सा क्रमशः 710 करोड़ रुपये (67 प्रतिशत), 314 करोड़ रुपये (30 प्रतिशत) तथा 37 करोड़ रुपये (3 प्रतिशत) रहा। 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान उनका हिस्सा क्रमशः 537 करोड़ रुपये (60 प्रतिशत), 314 करोड़ रुपये (35 प्रतिशत) तथा 41 करोड़ रुपये (5 प्रतिशत) था (सारणी 3.7)।

3.36 क्षेत्र-वार देखा जाये तो कुल वितरणों में दक्षिणी मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के अंश 1983-84 (जुलाई-जून) के क्रमशः 25.5 प्रतिशत, 21.3 प्रतिशत तथा 10.8 प्रतिशत से बढ़कर 1984-85 (जुलाई-जून) में क्रमशः 27.2 प्रतिशत, 22.5 प्रतिशत तथा 11.9 प्रतिशत हो गये। उत्तर पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों का अंश कमोबेश अपरिवर्तित बना रहा। अलबत्ता, कुल वितरणों में उत्तरी क्षेत्र का अंश 27.1 प्रतिशत से गिरकर 22.7 प्रतिशत रह गया (सारणी 3.8)।

3.37 नाबार्ड ने कम विकसित और/या कम बैंक-सुविधा वाले राज्यों में कृषि निवेशों के विकास और संवर्धन की नीति पर पुरजोर बल देना जारी रखा। 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान इन क्षेत्रों में वितरण 445 करोड़ रुपये (कुल वितरणों का 41.9 प्रतिशत) रहे, जबकि 1983-84 (जुलाई-जून) में यह राशि 357

@ इनमें भूमि विकास, कृषि मशीनीकरण, पौधरोपण, मुर्गीपालन, डेरी-उद्योग, भेड़ पालन, मत्स्यपालन, भण्डारण गोदाम, मंडियों का विकास आदि शामिल है।

tion involving commitments of Rs. 444 crores and 3,788 schemes for diversified purposes @ (i.e. other than minor irrigation) involving commitments of Rs. 789 crores. The details of various schemes sanctioned, commitments and disbursement of loans are given in Table 3.6.

3.35 Agency-wise, the share of commercial banks (including RRBs), SLDBs and SCBs in total NABARD disbursements stood at Rs. 710 crores (67 per cent), Rs. 314 crores (30 per cent) and Rs. 37 crores (3 per cent), respectively, during 1984-85. During 1983-84 (July-June), their respective shares were Rs. 537 crores (60 per cent), Rs. 314 crores (35 per cent) and Rs. 41 crores (5 per cent) (Table 3.7).

3.36 Region-wise, while the shares of the Southern, Central and Eastern regions in total disbursements increased from 25.5 per cent, 21.3 per cent and 10.8 per cent, respectively in 1983-84 (July-June) to 27.2 per cent, 22.5 per cent and 11.9 per cent, respectively during 1984-85 (July-June), the share of North-Eastern and Western regions remained more or less at last year's level. The share of Northern region in total disbursements, however, came down to 22.7 per cent from 27.1 per cent (Table 3.8).

3.37 NABARD continued to pursue vigorously the policy of development and promotion of agricultural investments in the less developed and/or underbanked States. The disbursements in these areas stood at Rs. 445 crores (41.9 per cent of total disbursements) in

@ These include land development, farm mechanisation, plantation, poultry, dairying/sheep breeding, fisheries, storage, godowns, development of market yards, etc.

सारणी 3.7 : नाबार्ड द्वारा 1983-84 और 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान पुनर्वित्त सहायता की एजेंसीवार मंजूरियां और वितरित राशि

TABLE 3.7 : AGENCY-WISE SANCTIONS AND DISBURSEMENTS OF REFINANCE ASSISTANCE BY NABARD DURING 1983-84 AND 1984-85 (JULY-JUNE)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

एजेंसी Agency	योजनाओं की संख्या* 'Number of Schemes*		वित्तीय सहायता Financial Assistance		नाबार्ड की प्रतिबद्धता NABARAD'S Commitments		नाबार्ड द्वारा वितरित राशि Disbursements by NABARD		30 जून 1985 को संचयी स्थिति£ Cumulative position as on June 30, 1985£			
	1983-84	1984-85	1983-84	1984-85	1983-84	1984-85	1983-84	1984-85	योजनाओं की संख्या No. of schemes	एजेंसियों द्वारा वित्तीय सहायता Financial Assistance by Agencies	नाबार्ड की प्रतिबद्धताएं NABARD's commitments	नाबार्ड द्वारा वितरित राशि@ Disbursements by NABARD@
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1. राज्य भूमि विकास बैंक State Land Development Banks	1,461	1,618	451	427	401	391	314	314	10,096	3,631	3,213	2,251
2. अनुसूचित वाणिज्य बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को मिलाकर) Scheduled Commercial Banks (including RRBs)	3,379	3,854	939	1,078	719	796	537	710	23,959	5,740	4,445	3,016
3. राज्य सहकारी बैंक State Co operative Banks	121	129	57	54	50	46	41	37	667	286	251	160
जोड़ Total	**4,961**	**5,601**	**1,447**	**1,559**	**1,170**	**1,233**	**892**	**1,061**	**34,722**	**9,657**	**7,909**	**5,427**

@ : अल्पावधि वित्त को छोड़कर
Excludes short term finance.

* : समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम की योजनाओं को छोड़कर
Excludes IRDP plans.

£ : संचयी स्थिति में समायोजन शामिल हैं ।
Cumulative position includes adjustments.

स्रोत : नाबार्ड
Source . NABARD

सारणी 3.8 : नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त सहायता का क्षेत्रवार वितरण
TABLE 3.8 : REGION-WISE DISBURSEMENTS OF REFINANCE ASSISTANCE BY NABARD

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

क्षेत्र@ Region	1982-83 (जुलाई-जून) (July-June)	1983-84 (जुलाई-जून) (July-June)	1984-85 (जुलाई-जून) (July-June)
उत्तरी Northern	190 (27.0)	242 (27.1)	241 (22.7)
उत्तरपूर्वी North-Eastern	8 (1.1)	9 (1.0)	14 (1.3)
पूर्वी Eastern	90 (12.8)	96 (10.8)	126 (11.9)
मध्यवर्ती Central	151 (21.5)	190 (21.3)	238 (22.5)
पश्चिमी Western	80 (11.4)	128 (14.3)	153 (14.4)
दक्षिणी Southern	184 (26.2)	227 (25.5)	289 (27.2)
कुल Total	**703 (100.0)**	**892 (100.0)**	**1,061 (100.0)**

@उत्तरी क्षेत्र में : चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं ।
Northern Region : Comprises Chandigarh, Delhi, Haryana, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Punjab and Rajasthan;

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में : असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश हैं ।
North-Eastern Region : Assam, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Tripura and Arunachal Pradesh;

पूर्वी क्षेत्र में : सिक्किम, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल तथा अंदमान और निकोबार द्वीप समूह आते हैं ।
Eastern Region : Sikkim, Bihar, Orissa, West Bengal and Andaman & Nicobar Islands;

मध्यवर्ती क्षेत्र में : मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश
Central Region : Madhya Pradesh and Uttar Pradesh;

पश्चिमी क्षेत्र में : गोवा, दमण और दीव, दादरा और नगर हवेली, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं ।
Western Region : Goa,Daman & Diu, Dadra & Nagar Haveli, Gujarat and Maharashtra;

दक्षिणी क्षेत्र में : आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पांडिचेरी और तमिलनाडु हैं ।
Southern Region : Andhra Pradesh, Karnataka, Kerala, Pondicherry and Tamil Nadu.

टिप्पणी : कोष्ठक में दिये गये आंकड़े कुल राशि का प्रतिशत हैं ।
Note : Figures in brackets are percentages to total.

स्रोत : नाबार्ड ।
Source : NABARD.

करोड़ रुपये (40 प्रतिशत) थी (सारणी 3.9)। संचयी आधार पर जून 1985 के अंत तक इन क्षेत्रों में कुल वितरण 2,208 करोड़ रुपये के थे।

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत वितरण

3.38 जून 1985 के अंत में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत नाबार्ड की संचयी वचनबद्धताएं 1,150 करोड़ रुपये की थीं, जिनमें से पुनर्वित्त के जरिए 887 करोड़ रुपये वितरित किये गये थे। 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान 353 करोड़ रुपये वितरित किये गये, जबकि 1983-84 के दौरान 233 करोड़ रुपये वितरित किये गये थे। कुल वितरणों में इस वर्ष के दौरान सर्वाधिक अंश वाणिज्य बैंकों (54.0 प्रतिशत) का रहा। उनके बाद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (34.5 प्रतिशत) राज्य सहकारी बैंक (7.9 प्रतिशत) तथा राज्य भूमि विकास बैंक (3.6 प्रतिशत) के रहे। 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान कुल वितरणों में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के उद्योग, सेवा तथा कारोबार घटक का अंश पिछले वर्ष के 52 करोड़ रुपये (22.3 प्रतिशत) की तुलना में 107 करोड़ रुपये (30.3 प्रतिशत) रहा।

पुनर्वित्त सुविधाएं : नीतिगत परिवर्तन

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए योजनाएं

3.39 नवम्बर 1984 से नाबार्ड ने समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम की ही रूपरेखा पर राज्य सरकारों/अनुसूचित जाति विकास निगमों द्वारा तैयार की गयी विशेष योजनाओं का वित्तपोषण करने का फैसला किया। पुनर्वित्त, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों द्वारा जारी किये गये ऋणों के 90 प्रतिशत तक तथा राज्य भूमि विकास बैंको द्वारा अर्थ-सक्षम कृषि और संबंधित गतिविधियों के लिए जारी किये गये विशेष विकास डिबेंचरों के 95 प्रतिशत तक मिलेगा।

1984-85 (July-June) as against Rs. 357 crores (40 per cent) in 1983-84 (July-June) (Table 3.9). On a cumulative basis, total disbursements in these areas upto the end of June 1985 amounted to Rs. 2,208 crores.

Disbursements under IRD Programme

3.38 As at the end of June 1985, NABARD's cumulative commitments under IRDP amounted to Rs. 1,150 crores against which disbursements by way of refinance amounted to Rs. 887 crores. The amount disbursed during 1984-85 (July-June) was Rs. 353 crores as against Rs. 233 crores during 1983-84. The highest share during the year in total disbursements was that of commercial banks (54.0 per cent), followed by RRBs (34.5 per cent), SCBs (7.9 per cent) and SLDBs (3.6 per cent). The Industry, Service and Business (ISB) component of the IRDP accounted for Rs. 107 crores (30.3 per cent) of the total disbursements during 1984-85 (July-June) as against Rs. 52 crores (22.3 per cent) in the previous year.

Refinance Facilities : Policy Changes

Schemes for Development of Scheduled Castes/Scheduled Tribes

3.39 NABARD, with effect from November 1984, decided to refinance special schemes formulated by State Governments/Scheduled Castes Development Corporations on the lines of IRDP. Refinance would be available upto 90 per cent of the loans issued by the commercial banks including RRBs and the SCBs and upto 95 per cent of the special development debentures floated by the SLDBs for viable agricultural and allied activities.

सारणी 3.9 : कम विकसित और/अथवा कम बैंक सुविधावाले राज्यों को नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त सहायता की राशि का वितरण
TABLE 3.9 : DISBURSEMENTS OF REFINANCE ASSISTANCE BY NABARD TO LESS DEVELOPED AND/OR UNDER-BANKED STATES

(योजनाबद्ध ऋण)
(Schematic Lending)

(लाख रुपयों में) (Rs. Lakhs)

राज्य State	1983-84 (जुलाई-जून) (July-June)	1984-85 (जुलाई-जून) (July-June)
1. उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh	130.41	162.17
2. मध्य प्रदेश Madhya Pradesh	59.59	75.77
3. बिहार Bihar	49.56	66.56
4. राजस्थान Rajasthan	51.60	54.60
5. उड़ीसा Orissa	30.02	34.51
6. जम्मू एवं कश्मीर Jammu & Kashmir	6.52	8.98
7. पश्चिम बंगाल West Bengal	16.26	24.39
8. असम तथा अन्य उत्तरी-पूर्वी राज्य Assam & Other North-Eastern States	9.27	13.80
9. हिमाचल प्रदेश Himachal Pradesh	3.45	4.00
10. अंदमान एवं निकोबार द्वीप समूह Andaman & Nicobar Islands	6	12
वितरण (1 से 10 तक) Disbursements (1 to 10)	356.74 (40.0)	444.90 (41.9)
कुल वितरण (अखिल भारतीय) **Total Disbursements (ALL-INDIA)**	**892.44**	**1,060.87**

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल वितरणों का वितरण प्रतिशत में दर्शाते हैं ।
Note : Figures in brackets indicate percentage disbursements to total disbursements.

स्रोत : नाबार्ड ।
Source : NABARD.

कृषि मशीनीकरण के लिए पुनर्वित्त

3.40 वर्ष 1984-85 के दौरान नाबार्ड ने कृषि मशीनीकरण के लिए पुनर्वित्त को नियंत्रित करने वाली अपनी नीति में निम्नलिखित परिवर्तन किये : (i) ट्रैक्टरों/बिजली चालित हलों (टिलरों) के संबंध में पुनर्वित्त के आहरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया गया। तदनुसार अब बैंक पुनर्वित्त की सुविधा का लाभ समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम की ही तरह एक तिमाही में या एक माह में केवल निर्धारित विवरणी प्रस्तुत करके ले सकते हैं। (ii) वाणिज्य बैंकों के लिए कृषि मशीनीकरण के लिए पुनर्वित्त की सीमा मध्यप्रदेश तथा पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों को छोड़कर, जहाँ की पुनर्वित्त की दर 90 प्रतिशत रहेगी अन्यत्र उसे 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अलावा, कृषि मशीनीकरण योजनाओं के संबंध में मध्यप्रदेश में राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा जारी विशेष विकास डिबेंचरों में नाबार्ड का अंशदान बढ़ाकर 95 प्रतिशत कर दिया गया। मध्यप्रदेश, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों को छोड़कर अन्य राज्यों में राज्य भूमि विकास बैंक इसी तरह के प्रयोजनों के लिए नाबार्ड का पुनर्वित्त 75 प्रतिशत की दर पर प्राप्त करते रहेंगे तथा (iii) किसानों के बोझ को कम करने की दृष्टि से नाबार्ड ने पहले यह सुझाव दिया था कि जहाँ तक सम्भव हो कृषि-कार्यों तथा ढुलाई के लिए लगभग 25 हार्सपावर के ट्रैक्टर खरीदे जायें। नाबार्ड ने अब अलग-अलग योजनाओं की सक्षमता के आधार पर 50 ड्रा बार हॉर्सपावर तक के ट्रैक्टरों की खरीद के लिए भी अपनी पुनर्वित्त सुविधा देने का फैसला किया है।

Refinance for Farm Mechanisation

3.40 During the year 1984-85, NABARD introduced the following changes in its policy governing refinance for farm mechanisation : (i) The procedure for drawal of refinance in respect of tractors/powertillers was simplified. Accordingly, banks were allowed to avail of refinance by mere submission of a prescribed statement once in a quarter or a month on the lines of the procedure followed for IRDP; (ii) The extent of refinance for farm mechanisation schemes to commercial banks was brought down from 75 per cent to 50 per cent except in Madhya Pradesh and the Eastern and North-Eastern regions where the refinance rate would be 90 per cent. Further, NABARD's contribution to the special development debentures floated by the SLDB in Madhya Pradesh in respect of farm mechanisation schemes was stepped up to 95 per cent. For similar purpose, the SLDBs in States other than Madhya Pradesh, Eastern and North-Eastern States would continue to get NABARD refinance at the rate of 75 per cent; and (iii) With a view to reducing loan burden of farmers, NABARD had earlier suggested purchase of tractors, as far as possible, of around 25 HP for farm operations and haulage. NABARD has now decided to extend its refinance for the purchase of tractors upto 50 draw bar horse power on the basis of viability of individual schemes.

टायर वाली गाड़ियों के लिए पुनर्वित्त

3.41 मौजूदा नीति के तहत नाबार्ड से पुनर्वित्त सहायता केवल छोटे किसानों द्वारा काम में लाये जाने वाले पशुओं/पशु-चालित गाड़ियों को खरीदने की योजनाओं के लिए ही उपलब्ध थी। प्राप्त अभ्यावेदनों को देखते हुए इस नीति की समीक्षा की गयी और इस

Refinance for Tyre Carts

3.41 Under the existing policy, refinance assistance from NABARD was available in respect of schemes for purchase of work animals/animal-driven carts by small farmers only. The policy was reviewed in the light of representations

वर्ष यह तय किया गया है कि गन्ना उगाने वाले क्षेत्रों और विशेष योजना क्षेत्रों में छोटे/सीमान्त किसानों/कृषि मजदूरों के साथ-साथ अन्य किसानों के लिए भी बैंकों द्वारा टायर गाड़ियों की खरीद के लिये दिये गये योजनाबद्ध ऋणों को भी नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त सहायता के लिए पात्र माना जाये और इनके लिए वही शर्तें रहें जो योजना के तहत अन्य किसानों को विविध प्रयोजनों के लिए मंजूर किये गये ऋणों पर लागू होती हैं।

received and it has been decided during the year that schematic loans for purchase of tyre carts advanced by banks covering other farmers along with small/marginal farmers/agricultural labourers in the sugarcane-growing areas and special scheme areas would also be eligible for refinance assistance from NABARD subject to the same terms and conditions as applicable to other farmers under schemes sanctioned for diversified purposes.

औद्योगिक सहकारी संस्थायें

हथकरघा बुनकर समितियों को पुनर्वित्त

3.42 वर्ष 1984-85 के दौरान प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों के उत्पादन और उनकी विपणन सम्बंन्धी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए तथा शिखर/क्षेत्रीय बुनकर समितियों को उनकी वस्त्र सम्बन्धी वसूली और उनके विपणन की गतिविधियों के लिए वित्तपोषण करने के लिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को उपलब्ध अल्पावधि वित्तीय सहायता के संबंध में नाबार्ड की नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। (मंजूर की गयी सीमाओं, आहरणों आदि के ब्यौरों के लिए कृपया सारणी 3.4 देखें)।

हथकरघों पर उत्पादित वस्त्रों के लिए वित्त की मात्रा

3.43 नवगठित समितियों और फिर से चालू की जानेवाली निष्क्रिय समितियों के मामले में हथकरघों पर तैयार की गयीं कपड़े की निम्नलिखित किस्मों के संबंध में प्रति करघा वित्त की मात्रा में मार्च 1985 में संशोधन किये गये थे। सूती वस्त्रों के संबंध में वित्त की मात्रा को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये, सूती वस्त्रों की विशेष किस्मों जैसे चादरें, फर्निशिग सामग्री, जैकार्ड, टैरी तौलिए तथा कपड़े की निर्यात किस्मों के लिए 3,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये तथा ऊनी हथकरघों के संबंध में वित्त की मात्रा 3,000 रुपये से बढ़ा कर 4,000 रुपये कर दी गयी।

Industrial Co-operatives

Refinance to Handloom Weavers' Societies

3.42 During 1984-85, NABARD's policy with regard to the short-term financial accommodation available to the SCBs on behalf of the CCBs for financing the production and marketing activities of the primary weavers' co-operative societies and for financing the apex/regional weavers' societies for their procurement and marketing of cloth remained unchanged. (For details of limits sanctioned, drawals, etc., please see Table 3.4).

Scale of Finance for Cloth Produced on Handlooms

3.43 The per loom scales of finance in respect of the following varieties of cloth produced on handlooms in the case of newly organised societies or dormant societies to be reactivised were revised in March 1985. The scale of finance was revised from Rs. 2,000 to Rs. 3,000 in respect of cotton, from Rs. 3,000 to Rs. 5,000 for special varieties of cotton cloth like bedspreads, furnishing materials, jacquard, terry towels and export varieties of cloth and from Rs. 3,000 to Rs. 4,000 in respect of woollen handlooms.

अलबत्ता हथकरघों और पावरलूम पर निर्यात कपड़े की अन्य किस्मों के संबंध में वित्त की मात्रा अपरिवर्तित बनी रही।

The scale of finance in respect of other varieties of cloth produced on handloom as also that on powerlooms, however, remained unchanged.

हथकरघा इम्पोरियमों की स्थापना/नवीकरण

3.44 हथकरघों के संबंध में कार्य दल द्वारा की गयी एक सिफारिश के अनुसरण में राष्ट्रीय बैंक ने शिखर बुनकर समितियों द्वारा नये इम्पोरियम स्थापित करने और मौजूदा इम्पोरियमों का नवीकरण करने के लिए दिये गये मीयादी ऋणों के अग्रिमों पर पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करने का निर्णय किया। तदनुसार नाबार्ड ने इस वर्ष के दौरान तमिलनाडु हैन्डलूम बुनकर सोसाइटी (को-ऑपटैक्स) द्वारा 5 नये इम्पोरियम स्थापित करने और 30 मौजूदा इम्पोरियमों के नवीकरण के संबंध में प्रस्तुत किये गये 60.75 लाख रुपये की पुनर्वित्त सहायता के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

Establishment/Renovation of Handloom Emporia

3.44 In pursuance of one of the recommendations made by the Task Force on handlooms, NABARD decided to extend refinance facility for term loans advanced for setting up of new emporia and renovation of existing ones by Apex Weavers' Societies. Accordingly, it has approved during the year a proposal submitted by the Tamil Nadu Handloom Weavers' Society (Co-optex) regarding setting up of 5 new emporia and renovation of 30 existing ones involving refinance assistance of Rs. 60.75 lakhs.

उधारों के लिए रक्षा के रूप में मजदूरी अग्रिम

3.45 मार्च 1985 से प्राथमिक बुनकर समितियों को यह अनुमति दी गयी है कि वे उनके द्वारा बुनकरों को अदा किये गये समस्त मजदूरी अग्रिम, अपने ऋणों के लिए रक्षा के रूप में मान लें, बशर्ते अग्रिम मजदूरियों की राशि साधारण सूती किस्मों के संबंध में सदस्यों को जारी धागों की गांठों के मूल्य के 50 प्रतिशत से अधिक न हो और ये कपड़ों की विशेष किस्मों जैसे सूती साड़ियाँ, पालिस्टर, सूती वस्त्रों की विशेष किस्मों आदि के संबंध में धागे के मूल्य के 25 प्रतिशत से अधिक न हो। यदि कोई बकाया अग्रिम हों, तो उन्हें भी उधारों के लिए रक्षा के रूप में दर्शायी गयी अग्रिम मजदूरियों में से अलग किया जाना था।

Wage Advances as Cover for Borrowings

3.45 From March 1985, the primary weavers' societies have been allowed to reckon the entire wage advances paid by them to weavers as cover for their borrowings, provided the amount of advance wages did not exceed 50 per cent of the value of knots of yarn issued to the members in respect of ordinary cotton varieties and 25 per cent of the value of yarn in respect of special varieties of cloth viz., silk sarees, polyester, special varieties of cotton, etc. The overdue advances, if any, were also to be excluded from the advance wages shown as cover for borrowings.

अन्य औद्योगिक सहकारी संस्थाएं

3.46 कुटीर और लघु उद्योगों के 22 बड़े समूहों में से किसी में भी लगी औद्योगिक सहकारी समितियों (बुनकरों को छोड़कर) के उत्पादन और उनके विपणन सम्बन्धी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और ज़िला औद्योगिक सहकारी बैंकों की

Other Industrial Co-operatives

3.46 The policy of NABARD governing sanction of short-term credit limits to SCBs on behalf of CCBs and district industrial co-operative banks for financing the production and marketing activities of industrial co-operative societies

ओर से राज्य सहकारी बैंकों को अल्पावधि ऋण सीमाओं की मंजूरी देने से सम्बन्धित नाबार्ड की नीति पहले की तरह ही बनी रही। नाबार्ड में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, कृषक सेवा समितियों और बड़े आकारवाली बहु-उद्देशीय समितियों के लिए कार्यकारी पूँजीगत अपेक्षाओं जैसे बुनकरों तथा ग्रामीण और लघु उद्योगों के अनुमोदित 22 बड़े समूहों के अन्तर्गत आनेवाले कार्यकलापों में लगी ऐसी समितियों के अन्य ग्रामीण कारीगर सदस्यों के उत्पादन तथा उत्पादित माल की बिक्री से संबंधित गतिविधियों के लिए वित्त पोषण हेतु मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को अल्पावधि ऋण सीमायें भी स्वीकृत कीं। इस प्रकार की ऋण-सीमाओं की स्वीकृति देने से सम्बंधित नीति पहले जैसी ही बनी रही। (स्वीकृत ऋण-सीमाओं, आहरणों आदि के ब्यौरे के लिए सारणी 3.4 देखें)।

(other than weavers') engaged in any of the 22 broad groups of cottage and small-scale industries remained the same as before. NABARD also sanctioned short-term credit limits to SCBs on behalf of CCBs for financing the Primary Agricultural Credit Societies (PACS), Farmers Service Societies (FSS) and Large-Sized Multi-purpose Societies (LAMPS) for working capital requirements i.e., production and marketing activities of weavers and other rural artisan members of such societies engaged in any of the activities covered under the approved 22 broad groups of cottage and small-scale industries. The policy governing sanction of such credit limits also remained the same as before. (For details of credit limits sanctioned, drawals, etc. please see Table 3.4)

रेशम विकास के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं

3.47 नाबार्ड ने रेशम को अटेरने और बटने (रीलिंग और ट्विस्टिंग) के कार्यों के लिए मीयादी ऋण पुनर्वित्त सुविधाएं 21 दिसम्बर 1984 से उपलब्ध कराना शुरू कर दिया, भले ही ये कार्य रेशम के कीड़े पालने वालों द्वारा कीड़े पालने के कार्यों के साथ-साथ किये जाते हों अथवा स्वतंत्र रूप से। इस तरह से रेशम-उद्योग की सम्पूर्ण गतिविधियां-शहतूत (मॅलबरी) पौधरोपण से लेकर अटेरने (रीलिंग) और कच्चे रेशम के उत्पादन तक इसके तहत आ जाती हैं। वाणिज्य बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए पुनर्वित्त की सीमा बैंक-ऋणों के 80 प्रतिशत के बराबर तथा राज्य भूमि विकास बैंकों के मामले में पुनर्वित्त, यदि ऋण छोटे किसानों को दिये गये हैं तो बैंक ऋण के 90 प्रतिशत के बराबर और अन्य किसानों को दिये गये ऋणों के लिए 85 प्रतिशत के बराबर होगी। चरखों के लिए दिये गये ऋणों के संबंध में चुकौती अवधि 3 वर्ष और कुटीर आधारवाली (बेसिंग) और धागा बटने वाली (ट्विस्टिंग) इकाइयों के लिए 7 वर्ष होगी।

Refinance Facilities for Sericulture Development

3.47 NABARD extended term loan refinance facilities with effect from December 21, 1984 for reeling and twisting activities irrespective of whether these activities are carried on by sericulturists along with the rearing activity or independently, so that the entire range of sericulture activities from mulberry plantation and reeling to the production of raw silk is covered. The extent of refinance to commercial banks, SCBs and RRBs will be 80 per cent of the bank loans and in the case of SLDBs the refinance will be 90 per cent of bank loans if the loans are given to small farmers and 85 per cent in respect of other farmers. Repayment period is 3 years in respect of loans for *charkhas* and 7 years for cottage basins and twisting units.

3.48 कर्नाटक और तमिलनाडु में सिल्क रीलर्स सहकारी समितियां पुनर्वित्त सहायता का लाभ उठा सकें, इसके लिए नाबार्ड ने 21 दिसम्बर 1984 से

3.48 With a view to enabling silk reelers' co-operative societies in Karnataka and Tamil Nadu to avail of refinance assist-

रीलर्स सहकारी समितियों को उनकी कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान कीं। इसके लिए इस बात पर जोर नहीं दिया गया था कि ये समितियां सिर्फ उत्पादन और बिक्री इकाइयों के रूप में ही कार्य कर रही हों। पुनर्वित्त का लाभ-उठाने के लिए वही शर्तें रहेंगी जो अन्य औद्योगिक सहकारी समितियों के लिए होती हैं। इसके अलावा, नाबार्ड ने उपर्युक्त दोनों राज्यों में 'ट्विस्टर्स' की सहकारी समितियों को उनकी कार्यकारी पूंजी-गत आवश्यकताओं के लिए दिसम्बर 1984 से पुनर्वित्त सुविधाएं कुछेक विशेष शर्तों/रक्षोपायों के तहत प्रदान कीं, इसके लिए इस बात पर जोर नहीं दिया गया था कि ट्विस्टिंग कार्य वे अपने आप ही करती हों।

नारियल के रेशे-उद्योग के विकास के लिए पुनर्वित्त

3.49 नाबार्ड ने नारियल के रेशे अलग करने वाली (डीफाइबरिंग) इकाइयां स्थापित करने के लिए प्राथमिक नारियल रेशा (कोयर) सहकारी समितियों के वित्तपोषण के लिए मीयादी ऋणों के रूप में मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त सुविधाएं देने का फैसला किया। इसी तरह की सुविधाएं सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को ऐसे अलग-अलग उद्यमियों को दिये गये ऋणों के लिए दी गयी, जिन्होंने अपनी कार्यकारी पूंजी के प्रावधान के लिए बैंकों के साथ व्यवस्था की हुई है। हिताधिकारी का हिस्सा निवेश की लागत के अथवा भूमि की लागत के कम से कम 20 प्रतिशत के बराबर, जो भी अधिक हो, होना चाहिए। नाबार्ड के पुनर्वित्त की सीमा, बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों के 90 प्रतिशत के बराबर होगी। वसूल किये जाने वाले ब्याज की दर राज्य सहकारी बैंकों के लिए 6.5 प्रतिशत होगी, जबकि प्राथमिक नारियल रेशा सहकारी समितियों को यह ऋण 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर मिलेगा। वाणिज्य बैंकों को पुनर्वित्त नाबार्ड द्वारा 8 प्रतिशत वार्षिक की दर से इस शर्त पर उपलब्ध कराया जायेगा कि अलग-अलग उद्यमियों के लिए बैंकों की उधार पर ब्याज की दर 12.5 प्रतिशत से अधिक न हो। यह ऋण 10 वर्ष की अवधि में चुकाया जायेगा।

ance, NABARD extended refinance facility, with effect from December 21, 1984, to reelers' co-operative societies for their working capital requirements without insisting that they should be functioning as purely production-cum-sale units. The terms and conditions for availing refinance will be the same as in the case of other industrial co-operative societies. Further, NABARD extended refinance facilities to twisters' co-operative societies in the above two States with effect from December 1984 for their working capital requirements without insisting that the twisting activities are done on their own account subject to certain specific conditions/safeguards.

Refinance for Development of Coir Industry

3.49 NABARD has decided to extend refinance facilities to the SCBs on behalf of the CCBs by way of term loans for financing primary coir co-operative societies for installation of defibering units. Similar facilities were extended to all scheduled commercial banks (other than RRBs) in respect of their loans to individual entrepreneurs who have arrangements with the banks for provision of working capital. The involvement of the beneficiaries should at least be to the extent of 20 per cent of the cost of investment or the cost of land, whichever is more. NABARD's refinance would be limited to 90 per cent of the loans given by the banks. The rate of interest charged to SCBs would be 6.5 per cent. The primary coir co-operative societies, however, would get the loan at 9 per cent per annum. In the case of commercial banks, refinance would be provided by NABARD at 8 per cent per annum with a stipulation that the banks' lending rate to individual entrepreneurs should not exceed 12.5 per cent. The loan would be repayable within a period of 10 years.

बायो-गैस कार्यक्रम के लिए पुनर्वित्त की सुविधा

3.50 बायो- गैस कार्यक्रमों के लिए बैंकों के वित्तपोषण के लिए उन्हें पुनर्वित्त की सुविधा को पहली जुलाई 1984 से नाबार्ड द्वारा स्वचालित कर दिया गया है। इसके अलावा, 9 अक्तूबर 1984 से नाबार्ड ने बैंकों को सूचित किया है कि वे उन्हें 6.5 प्रतिशत की दर पर उपलब्ध पुनर्वित्तपोषित अग्रिमों को, अंतिम हिताधिकारियों को, चाहे वे छोटे किसान हों अथवा बड़े, 10 प्रतिशत वार्षिक की दर पर उपलब्ध करायें। नाबार्ड ने कार्य न कर रहे/दोषपूर्ण बायो-गैस संयंत्रों के मालिकों को खराब संयंत्रों की मरम्मत आदि के लिए बैंकों द्वारा 500 रुपये प्रति संयंत्र की सीमा तक किये गये वित्तपोषण के लिए भी बैंकों को जनवरी 1985 से पुनर्वित्त सुविधा देने का फैसला किया है। (यह राशि इस प्रयोजन के लिए स्वीकृत की गयी 500 रुपये की केन्द्रीय सहायता के अतिरिक्त होगी।) ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध क्षमताओं का अधिकतम प्रयोग करने के एक और उपाय के रूप में नाबार्ड ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह अनुमति देने का फैसला किया कि वे लक्ष्य के अन्तर्गत आने वाले समूह के हिताधिकारियों को 3 घन मीटर क्षमता तक के बायो-गैस संयंत्रों के लिए वित्त प्रदान करें।

प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक

3.51 जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, रिज़र्व बैंक में फरवरी, 1984 में गठित शहरी बैंक विभाग प्राथमिक सहकारी बैंकों की वृद्धि की देखरेख करता है और उन्हें नियंत्रित करता है। रिज़र्व बैंक मौजूदा/नये बैंकों और शाखाओं के लिए लाइसेंस देने, लघु इकाइयों के वित्तपोषण के लिए शहरी बैंकों की ओर से पुनर्वित्त के जरिए राज्य सहकारी बैंकों को ऋण सीमाएं मंजूर करने, प्राथमिक सहकारी बैंकों की शेयर पूंजी में अंशदान के लिए राज्य सरकारों के ऋण आवेदनों की जांच करने और उन्हें सिफारिश के साथ नाबार्ड को भेजने और उनके सांविधिक निरीक्षण आयोजित करने के लिए भी उत्तरदायी है।

Refinance Facility for Bio-gas Programme

3.50 Refinance facility to banks in respect of their financing for bio-gas programmes had been made automatic by NABARD with effect from July 1, 1984. Further, with effect from October 9, 1984, NABARD has advised the banks to charge a uniform lending rate of 10 per cent per annum to the ultimate beneficiaries on the refinanced advances available to them at 6.5 per cent per annum, irrespective of whether they are small or other farmers. NABARD has also extended refinance facility, with effect from January 1985, to banks for financing repairs of defunct/defective plants to the extent of Rs. 500 per plant (which will be in addition to the central subsidy of Rs. 500 sanctioned for the purpose) given by them to the owners of non-operating plants for rectification of the defective bio-gas plants. As a further step to maximise the use of available potential in the rural areas, NABARD decided to permit RRBs to provide finance for bio-gas plants upto 3 cubic metres capacity to the beneficiaries in the target group.

Primary (Urban) Co-operative Banks

3.51 As mentioned in the previous Report, the Urban Banks Department, set up in the Reserve Bank in February 1984, monitors and regulates the growth of Primary Co-operative Banks (PCBs). The Reserve Bank is also responsible for licensing of existing/new banks and branches, sanctioning of credit limits to SCBs by way of refinance on behalf of urban banks for financing the SSI units, processing of and recommending to NABARD the loan applications of State Governments for contribution to share

लाइसेंस जारी करना तथा निरीक्षण करना

3.52 1984-85 के दौरान (जुलाई-जून) देश में नये कार्यालय खोलने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा विभिन्न प्राथमिक सहकारी बैंकों को 200 लाइसेंस जारी किये थे। इसी अवधि के दौरान बैंकिंग कारोबार जारी रखने के लिए 16 मौजूदा और 19 नये प्राथमिक सहकारी बैंकों को लाइसेंस जारी किये गये थे। जून 1985 के अंत की स्थिति के अनुसार प्राथमिक सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,331 थी जिनमें से 428 लाइसेंस शुदा थे। वर्ष 1984-85 के दौरान बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा की वह सहकारी समितियों पर लागू है) की धारा 35 के तहत 400 प्राथमिक सहकारी बैंकों का निरीक्षण किया गया था, जबकि पिछले वर्ष 397 प्राथमिक सहकारी बैंकों का निरीक्षण किया गया था।

अल्पावधि ऋण सीमाएं

3.53 वित्त वर्ष 1984-85 (अप्रैल-मार्च) के दौरान ब्याज की रियायती दर अथात् बैंक दर से 2.5 प्रतिशत कम दर पर कुटीर और लघु औद्योगिक इकाइयों के वित्तपोषण के लिए 70 प्राथमिक सहकारी बैंकों को कुल 36.0 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सीमाए मंजूर कीं गयी थीं, जबकि पिछले वर्ष 101 प्राथमिक सहकारी बैंकों को 56.4 करोड़ रुपये मंजूर किये गये थे। इन ऋणों में से 31 मार्च 1985 को 25 करोड़ रुपये बकाया थे, जबकि एक वर्ष पहले बकाया राशियाँ 48 करोड़ रुपये की थीं।

ऋण प्राधिकरण योजना

3.54 अलग-अलग उधारकर्ताओं को अग्रिमों के संबंध में अधिकतम सीमा के बारे में रिज़र्व बैंक के निदेश की सीमा से छूट चाहने के लिए रिज़र्व बैंक को 1984-85 (जुलाई-जून) में 14 प्राथमिक सहकारी बैंकों से 78.0 करोड़ रुपये की कुल राशियों के लिए 94 प्रस्ताव प्राप्त हुए। रिज़र्व बैंक ने 11 बैंकों के संबंध में कुल 65.1 करोड़ रुपये की राशि के 74 प्रस्ताव अनुमोदित किये।

capital of PCBs as well as conducting their statutory inspections.

Issue of Licences and Inspections

3.52 During 1984-85 (July-June), 200 licences were issued to various PCBs by the Reserve Bank for opening new offices in the country. Licences to carry on banking business were issued to 16 existing and 19 new PCBs during the same period. The total number of PCBs as at the end of June 1985 stood at 1,331 of which 428 were licensed. During 1984-85, inspections of 400 PCBs were conducted under Section 35 of the Banking Regulation Act, 1949 (as applicable to co-operative societies) as against 397 in the previous year.

Short-term Credit Limits

3.53 During the financial year 1984-85 (April-March), short-term credit limits for financing cottage and small-scale industrial units at concessional rate of interest i.e., 2.5 per cent below the Bank Rate, aggregating Rs. 36.0 crores were sanctioned to 70 PCBs as against Rs. 56.4 crores to 101 PCBs in the preceding year. The borrowings outstanding under the above limits amounted to Rs. 25 crores as on March 31, 1985 as against Rs. 48 crores a year ago.

Credit Authorisation Scheme

3.54 During 1984-85 (July-June), the Reserve Bank received 94 proposals from 14 PCBs for an aggregate amount of Rs. 78.0 crores seeking exemption from the purview of the Bank's directive on maximum limit on advances to individual borrowers. The Reserve Bank approved 74 proposals involving 11 banks for an aggregate amount of Rs. 65.1 crores.

अनिवासी (सामान्य/बाह्य) रुपया खाते

3.55 सहकारी बैंक अनिवासी (सामान्य/बाह्य) रुपया खाते रख सकें, इसके लिए अनिवासी खाता नियमावली 1970 के नियम 2 में संशोधन करने के बैंक के प्रस्ताव को मानते हुए भारत सरकार ने 21 फरवरी, 1985 से उक्त नियमों में संशोधन करने वाली अधिसूचना जारी की। अब पूर्व अनुमोदन के लिए रिज़र्व बैंक को अपना आवेदन प्रस्तुत करते समय जिन प्राथमिक सहकारी बैंकों की कार्यकारी पूंजी कम से कम 10 करोड़ रुपये है और जिन्होंने दो लगातार वर्षों तक लेखापरीक्षा वर्गीकरण में "ए" अर्जित किया है तथा जिनकी कार्य-प्रणाली संतोषजनक पायी गयी है वे अनिवासी रुपया खाते रख सकते हैं।

Non-Resident (Ordinary/External) Accounts in Rupees

3.55 Accepting Reserve Bank's proposal to amend Rule 2 of Non-Resident Account Rules, 1970 to enable co-operative banks to maintain such accounts, the Government of India issued a notification dated February 21, 1985 effecting amendments to the said rules. Now PCBs having a minimum working capital of Rs. 10 crores and which have earned 'A' in audit classification for two consecutive years and whose working has been found to be satisfactory at the time of submission of application to the Reserve Bank for prior approval can maintain Non-Resident Accounts in rupees.

जमाराशियों पर ब्याज की दरें

3.56 रिज़र्व बैंक ने 8 अप्रैल 1985 को और फिर 27 मई 1985 के प्राथमिक सहकारी बैंकों की मीयादी जमाराशियों पर ब्याज-दरों में संशोधन किया। 27 मई 1985 से जमाराशियों पर ब्याज दरें इस प्रकार हैं :

Interest Rates on Deposits

3.56 The Reserve Bank revised the interest rates on term deposits of PCBs on April 8, 1985 and again on May 27, 1985. The rates of interest on deposits since May 27, 1985 are as under :

मीयादी जमाराशियां Term deposits	(प्रतिशत वार्षिक) (per cent per annum)
(अ) 15 दिन से 45 दिन (a) 15 days to 45 days	3.0
(आ) 46 दिन से 80 दिन (b) 46 days to 90 days	4.0
(इ) 91 दिन से 6 माह से कम (c) 91 days to less than 6 months	6.5
(ई) 6 माह से अधिक और एक वर्ष से कम (d) 6 months & above but less than 1 year	8.0
(उ) एक वर्ष से अधिक लेकिन दो वर्ष से कम (e) 1 year & above but less than 2 years	8.5
(ऊ) दो वर्ष से अधिक लेकिन 3 वर्ष से कम (f) 2 years & above but less than 3 years	9.0
(ए) 3 वर्ष से अधिक लेकिन 5 वर्ष से कम (g) 3 years & above but less than 5 years	10.0
(ऐ) 5 वर्ष से अधिक (h) 5 years and above	11.0

मूल्यों में उतार-चढ़ाव वाली वस्तुओं पर अग्रिम

3.57 प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा सूती वस्त्रों, सूती धागे, मानव निर्मित रेशों तथा मानवनिर्मित रेशों से बने धागे और वस्त्रों, बही ऋणों, बिलों की खरीद और भुनाई आदि पर अग्रिमों के संबंध में विनियमों को 17 जनवरी 1985 से रद्द कर दिया गया है, अलबत्ता, बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि दिये गये ऋण – स्टॉकों को सट्टेबाजी के लिए जमा करने के लिए इस्तेमाल न किया जाए तथा पार्टियां एक से अधिक बैंक से चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अधीन वस्तुओं की जमानत पर ऋण-सुविधाओं का लाभ न उठा सकें।

लघु औद्योगिक इकाइयों तथा लघु उधारकर्ताओं के वित्तपोषण के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम योजना

3.58 प्राथमिक क्षेत्रों के अन्तर्गत आनेवाली गतिविधियों जैसे "लघु परिवहन परिचालक", "खुदरा व्यापारी" "लघु कारोबार" में लगे उधारकर्ताओं तथा व्यावसायिक और स्वनियोजित व्यक्तियों को प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा मंजूर कतिपय ऋण-सुविधाओं के संबंध में गारंटी रक्षा उपलब्ध कराने के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम ने पहली जुलाई 1984 से लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984 नाम की एक नयी योजना शुरू की। सभी शहरी बैंक जो निगम की लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981 में भाग लेने के लिए पात्र हैं वे नयी योजना के लिए भी पात्र हैं। इसमें भाग लेने के लिए पात्र शहरी बैंकों की संख्या 30 जून 1984 की 560 से बढ़कर 30 जून 1985 को 617 हो गयी।

सहकारिता के ढांचे को मजबूत करना और उसका भावी विकास

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का पुनर्गठन और पुनर्गठित प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का भावी विकास

3.59 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को पुनर्गठित करने का कार्यक्रम पिछले दो दशकों से चल रहा है।

Advances against Sensitive Commodities

3.57 Regulations on advances by PCBs against cotton textiles, cotton yarn, man-made fibres and the yarn and fabrics made out of man-made fibres (including stocks-in-process), book debts, purchase and discounting of bills, etc., have been rescinded with effect from January 17, 1985. However, banks have been advised to ensure that credit extended is not utilised for speculative build-up of inventories and the parties do not enjoy credit facilities against the security of commodities subject to the selective credit control from more than one bank.

DICGC Scheme for Financing of SSI Units and Small Borrowers

3.58 The DICGC introduced a new scheme from July 1, 1984 called Small Loans (Co-operative Banks) Guarantee Scheme, 1984 to provide guarantee cover in respect of certain credit facilities granted by the PCBs to borrowers engaged in activities under priority sectors like "small transport operators", "retail traders", "small business" and "professionals and self-employed persons". All urban banks which are eligible to participate in the DICGC's Small Loans (SSI) Guarantee Scheme, 1981 are also eligible to participate in the new scheme. Total number of urban banks eligible to participate in the schemes increased from 560 as on June 30, 1984 to 617 as on June 30, 1985.

Strengthening and Future Development of Co-operative Structure

Reorganisation of PACS and Future Development of Reorganised PACS

3.59 The reorganisation programme of the Primary Agricultural Credit Societies (PACS) has been under implementation for the last two decades. The pro-

यह कार्यक्रम, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, किसी समिति को अर्थ-सक्षम इकाई बनने के लिए न्यूनतम 2 लाख रुपये की मीयादी ऋण कारोबार की व्यवस्था और साथ ही कारोबार का यह स्तर प्राप्त करने के लिए कुल 2,000 हैक्टेयर का फसल वाला क्षेत्र होना चाहिए, गुजरात, जम्मू और कश्मीर तथा महाराष्ट्र को छोड़कर लगभग सभी राज्यों में पूरा हो गया है। पुनर्गठन के पश्चात् प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की कुल संख्या को कम करके जून 1981 के अंत तक 90,000 तक लाने का उद्देश्य था। अलबत्ता, जून 1984 के अंत में भी देश में 93,496 प्राथमिक कृषि-ऋण समितियां कार्य कर रही थीं। इस कार्यक्रम के तहत सघन विकास के लिए 16 राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों ने 30 जून 1985 तक 4,399 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को चुना था। चुनी हुई समितियों के संबंध में राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश राज्यों तथा पांडिचेरी संघशासित प्रदेश ने इन चुनी हुई समितियों को बहुउद्देशीय इकाइयों में बदलने के लिए कार्ययोजना बनाने के वास्ते पहले कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबार्ड द्वारा राजस्थान, तमिलनाडु तथा उत्तर प्रदेश में 24 समितियों को लेते हुए एक मार्गदर्शी अध्ययन किया गया था ताकि पुनर्गठन के प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके। अध्ययन रिपोर्टों की नाबार्ड द्वारा जांच की जा रही है।

मध्यवर्ती सहकारी बैंकों/राज्य सहकारी बैंकों की पुनर्स्थापना

term loans sanctioned to IDBI out of the National Industrial Credit (Long-Term Operations) Fund amounted to Rs. 260 crores i.e., the same amount as that sanctioned during 1983-84 (Table 4.1). IDBI utilised the entire amount and repaid an amount of Rs.24crores during the year. Its outstanding borrowings from NIC(LTO) Fund as on June 30, 1985 aggregated Rs. 2,321 crores.

4.3 Short-term credit limits amounting to Rs. 260 crores were also sanctioned to IDBI during 1984-85, of which it availed of Rs. 22.5 crores during the year. Out of short-term credit limits of Rs. 200 crores sanctioned to IDBI during 1983-84 (July-June) against bills rediscounted by it, a limit of Rs. 150 crores was sanctioned exclusively for meeting mismatch between funds placed at the disposal of IDBI by institutions like LIC, GIC, etc., for enlarging assistance to State Electricity Boards and State Road Transport Corporations through IDBI's bills rediscounting scheme and IDBI's actual disbursements to these two types of organisations. This limit was raised to Rs. 200 crores to be valid upto September 30, 1984. Subsequently, the amount was allowed to be repaid by IDBI in 16 equal quarterly instalments of Rs. 12.5 crores each commencing from December 1984. Three instalments for the quarters ended December 1984, March and June 1985 were received from IDBI.

4.4 Long-term loans sanctioned to the Export-Import Bank of India out of NIC (LTO) Fund during 1984-85 (July-June) aggregated Rs. 55 crores, the same

सारणी 4.1 : वित्तीय संस्थाओं को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्वीकृत सहायता
TABLE - 4.1 : ASSISTANCE SANCTIONED BY RBI TO FINANCIAL INSTITUTIONS

(जुलाई-जून) (JULY-JUNE)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

सहायता के प्रकार Type of Assistance	1983-84	1984-85	30 जून 1985 को बकाया राशि Amount outstanding as on June 30, 1985
1	2	3	4
दीर्घावधि ऋण **Long-term credits (NIC (LTO) Fund)** (रा. औ. ऋण) दीर्घकालीन प्रवर्तन), निधि			
भारतीय औद्योगिक और विकास बैंक I. D. B. I.	260.0 (260.0)	260.0 (260.0)	2,321.0
निर्यात-आयात बैंक Exim Bank	55.0 (55.0)	55.0 (55.0)	180.0
मध्यावधि/अल्पावधि ऋण सीमाएं **Medium/Short-Term Credit Limits**			
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक I. D. B. I.	200.0* (156.8)*	260.0* (22.5)	—
		200.0** (50.0)	162.5
भारतीय औद्योगिक और विकास निगम I. F. C. I	3.0££ (@)	15.0££ (@)	—
भारतीय औद्योगिक ऋण नि. नि. I. C. I. C. I.	10.0 (@)	15.0 (@)	13.0
राज्य वित्त निगम S.F.C s.	29.3+ (@)	32.6£ (@)	6.6

@ : सीमाओं का उपयोग नकदी ऋण सुविधा की तरह किया जा रहा है ।
Limits are being utilised like cash credit facility.

+ : इसमें 6.0 करोड़ रुपये की वे ऋण सीमाएं शामिल हैं, जो मूलतः स्वीकृत अवधि के बाद तक के लिए बढ़ायी गयी हैं ।
Indludes borrowing limits amounting to Rs. 6.0 crores extended beyond the originally sanctioned period.

£ : इसमें 11.0 करोड़ रुपये की वे ऋण सीमाएं शामिल हैं, जो मूलतः स्वीकृत अवधि के बाद तक के लिए बढ़ायी गयी हैं ।
Includes borrowing limits amounting to Rs.11.0 crores extended beyond the originally sanctioned period.

* : इसमें 150.0 करोड़ रुपये की वे सीमाएं शामिल हैं, जिनका केवल बेमेल उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया ।
Includes limits of Rs. 150.0 crores sanctioned and utilised exclusively for mismatch purpose.

** : वर्ष 1983-84 के दौरान केवल बेमेल उद्देश्य के लिए स्वीकृत 150.0 करोड़ रुपये की सीमा को 30 सितंबर 1984 तक के लिए बढ़ाकर 200.0 करोड़ रुपये कर दिया गया ।
Limits of Rs. 150.0 crores sanctioned during 1983-84 exclusively for mismatch purpose was enhanced to Rs. 200.0 crores upto September 30, 1984.

££ : दिसंबर 1985 को समाप्त होनेवाले वर्ष के लिए 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15.0 करोड़ रुपये कर दिया गया ।
Enhanced from Rs. 10 crores to Rs. 15.0 crores for the year ended December 1985.

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े उपयोग को दर्शाते हैं ।
Note: Figures in brackets indicate utilisation.

इतनी ही राशि 1983-84 में मंजूर की गयी थी। एक्ज़िम बैंक ने आलोच्य वर्ष के दौरान संपूर्ण राशि का उपयोग किया और 30 जून 1985 को उक्त निधि में से इसकी बकाया उधार की राशि बढ़कर 180 करोड़ रुपये हो गयी।

4.5 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मंजूर की गयी 3 करोड़ रुपये की ऋण की राशि 31 दिसंबर 1984 को समाप्त हुए वर्ष में बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गयी थी और 1985 को समाप्त होनेवाले कैलेंडर वर्ष के लिये उसे और बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया गया। भा. औ. वि. निगम उक्त ऋण सीमा का उपयोग नकदी ऋण सुविधा के रूप में करता है। 30 जून, 1985 को उक्त ऋण की कोई बकाया राशि नहीं थी।

4.6 नवम्बर 1984 में भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम को 12 महीनों के लिये 15 करोड़ रुपये की ऋण-सीमा मंजूर की गयी थी। यह ऋण-सीमा केन्द्रीय सरकार द्वारा गारंटी शुदा थी और इसकी अवधि दिसम्बर 1985 में समाप्त होगी। भा. औ. वि. निगम ने उक्त ऋण-सीमा में से अल्प-अवधियों के लिये कई मौकों पर ऋण प्राप्त किये और 30 जून 1985 को इस ऋण-सीमा में से बकाया राशि 13 करोड़ रुपये थी।

4.7 अखिल भारतीय मीयादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं के अलावा, राज्य वित्तीय निगम भी 90 दिनों की अवधि के लिये सरकारी प्रतिभूतियों पर और 18 महीनों से अनधिक अवधि के लिये संबंधित राज्य सरकारों द्वारा गारंटीशुदा तदर्थ बांडों पर भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण प्राप्त करने के हकदार हैं। 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा गारंटीशुदा तदर्थ बांडों पर 12 राज्य वित्तीय निगमों को कुल 21.6 करोड़ रुपये की नयी ऋण-सीमा मंजूर की गयी। भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी इसी अवधि के दौरान चार राज्य वित्तीय निगमों के संदर्भ में 11.0 करोड़ रुपये की उधार सीमाओं की अवधि को भी बढ़ा दिया। 30 जून 1985 को राज्य वित्तीय निगमों के सभी उधारों की बकाया राशि 6.6 करोड़ रुपये हो गयी।

as that during 1983-84. Exim Bank utilised the entire limit during the year, and its outstanding borrowings from the Fund amounted to Rs. 180 crores as on June 30, 1985.

4.5 The limit of Rs. 3 crores sanctioned by RBI to Industrial Finance Corporation of India (IFCI) was raised to Rs. 10 crores for the year ended December 31, 1984, and was further enhanced to Rs. 15 crores for the calendar year 1985. IFCI utilises the limit as cash credit facility. The outstanding amount against this limit was nil as on June 30, 1985.

4.6 A credit limit of Rs. 15 crores was sanctioned to ICICI in November 1984 for a period of 12 months. This limit was guaranteed by the Central Government and would expire in December 1985. ICICI availed of loans from the limit on several occasions for short durations and the amount outstanding against it as on June 30, 1985 was Rs. 13 crores.

4.7 Besides the all-India term-lending institutions, the State Financial Corporations (SFCs) are also eligible to borrow from the RBI against Government securities for a period of 90 days and against ad-hoc bonds guaranteed by respective State Governments for a period not exceeding 18 months. During 1984-85 (July-June), fresh borrowing limits aggregating Rs. 21.6 crores were sanctioned to 12 SFCs against ad-hoc bonds guaranteed by respective State Governments. The RBI also extended the period of borrowing limits amounting to Rs. 11.0 crores in respect of four SFCs during the same period. The outstanding amount of all borrowings of

मीयादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं के कार्यकलाप

4.8 वित्तीय वर्ष 1984-85 (अप्रैल-मार्च) के दौरान, अखिल भारतीय मीयादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं (अर्थात् भा. औ. वि. बैंक, भा. औ. वि. निगम, भा. औ. ऋ. निगम, भा. औ. पु. बैंक, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, जीवन बीमा निगम और साधारण बीमा निगम और उसकी अनुषंगी संस्थाओं) द्वारा मंजूर और वितरित कुल वित्तीय सहायता क्रमशः 5,296 करोड़ रुपये और 3,142 करोड़ रुपये थी, जबकि 1983-84 के दौरान उक्त राशियां क्रमशः 3,719 करोड़ रुपये और 2,687 करोड़ रुपये थी। पिछले वर्ष की तुलना में, मंजूर राशियों में 42.4 प्रतिशत और वितरित राशियों में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी 4.2)।

4.9 1984-85 के दौरान संस्थाओं द्वारा मंजूर की गयी कुल राशियों में 4,600 करोड़ रुपयों के ऋणों के लिए दी गयी मंजूरी-राशि और शेयरों और डिबेंचरों में हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान के जरिये प्रदान की गयी 696 करोड़ रुपये की अन्य सहायता राशि शामिल है। पिछले वर्ष की तुलना में ऋणों की स्वीकृत राशि 1,271 करोड़ रुपये और हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान की राशि 306 करोड़ रुपये अधिक थी। ऋणों के वितरण की राशि 2,747 करोड़ रुपये थी, जो की 1983-84 की तुलना में 324 करोड़ रुपये अधिक थी। हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान के सम्बन्ध में वितरित की गयी राशि 395 करोड़ रुपये थी, जो 1983-84 की तुलना में 131 करोड़ रुपये अधिक थी।

4.10 इस वर्ष के दौरान सभी संस्थाओं को मंजूर और वितरित सहायता 1983-84 की तुलना में अधिक थी। किन्तु भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने अपनी मंजूर और वितरित राशियों में क्रमशः 1,086 करोड़ रुपये और 197 करोड़ रुपये की सर्वाधिक वृद्धि दर्शायी।

4.11 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और भारतीय औद्योगिक ऋण

SFCs stood at Rs. 6.6 crores as on June 30, 1985.

Operations of Term Lending Institutions

4.8 Total financial assistance sanctioned and disbursed by all-India term lending institutions (i.e., the IDBI, IFCI, ICICI, IRBI, UTI, LIC and GIC and its subsidiaries) during the financial year 1984-85 (April-March) aggregated Rs. 5,296 crores and Rs. 3,142 crores, respectively, compared with Rs. 3,719 crores and Rs. 2,687 crores, respectively, during 1983-84. Sanctions rose by 42.4 per cent and disbursements by 16.9 per cent over the previous year (Table 4.2).

4.9 Total sanctions during 1984-85 by the institutions comprised sanctions of loans of Rs. 4,600 crores and other assistance amounting to Rs. 696 crores by way of underwriting and direct subscriptions to shares and debentures. Sanctions of loans were higher by Rs. 1,271 crores and of underwriting and direct subscriptions by Rs. 306 crores than in the previous year. Disbursements of loans at Rs. 2,747 crores were higher by Rs. 324 crores than in 1983-84. Disbursements on account of underwriting and direct subscriptions at Rs. 395 crores were also higher by Rs. 131 crores than in 1983-84.

4.10 Assistance sanctioned and disbursed during the year was higher than in 1983-84 in case of all the institutions. But, the IDBI recorded the largest increase of Rs. 1,086 crores and Rs. 197 crores in its sanctions and disbursements, respectively.

4.11 The resources position of IDBI, IFCI and ICICI, was further streng-

सारणी 4.2 : 1983-84 और 1984-85 के दौरान मीयादी ऋण देनेवाली संस्थाओं द्वारा सहायता

TABLE - 4.2 : ASSISTANCE BY TERM - LENDING INSTITUTIONS DURING 1983-84 AND 1984-85

(अप्रैल - मार्च)
(APRIL - MARCH)

(करोड़ रुपये)
(Rs. Crores)

संस्थाएं Institutions	ऋण Loans				शेयरों और डिबेंचरों में हमीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान Underwriting and direct subscription to shares and debentures				कुल Total			
	1983-84		1984-85		1983-84		1984-85		1983-84		1984-85	
	स्वीकृत Sanctioned	संवितरित Disbursed	स्वीकृत Sanctioned	संवितरित Disbursed	स्वीकृत Sanctioned	संवितरित Disbursed	स्वीकृत Sanctioned	संवितरित Disbursed	स्वीकृत Sanctioned	संवितरित Disbursed	स्वीकृत Sanctioned	संवितरित Disbursed
भा. औ. वि. बैं. I. D. B. I. +£	2,371.67	1,751.77	3,393.29	1,952.81	79.21	12.09	143.44	8.58	2,450.88	1,763.86	3,536.73 (+ 44.3)	1,961.39 (+ 11.2)
भा. औ. वि. नि. I. F. C. I. +	293.18	219,48	379.15	271.30	28.73	5.92	38.86	4.41	321.91	225,40	418.01 (+ 29.9)	275.71 (+ 22.3)
भा. औ. नि. नि. I. C. I. C. I. + @	404,74	282,37	465,01	332,11	33.76	12.61	48.45	11.87	438,50	294,98	513.47 (+ 17.1)	343.98 (+ 16.6)
भा. औ. प. नि. I. R. B. I.	66.70	38.16	105.85	52.58	–	–	–	–	66.70	38.16	105.85 (+ 58.7)	52.58 (+ 37.8)
जीवन बीमा निगम L. I. C.++	87.46	67.71	89.70	58.60	79.35	73.19	130.97	102.95	166.81	140.90	220.67 (+ 32.3)	161.55 (+ 14.7)
भारतीय यूनिट ट्रस्ट U. T. I.	62.54$	47.21$	118.98$	49.43$	103.25	92.13	238.29	186.81	165.79	139.34	357.27 (+ 115.5)	236.24 (+ 69.5)
सा.बी.नि.एवंस.सं. G. I. C.. and its subsidiaries	42.78	16.54	48.22	29.69	65.71	68.00	95.86	80.85	108.49	84.54	144.08 (+ 32.8)	110.54 (+ 30.8)
जोड़ Total	**3,329.07**	**2,423.24**	**4,600.21**	**2,746.52**	**390.01**	**263.94**	**695.87**	**395.47**	**3,719.08**	**2,687.18**	**5,296.08 (42.4)**	**3,141.99 (16.9)**

£ अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के शेयरों और बांडों में किये गये अभिदानों को छोड़कर सभी तरह की सहायता शामिल है ।
: Includes all types of assistance with the exception of subscription to shares and bonds of all-India financial institutions.

\+ गारंटियां शामिल हैं ।
: Includes guarantees.

++ अल्पावधि ऋण शामिल नहीं हैं ।
: Excludes short-term loans.

@ पूर्तिकर्ताओं की साख और पट्टे पर दिया जाना शामिल है ।
: Excludes suppliers' credit and leasing

$ निजी रूप से रखे गये डिबेंचर ।
: Privately placed debentures.

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े 1984-85 के पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं, जिसके आंकड़े अनन्तिम हैं ।
Note : Figures in brackets indicate percentage variations over the previous year,1984-85 data are provisional.

स्रोत : भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
Source : **Industrial Development Bank of India**

एवं निवेश निगम के संसाधनों की स्थिति को और मजबूत बनाया गया, ताकि वे उद्योगों की ओर से आनेवाली उनकी ऋण संबंधी सहायता के लिये बढ़ती हुई मांग को पूरा कर सकें। उक्त संस्थाओं के रुपया संबंधी संसाधनों में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की पूँजी में सरकार ने अंशदान करके तथा अन्य उपर्युक्त संस्थाओं को ऋण देकर वृद्धि की। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से सहायता देने और बाजार से उधार लेने के कारण भी रुपये के संसाधनों में वृद्धि हुई, विदेशी मुद्रा संबंधी स्रोत में भी वृद्धि हुई जिसका अधिकांश भाग परंपरागत रूप में विश्व बैंक, अन्य विकास वित्त एजेंसियों और बहुपक्षीय तथा द्विपक्षीय सहायता द्वारा प्राप्त होता है, हाल ही के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय पूँजी बाज़ारों से प्राप्त उधारों के कारण भी विदेशी मुद्रा स्रोतों में वृद्धि हुई है। 1984-85 के दौरान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने पहली बार जापानी पूँजी बाज़ार में प्रवेश किया और पूँजीगत माल के आयात संबंधी वित्तपोषण और भारत में औद्योगिक परियोजनाओं द्वारा अपेक्षित सेवाओं के लिये निजी बाँडों की स्थापना के जरिये 10 बिलियन येन का ऋण प्राप्त किया। भारतीय औद्योगिक विकास निगम ने भी इस वर्ष के दौरान, विदेशी बैंकों के सहायता संघ से 20 मिलियन अमेरिकी डालर के यूरो-डालर का ऋण प्राप्त किया। जापानी पूँजी बाज़ार में निजी बाँडों की स्थापना के ज़रिये भारतीय औद्योगिक विकास निगम और भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम में से प्रत्येक ने 5 बिलियन येन का ऋण प्राप्त किया। इसके अलावा, भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम ने 40 मिलियन अमेरिकन डालर, 10 मिलियन पौंड और 30 मिलियन यूरोपीय मुद्रा इकाई के लिए संघीय ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये।

4.12 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, निजी कंपनी क्षेत्र और भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (अब भा. औ. पु. बैंक) जैसी मीयादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं की उपकरण पट्टा गतिविधियों का उल्लेख किया गया था। निजी क्षेत्र की उपकरण पट्टे पर देनेवाली

thened to enable them to meet the increasing demand for their loan assistance from industries. The rupee resources of these institutions were augmented by Government contributions to capital of IDBI and loans to others, RBI assistance under its NIC (LTO) Fund and market borrowings, while foreign currency resources, bulk of which are traditionally provided by the World Bank, other development finance agencies and multilateral and bilateral aid, are also augmented in recent years by borrowings from international capital markets. During 1984–85, IDBI entered the Japanese capital market for the first time and raised 10 billion yen by way of private placement of bonds for financing import of capital goods and services required by industrial projects in India. IFCI also raised during the year a Euro-Dollar loan of US $ 20 million from a consortium of foreign banks. The IFCI and ICICI each raised 5 billion yen by way of private placement of bonds in the Japanese capital market. Besides, ICICI signed syndicated loan agreements for US $ 40 million, £ 10 million and ECU 30 million.

4.12 Mention was made in the last year's Report about equipment leasing activities of private corporate sector and term-lending institutions like ICICI and IRCI (now IRBI). Consolidated data on operations of private sector equipment leasing companies are not available.

कंपनियों के कार्यकलापों के बारे में समेकित आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम द्वारा उपकरण पट्टे के अधीन स्वीकृत सहायता 1983-84 के 19.4 करोड़ रुपये से बढ़कर 1984-85 में 21.6 करोड़ रुपये हो गयी और भारतीय औद्योगिक पुनर्वित्त बैंक द्वारा स्वीकृत सहायता 1.1 करोड़ रुपये से बढ़कर 2.2 करोड़ रुपये हो गयी। जहाँ तक बैंकों का संबंध है, यद्यपि सांविधिक नियमों के अनुसार बैंकिंग कंपनियों उपकरण-पट्टा कारोबार चला सकती हैं और इस प्रकार के कारोबार के लिये अनुषंगी संस्थाओं की स्थापना कर सकती हैं, रिज़र्व बैंक ने इस मामले पर भली-भांति विचार करने के बाद सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को 18 अगस्त, 1984 को यह निदेश दिया कि उन्हें इस प्रकार के कारोबार प्रत्यक्षत: (अर्थात् विभागीय रूप में) नहीं करने चाहिए, बल्कि वे रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमोदन लेकर इस उद्देश्य के लिये अनुषंगी संस्थाओं की स्थापना कर सकते हैं। रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसरण में, किसी बैंक द्वारा प्रवर्तित अनुषंगी कंपनी, जिसमें बैंक के कम-से-कम 51 प्रतिशत शेयर हों, उपकरण पट्टा कारोबार और इसी से सम्बंधित अन्य कार्य कर सकती है। साथ ही उस बैंक को स्वयं उपकरण पट्टा कारोबार में लगी हुई अन्य कंपनियों या संस्थाओं का वित्त पोषण नहीं करना चाहिए। इस प्रकार की अनुषंगी कंपनी को किराया-खरीद का कारोबार नहीं करना चाहिए और इस प्रकार की अनुषंगी कंपनी के शेयरों में बैंक का निवेश और इसके साथ ही उपकरण पट्टा कारोबार को चलानेवाली अन्य कंपनियों के शेयरों में उसका निवेश कुल मिलाकर बैंक की चुकता पूंजी और प्रारक्षित निधि 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। यद्यपि बैंक रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति लेकर विशिष्ट सीमा के भीतर उपकरण पट्टा कारोबार करनेवाली अन्य कंपनियों के शेयरों में निवेश कर सकते हैं, किन्तु वे ऐसी कंपनियों के प्रवर्त्तकों के रूप में काम नहीं कर सकते।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

4.13 1984-85 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भारतीय

Assistance sanctioned under equipment leasing by ICICI rose from Rs. 19.4 crores in 1983-84 to Rs. 21.6 crores in 1984-85 and by IRBI from Rs. 1.1 crores to Rs. 2.2 crores. As regards banks, although the statutory framework enables banking companies to carry on equipment leasing business and set up subsidiaries for carrying on such business, the Reserve Bank, after careful consideration of this matter directed all scheduled commercial banks on August 18, 1984 that they should not themselves undertake directly (i.e. departmentally) such business but may set up subsidiaries for this purpose with its prior approval. In terms of the guidelines issued by the Reserve Bank, a subsidiary company promoted by a bank in which it holds not less than 51 per cent of the shares may undertake equipment leasing business and such other activities as are incidental thereto and the bank itself should not engage in financing of other companies or concerns engaged in equipment leasing. Such a subsidiary should not transact hire-purchase business and a bank's investment in the shares of such subsidiary together with its investment in shares of other companies carrying on equipment leasing business should not in the aggregate exceed 10 per cent of the paid-up capital and reserves of the bank. While banks may invest in shares of other equipment leasing companies within specified limits with the Reserve Bank's prior approval, they cannot act as promoters of such companies.

Industrial Development Bank of India

4.13 Aggregate financial assistance sanc-

औद्योगिक विकास बैंक द्वारा मंजूर की गयी कुल वित्तीय सहायता (वित्तीय संस्थाओं के शेयरों और बॉडों में किये गये अभिदानों को मिलाकर किन्तु गारंटियों को छोड़कर) 3,366 करोड़ रुपये की थी, जो कि 1983-84 के दौरान मंजूर की गयी 2,430 करोड़ रुपयों की राशि की तुलना में 38.5 प्रतिशत अधिक थी (सारणी 4.3)। इस वर्ष के दौरान, वितरित राशियाँ 2,027 करोड़ रुपये थी, जो कि पिछले वर्ष वितरित की गयी 1,766 करोड़ रुपये की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक थी। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अपनी स्थापना के समय से मार्च 1985 के अन्त तक स्वीकृत और वितरित संचयी सहायता की राशि क्रमशः 15,158 करोड़ रुपये और 10,676 करोड़ रुपये थी।

4.14 1984-85 के दौरान, सामान्य ऋण आसान शर्तों पर दिये जानेवाले ऋण, तकनीकी विकास निधि और शेयरों तथा डिबेंचरों की हामीदारी और उसमें प्रत्यक्ष अभिदान के ज़रिये भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा प्रदत्त प्रत्यक्ष औद्योगिक सहायता कुल मिलाकर 1,298 करोड़ रुपये हो गयी, जो कि 1983-84 के 743 करोड़ रुपये की तुलना में पर्याप्त अधिक थी और यह राशि इस वर्ष की कुल सहायता राशि की 38.6 प्रतिशत थी, जबकि पिछले वर्ष यह 30.6 प्रतिशत थी। यद्यपि प्रत्यक्ष सहायता का वितरण 508 करोड़ रुपये था, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में केवल 22 करोड़ रुपये अधिक था और वह 1983-84 के 27.5 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 25.1 प्रतिशत था। 1984-85 के दौरान, अप्रत्यक्ष सहायता (औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त और बिलों की पुनर्भुनाई योजनाओं के अधीन) की मंजूर और वितरित राशियाँ कुल 1,936 करोड़ रुपये और 1,408 करोड़ रुपये थीं और उनमें पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 19.1 प्रतिशत और 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 1984-85 के दौरान, अप्रत्यक्ष सहायता की मंजूर राशि कुल मंजूर राशि का 57.5 प्रतिशत (1983-84 में 66.8 प्रतिशत) थी और अप्रत्यक्ष सहायता की वितरित राशि कुल वितरण की 69.5 प्रतिशत (1983-84 में 69.7 प्रतिशत) थी।

tioned (excluding guarantees but including subscriptions to shares and bonds of financial institutions) by IDBI during 1984-85 (April-March) at Rs. 3,366 crores was 38.5 per cent higher than Rs. 2,430 crores sanctioned during 1983-84 (Table 4.3). Total disbursements during the year at Rs. 2,027 crores were also 14.8 per cent higher than Rs. 1,766 crores in the preceding year. Cumulative assistance sanctioned and disbursed by IDBI since its inception up to end-March 1985 stood at Rs. 15,158 crores and Rs. 10,676 crores, respectively.

4.14 During 1984-85, direct industrial assistance by IDBI through normal loans, soft loans, Technical Development Fund and underwriting of and direct subscriptions to shares and debentures aggregated Rs. 1,298 crores, which was substantially higher than Rs. 743 crores in 1983-84 and constituted 38.6 per cent of total assistance as against 30.6 per cent in the last year. Disbursement of direct assistance at Rs. 508 crores was, however, higher by only Rs. 22 crores and formed 25.1 per cent of total disbursement compared with 27.5 per cent in 1983-84. Sanctions and disbursements of indirect assistance (under the schemes of refinance of industrial loans and rediscounting of bills) during 1984-85 aggregated Rs. 1,936 crores and Rs. 1,408 crores and showed a rise of 19.1 per cent and 14.4 per cent, respectively, over the previous year. During 1984-85, sanctions of indirect assistance constituted 57.5 per cent of total sanctions (66.8 per cent in 1983-84) and disbursements of indirect assistance 69.5 per cent of total disbursements (69.7 per cent in 1983-84).

सारणी 4.3 : 1983-84 तथा 1984-85 (अप्रैल-मार्च) के दौरान तथा स्थापना के समय से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा स्वीकृत तथा सहायता प्राप्त प्रतिष्ठानों द्वारा उपयोग की गयी वित्तीय सहायता

TABLE 4.3 : ASSISTANCE SANCTIONED BY THE IDBI AND UTILISED BY THE ASSISTED CONCERNS DURING 1983-84 AND 1984-85 (APRIL-MARCH) AND SINCE INCEPTION

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

सहायता के प्रकार Type of Assistance	मंजूरियां (प्रभावी) Sanctions (Effective) 1983-84*	1984-85*	स्थापना से लेकर मार्च 1985* के अंत तक संचयी मंजूरियां Cumulative sanctions since inception upto end March 1985*	संवितरण Disbursements 1983-84*	1984-85*	स्थापना से लेकर मार्च 1985* के अंत तक संवितरण Cumulative disbursements since inception upto end March 1985*
1	2	3	4	5	6	7
1. प्रत्यक्ष औद्योगिक सहायता Direct Industrial Assistance	743.2 (30.6)	1,298.2 (38.6)	5,118.2 (33.8)	486.2 (27.5)	508.0 (25.1)	3,145.9 (29.5)
(क) औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्रत्यक्ष ऋण (a) Direct loans to industrial concerns	664.0	1,154.8	4,615.2	474.1	499.4	3,001.7
(i) सामान्य Normal	596.2	979.1	3,890.3	418.4	447.5	2,528.3
(ii) सुलभ ऋण सहायता Soft loan assistance	50.1	149.1	618.6	44.5	38.6	398.6
(iii) तकनीकी विकास निधि Technical Development Fund	17.7	23.3	103.0	11.2	13.3	74.8
(iv) उपकरण वित्त Equipment Finance	—	3.3	3.3	—	—	—
(ख) औद्योगिक संस्थाओं के शेयरों और डिबेंचरों की हामीदारी और उनमें प्रत्यक्ष अभिदान (b) Underwriting of and direct subscriptions to shares and debentures of industrial concerns	79.2	143.4	503.0	12.1	8.6	144.2
2. औद्योगिक ऋणों का पुनर्वित्त Refinance of industrial loans	961.1 (39.5)	1,301.6 (38.7	6,179.6 (40.7)	730.8 (41.4)	930.4 (45.9)	4,509.4 (42.2)
3. बिलों की पुनर्भुनाई Rediscounting of bills	663.7 (27.3)	634.1 (18.8)	3,271.9 (21.6)	499.8 (28.3)	477.8 (23.6)	2,483.6 (23.3)
4. वित्तीय संस्थाओं के शेयरों और बांडों में अभिदान Subscriptions to shares and bonds of financial institutions	51.4 (2.1)	118.4 (3.5)	547.3 (3.6)	41.3 (2.4)	101.4 (5.0)	513.5 (4.8)
5. प्रारंभिक पूंजी Seed capital	10.9 (0.5)	13.8 (0.4)	40.7 (0.3)	7.4 (0.4)	9.1 (0.4)	24.0 (0.2)
कुल (1 से 5) Total (1 to 5)	**2,430.3 (100.0)**	**3,366.1 (100.0)**	**15,157.7 (100.0)**	**1,765.5 (100.0)**	**2,026.7 (100.0)**	**10,676.4 (100.0)**
6. ऋणों और आस्थगित भुगतानों के लिये गारंटियां Guarantees for loans and deferred payments	23.1	238.1	329.3	0.9	2.2	26.8

* : आंकड़े अनंतिम हैं। Provisional

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े जोड़ में प्रतिशत दर्शाते हैं।
Note : Figures in brackets are percentages to total.

स्रोत : भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
Source : Industrial Development Bank of India.

4.15 1984-85 के दौरान, समस्त प्रत्यक्ष सहायता योजनाओं के अधीन और औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त के अधीन मंजूर राशियाँ पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक थीं। फिर भी, बिल-पुनर्भुनाई योजना के अधीन मंजूर राशियों में मामूली-सी कमी आयी है। प्रत्यक्ष सहायता योजनाओं के मामले में, सुलभ ऋण योजना के अधीन मंजूर राशियाँ दुगुनी से अधिक अर्थात् 50 करोड़ रुपये से बढ़कर 149 करोड़ रुपये हो गयीं और परियोजना वित्त (सामान्य ऋण और हामीदारी) के अधीन पर्याप्त रूप में बढ़कर 675 करोड़ रुपये से 1,123 करोड़ रुपये हो गयीं, तकनीकी विकास निधि के अधीन मंजूर राशियाँ 18 करोड़ रुपये से बढ़कर 23 करोड़ रुपये हो गयीं। परियोजना वित्त (ऋण और हामीदारी) के अधीन वितरित राशियाँ 431 करोड़ रुपये से बढ़कर 456 करोड़ रुपये हो गयीं, औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त के अधीन वितरित राशियाँ 731 करोड़ रुपये से बढ़कर 930 करोड़ रुपये हो गयी और तकनीकी विकास निधि के अधीन वितरित राशि 11 करोड़ रुपये से बढ़कर 13 करोड़ रुपये हो गयी। बिल पुनर्भुनाई योजना के अधीन वितरित राशि 500 करोड़ रुपये से घटकर 478 करोड़ रुपये और सुलभ ऋण योजना के अधीन 45 करोड़ रुपये से घटकर 39 करोड़ रुपये रह गयी।

4.16 1984-85 के दौरान, जापानी पूंजी बाजार से 10 बिलियन येन के ऋण प्राप्त करने के अलावा, भा. औ. वि. बैंक ने उपकरण वित्त योजना के रूप में एक नयी योजना प्रारंभ की जिससे औद्योगिक संस्थानों को उन मामलों में, जहाँ वे किसी विशिष्ट परियोजना के अंश नहीं हैं, पूँजीगत माल और उपकरण के आयात के लिये विदेशी मुद्रा ऋण दिया जा सके। इस योजना के अधीन, इस वर्ष के दौरान 3 करोड़ रुपयों की सहायता मंजूर की गयी थी।

राज्य वित्तीय निगम

4.17 राज्य वित्तीय निगम की जो लघु और मझौले उद्यमों को दीर्घावधि वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं, 1984-85 (अप्रैल-मार्च) के दौरान उसकी मंजूर राशियों में 9.1 प्रतिशत तथा वितरित राशियों में 14.4 प्रतिशत

4.15 During 1984-85, sanctions under all direct assistace schemes and under refinance of industrial loans were significantly higher than in the previous year. Sanctions under the bills rediscounting scheme, however, declined marginally. In the case of direct assistance schemes, sanctions under the soft loan scheme more than doubled from Rs. 50 crores to Rs. 149 crores and under project finance (normal loans and underwriting) increased substantially from Rs. 675 crores to Rs. 1,123 crores; sanctions under Technical Development Fund rose from Rs. 18 crores to Rs. 23 crores. Disbursements under project finance (loans and underwriting) increased from Rs. 431 crores to Rs. 456 crores, under refinance of industrial loans from Rs. 731 crores to Rs. 930 crores, and under Technical Development Fund from Rs. 11 crores to Rs. 13 crores. Disbursements under bills rediscounting scheme declined from Rs. 500 crores to Rs. 478 crores and those under the soft loan scheme from Rs. 45 crores to Rs. 39 crores.

4.16 During 1984-85, besides raising 10 million yen from the Japanese capital market, IDBI introduced a new scheme called Equipment Finance Scheme to provide foreign currency loans to industrial concerns for import of capital goods and equipment in cases where they do not form part of any specific project. Under this scheme, assistance of Rs. 3 crores was sanctioned during the year.

State Financial Corporations

4.17 State Financial Corporations (SFCs) which provide long-term financial assistance to small and medium-scale enterprises, recorded a rise of 9.1 per cent in sanctions and 14.4 per cent in

की वृद्धि हुई। 18 राज्य वित्तीय निगमों (तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लि. सहित) द्वारा मंजूर कुल सहायता 1983-84 के 655 करोड़ रुपयों की तुलना में 1984-85 के दौरान 715 करोड़ रुपये की थी (सारणी 4.4)। समस्त राज्य वित्तीय निगमों द्वारा वितरित राशियां पिछले वर्ष के 434 करोड़ रुपयों की तुलना में इस वर्ष के दौरान 496 करोड़ रुपये हो गयी। मार्च 1985 के अन्त में कुल बकाया ऋण 1,941 करोड़ रुपये के थे। इस वर्ष के दौरान कुल 18 राज्य वित्तीय निगमों में से 11 राज्य वित्तीय निगमों ने मंजूर और वितरित दोनों ही राशियों में वृद्धि दर्शायी (सारणी 4.4)।

disbursements during 1984-85 (April-March). Total assistance sanctioned by 18 SFCs (including Tamil Nadu Industrial Investment Corporation Ltd.) amounted to Rs. 715 crores during 1984-85 compared with Rs. 655 crores in 1983-84 (Table 4.4). Disbursements during the year by all SFCs amounted to Rs. 496 crores compared with Rs. 434 crores in the previous year. Total loans outstanding as at the end of March 1985 stood at Rs. 1,941 crores. Out of total 18 SFCs, 11 recorded rise in both sanctions and disbursements during the year.

सारणी 4.4 : राज्य वित्तीय निगमों के कार्य (अप्रैल-मार्च)

Table 4.4 : Operations of State Financial Corporations (April-March)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

	1983-84	1984-85 अ P
मंजूर सहायता Assistance sanctioned	655.1	715.0
संवितरित सहायता Assistance disbursed	433.6	496.1
मार्च के अंत में बकाया ऋण Loans outstanding as at the end of March	1,824.2	1,940.6

अ : अनंतिम
P : Provisional.

स्रोत : भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
Source : Industrial Development Bank of India.

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

4.18 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान, भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने अपने कार्यकलापों के विभिन्न क्षेत्रों में नये रिकॉर्ड स्थापित किये। इस वर्ष सभी योजनाओं के अधीन यूनिटों की समग्र बिक्री 756 करोड़ रुपये थी जो ट्रस्ट की स्थापना के समय से सर्वोच्च थी जो कि 129 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है, 1983-84 में भी 98 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी (सारणी 4.5)। इस वर्ष के दौरान यूनिटों की बिक्री में इस प्रशंसनीय वृद्धि के लिये

Unit Trust of India

4.18 During 1984-85 (July-June), Unit Trust of India (UTI) attained new records in different areas of its operations. Gross sales of units during the year under all schemes at Rs. 756 crores were the highest since its inception recording a rise of 129 per cent on top of an increase of 98 per cent in 1983-84 (Table 4.5). Declaration of higher rates of

योगदान देनेवाले महत्त्वपूर्ण तत्त्व थे - 1983-84 के लिये लाभांश की उच्चतर दरों की घोषणा, मासिक आय यूनिट योजना का पुन: प्रारंभ और आय यूनिट योजना, 1985 का प्रारंभ। 1984-85 के दौरान यूनिट योजना 1964 के अधीन यूनिटों की बिक्री में 137 प्रतिशत की वृद्धि हुई और वह 382 करोड़ रुपये तक पहुँच गयी। यूनिट योजना 1971 (यूनिट सम्बद्ध बीमा योजना) के अधीन यूनिटों की बिक्री इस वर्ष के दौरान बढ़ गयी। 58 करोड़ रुपयों की लक्ष्य राशि के लिये इस योजना में 44,600 नये सदस्य सम्मिलित हुए इससे सदस्यता में 28 प्रतिशत और राशि में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई। धर्मार्थ और धार्मिक ट्रस्ट और पूंजीकृत समितियों के लिये यूनिट योजना के अधीन हुई बिक्री में पिछले वर्ष के 6 करोड़ रुपये की तुलना में 10 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। तीन नयी योजनाओं अर्थात् मासिक आय यूनिट योजना 1984, मासिक आय यूनिट योजना 1985 और आय यूनिट योजना 1985 के अन्तर्गत इस वर्ष हुई वृद्धि कुल मिलाकर 128 करोड़ रुपये की हो गयी। मासिक आय यूनिट योजना 1984 और मासिक आय यूनिट योजना 1985 के अधीन बिक्री क्रमश: 1 सितम्बर से 31 अक्तूबर, 1984 तक और 1 मार्च, 1985 से 30 अप्रैल 1985 तक उपलब्ध थी। आय यूनिट योजना 1985 (संचयी और गैर-संचयी) 1 जनवरी 1985 से दो महीनों की अवधि के लिये प्रारंभ की गयी थी। पाँच वर्षों में समाप्त होनेवाली इस योजना में अर्जित लाभ की वृद्धि-दर का लक्ष्य इस प्रकार रखा गया था-प्रथम वर्ष के लिये 12.0 प्रतिशत, अगले दो वर्षों के लिये 12.5 प्रतिशत और शेष अवधि के लिये 13.0 प्रतिशत। इसमें दो विकल्पों का प्रावधान रखा गया था,। अर्थात् निवेशकर्ता चाहे तो छमाही लाभांश अदायगी (गैर-संचयी) का विकल्प दे सकता हैं या फिर लाभांश के स्वत: पुनर्निवेश (संचयी) का। यद्यपि यह एक पंचवर्षीय योजना थी, फिर भी तीसरे वर्ष अर्थात् 1 जनवरी, 1988 के बाद से पुन: खरीद की अनुमति दी गयी थी। इस योजना को निवासी व्यक्तियों, अल्पवयस्कों और पात्र संस्थाओं अर्थात् धर्मार्थ या धार्मिक ट्रस्टों या वृद्धों, विधवाओं और शारीरिक तथा मानसिक रूप से

dividend for 1983-84, reintroduction of the Monthly Income Unit Scheme (MIS) and introduction of Income Unit Scheme (IUS) 1985 were the important factors which contributed to this impressive growth in sales of units during the year. Sales of units under the Unit Scheme 1964 during 1984-85 rose by 137 per cent to Rs. 382 crores. The sale of units under the Unit Scheme 1971 (Unit Linked Insurance Plan) increased during the year : 44,600 new members joined the scheme for a target amount of Rs. 58 crores, showing an increase of 28 per cent in membership and 48 per cent in amount. Sales under the Unit Scheme for Charitable and Religious Trusts and Registered Societies (CRTS) rose to Rs. 10 crores from Rs. 6 crores in the previous year. Sales during the year under the three new schemes, viz., MIS 1984, MIS 1985 and IUS 1985 together amounted to Rs. 128 crores. Sales under MIS 1984 and MIS 1985 were on tap from September 1, to October 31, 1984 and from March 1, 1985 to April 30, 1985, respectively. IUS 1985 (Cumulative and Non-cumulative) was launched on January 1, 1985 for a period of two months. This five-year close-ended scheme envisaged growing rate of return - 12.0 per cent for the first year, 12.5 per cent for the next two years and 13.0 per cent for the remaining period. It provided for two options viz., an investor could opt either for half-yearly dividend payment (non-cumulative) or for automatic dividend reinvestment (cumulative). Though this is a five-year scheme, repurchases are allowed after the third year, i.e., from January 1, 1988. The scheme was kept open to resident individuals, minors and eligible institutions i.e., charitable or religious trusts or endowments and registered societies

सारणी 4.5 : भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा योजनावार बिक्री और पुनःखरीद
TABLE 4.5 : SCHEME-WISE SALES AND REPURCHASES BY UTI

(वर्ष : जुलाई - जून) (YEAR : JULY - JUNE)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

योजनाएँ Schemes	बिक्री Sales		पुनःखरीद Repurchases		बकाया (30 जून को) Outstanding (as on June 30)	
	1983-84	1984-85@	1983-84	1984-85@	1984	1985@
यूनिट योजना 1964 Unit Scheme 1964	161.2	381.6	10.5	12.3	647.1	1,016.3
यूनिट योजना 1971 (यूनिट संबद्ध बीमा पॉलिसी) Unit Scheme 1971 (ULIP)	25.7**	31.5**	4.8	5.5	85.4	111.5
धर्मार्थ और धार्मिक न्यास तथा पंजीकृत सामतियाँ योजना 1981 C. R. T. S. Scheme 1981	6.3	10.1	0.1@@	0.5@@	22.6	32.1
आय यूनिट योजना 1982 Income Unit Scheme 1982	$	—	..@@	0.6	67.1	66.6
मासिक आय यूनिट योजना 1983 Monthly Income Unit Scheme 1983	0.5$$	—	0.3@@	0.5@@	49.2	48.7£
वृद्धि और आय यूनिट योजना, 1983 Growth and Income Unit Scheme 1983	—	*	0.1	0.2	13.4	13.2
मासिक आय यूनिट योजना (2) 1983 Monthly Income Unit Scheme (2) 1983	33.6	+	..@@	0.3@@	33.6	33.3
पूँजीगत लाभ यूनिट योजना 1983 Capital Gains Unit Scheme 1983	102.9	205.2	—	0.2@@	102.9	307.8
मासिक आय यूनिट योजना (3) 1984 Monthly Income Unit Scheme (3) 1984	—	41.9	—	0.1@@	—	41.9
आय यूनिट योजना 1985 Income Unit Scheme 1985	—	55.2	—	—	—	55.2
मासिक आय यूनिट योजना (4) 1985 Monthly Income Unit Scheme (4) 1985	—	30.7	—	—	—	30.7
कुल Total	**330.2**	**756.2**	**15.7**	**20.2**	**1,021.3**	**1,757.3**

@ : अनन्तिम
Provisional

.. : पांच लाख रुपये से कम राशि
Amount less than Rs. five lakhs

@@ : अवधि पूर्ण होने से पहले निकाली गयी राशियाँ
Premature withdrawals

* : 1984-85 के दौरान आपत्तियों के निराकरण के बाद की गयीं 0.03 लाख रुपये की बिक्रियां
Sales effected during 1984-85 on clearance of objections for Rs. 0.03 lakh.

+ : 1984-85 के दौरान आपत्तियों के निराकरण के बाद की गयीं 0.15 लाख रुपये की बिक्रियां
Sales effected during 1984-85 on clearance of objections for Rs. 0.15 lakh.

£ : 1984-85 के दौरान आपत्तियों के निराकरण पर पूंजीकृत 0.10 लाख रुपये शामिल
Includes Rs. 0.10 lakh capitalised on clearance of objections during 1984-85.

** : इसमें नये सदस्यों के अभिदानों से बिक्री की राशियाँ, वर्तमान सदस्यों से नवीकृत अभिदान राशियाँ तथा वर्तमान सदस्यों को देय लाभांश शामिल हैं।
Represents sales from contributions from new members, renewal contributions from existing members and dividend payable to existing members

$: वर्ष 1983-84 के दौरान आपत्तियाँ दूर होने पर की गयीं 0.12 लाख रुपये की बिक्रियां
Sales effected during 1983-84 on clearance of objections for Rs. 0.12 lakh.

$$: वर्ष 1983-84 के दौरान आपत्तियां दूर करने पर की गयी बिक्रियां
Sales effected during 1983-84 on clearance of objections

स्रोत : भारतीय यूनिट ट्रस्ट
Source : Unit Trust of India

विकलांग व्यक्तियों के कल्याण-कार्य में लगी हुई धर्मादा और पंजीकृत समितियों के लिये खुला रखा गया था। इस योजना में निवेश के प्रति बहुत रुचि दिखायी गयी। दिसम्बर 1983 में प्रारंभ की गयी पूंजी लाभ यूनिट योजना के अंतर्गत हुई बिक्री पिछले वर्ष के 103 करोड़ रुपये की तुलना में 1984-85 में प्रायः दुगुनी अर्थात् 205 करोड़ रुपये थी। इससे निवेशकर्ताओं में इस योजना की लोकप्रियता का पता लगता है।

4.19 1984-85 के दौरान, यूनिट योजना 1964 और यूनिट योजना 1971 यूतिप के अधीन लगातार छठे वर्ष और धर्मार्थ और धार्मिक ट्रस्ट तथा पंजीकृत समितियों की यूनिट योजना के अधीन लगातार तीसरे वर्ष लाभांशों में वृद्धि की गयी। यूनिट योजना 1964 के अधीन लाभांश की दर 1983-84 के 14.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 1984-85 में 14.25 प्रतिशत, यूनिट योजना 1971 के अधीन 11.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.0 प्रतिशत और धर्मार्थ और धार्मिक ट्रस्ट तथा पंजीकृत समितियों की यूनिट योजना 1981 के अधीन 13.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 13.25 प्रतिशत कर दी गयी। पूंजी लाभ यूनिट योजना के मामले में, लाभांश की दर 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत कर दी गयी।

4.20 अप्रयुक्त ग्रामीण बचत राशियों को काम में लाने के लिये ट्रस्ट ने ग्रामीण क्षेत्रों में यूनिटों की अभिवृद्धि (पीयूआरए) नामक एक परियोजना प्रारंभ की। ग्रामीण क्षेत्रों में यूनिटों की अभिवृद्धि के लिये उक्त परियोजना में कंपनियों द्वारा पहले से ही स्थापित ग्रामीण विपणन केन्द्रों से जोड़ने की रूपरेखा बनायी गयी है। यह परियोजना सदर्न पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लि. के साथ तमिलनाडु में प्रारंभ की गयी थी और इसके साथ ही गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स कंपनी लि. के सहयोग से यह गुजरात के चुने हुए जिलों में भी कार्यरत है। यूनिटों की अभिवृद्धि के लिये प्रारंभ किये गये अन्य उपायों में अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कारोबार बढ़ाने के लिये एजेंटों को भारी प्रोत्साहन कमीशन देना, एजेंटों और मुख्य प्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि करना और कल्पनाशील प्रचार कार्यक्रमों को अपनाया जाना शामिल है।

engaged in the welfare of old people, widows and physically and mentally handicapped persons. The response to this scheme was very encouraging. Sales under the Capital Gains Unit Scheme introduced in December 1983 nearly doubled to Rs. 205 crores in 1984-85 from Rs. 103 crores in the previous year thus showing popularity of the scheme with investors.

4.19 Dividends during 1984-85 were stepped up under the Unit Scheme 1964, and the Unit Scheme 1971 (ULIP) for the sixth successive year and under CRTS for the third year in succession. The rate of dividend was raised from 14.0 per cent in 1983-84 to 14.25 per cent in 1984-85 under the Unit Scheme 1964, from 11.5 per cent to 12.0 per cent under the Unit Scheme 1971 (ULIP) and from 13.0 per cent to 13.25 per cent under CRTS 1981. In the case of Capital Gains Unit Scheme, the dividend was increased from 8 per cent to 8.25 per cent.

4.20 The Trust launched a project called Promotion of Units in Rural Areas (PURA) to mobilise untapped rural savings. The project envisages link-up with rural marketing outlets, already established by companies, for promotion of units in rural areas. This project was introduced in Tamil Nadu in association with Southern Petrochemical Industries Corporation Ltd. and is also in operation in selected districts of Gujarat in collaboration with Gujarat State Fertilizers Company Ltd. Other measures introduced to promote units include higher incentive commission to agents for business from semi-urban and rural areas, augmenting the strength of agents and chief representatives, and adoption of imaginative publicity programmes.

4.21 समस्त योजनाओं के अधीन, ट्रस्ट की समग्र यूनिट पूंजी 30 जून 1984 के 1,021 करोड़ रुपयों से पर्याप्त मात्रा में बढ़कर 30 जून 1985 को 1,757 करोड़ रुपये हो गयी। 30 जून 1985 को ट्रस्ट की कुल निवेश योग्य निधि 2,210 करोड़ रुपये हो गयी, जबकि एक वर्ष पूर्व यह राशि 1,261 करोड़ रुपये थी। जून 1985 के अंत में, कुल निवेश योग्य निधियों में से, 279 करोड़ रुपये (12.6 प्रतिशत) ईक्विटी शेयरों में, 10 करोड़ रुपये (0.5 प्रतिशत) अधिमान शेयरों में, 831 करोड़ रुपये (37.6 प्रतिशत) डिबेंचरों में और शेष 1,089 करोड़ रुपये (49.3 प्रतिशत) निवेश संबंधी वचनबद्धताओं, गैर-जमानती अल्पावधि जमाराशियों और मांग तथा अल्पसूचना पर प्रतिदेय राशि के लिए मुख्य रूप से अग्रिम जमाराशियों के रूप में निवेश किये गये।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

4.22 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआइसीजीसी) ने बैंकों में छोटे जमाकर्ताओं को बीमा संबंधी सुरक्षा देने और छोटे उधारकर्ताओं (जिनमें कृषक, ग्रामीण कारीगर आदि शामिल हैं), विशेष रूप से वे जो समाज के कमजोर और उपेक्षित क्षेत्रों से संबद्ध हैं, के कतिपय वर्गों को पात्र ऋण-संस्थाओं द्वारा ऋण-सुविधाओं को प्रदान करने के संदर्भ में गारंटी समर्थन देने के अपने दोहरे लक्ष्यों में महत्त्वपूर्ण प्रगति की।

निक्षेप बीमा के कार्यकलाप

4.23 बीमाकृत बैंकों की संख्या जून 1984 के अंत के 1,773 से बढ़कर जून 1985 के अंत में 1,821 हो गयी, इसमें 84 वाणिज्य बैंक, 180 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 1557 सहकारी बैंक शामिल हैं। जून 1985 के अंत तक इस योजना में 14 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और

4.21 Aggregate unit capital of the Trust under all its schemes increased substantially from Rs. 1,021 crores as on June 30, 1984 to Rs. 1,757 crores as on June 30, 1985. Total investible funds of the Trust as on June 30, 1985 aggregated Rs. 2,210 crores, as against Rs. 1, 261 crores a year before. Out of total investible funds at the end of June 1985, Rs. 279 crores (12.6 per cent) were invested in equity shares, Rs. 10 crores (0.5 per cent) in preference shares, Rs. 831 crores(37.6 per cent) in debentures and the balance of Rs. 1,089 crores (49.3 per cent) was mainly in advance deposits against investment commitments, unsecured short-term deposits, and money at call and short notice.

Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation

4.22 The Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation (DI&CGC) made significant progress in achieving its twin objectives of giving insurance protection to small depositors in banks and guarantee support to credit facilities extended by eligible credit institutions to certain categories of small borrowers (including farmers, village artisans, etc.), particularly those belonging to the weaker and hitherto neglected sections of the society.

Deposit Insurance Function

4.23 The number of insured banks increased from 1,773 at the end of June 1984 to 1,821 by the end of June 1985, comprising 84 commercial banks, 180 regional rural banks (RRBs) and 1,557 co-operative banks. By the end of June 1985, the Scheme covered co-operative banks in fourteen states viz., Andhra pradesh, Gujarat, Himachal Pradesh,

पश्चिम बंगाल तथा 3 संघशासित क्षेत्रों अर्थात् दिल्ली, गोवा, दमण और दीव तथा पांडिचेरी के सहकारी बैंक शामिल हैं। बिहार, हरियाणा और सिक्किम के मामले में, बिहार राज्य सरकार द्वारा पारित बिहार राज्य सहकारी समिति अधिनियम, हरियाणा राज्य सरकार द्वारा पारित सहकारी समिति विधेयक और सिक्किम राज्य में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 के विस्तार से संबंधित संशोधन भारतीय रिज़र्व बैंक के विचाराधीन हैं। शेष राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में स्थिति अपरिवर्तित है।

Jammu & Kashmir, Karnataka, Kerala, Madhya Pradesh, Maharashtra, Orissa, Rajasthan, Tamil Nadu, Tripura, Uttar Pradesh and West Bengal and three Union Territories viz., Delhi, Goa, Daman & Diu and Pondicherry. As regards Bihar, Haryana and Sikkim, the amendment to the Bihar State Co-operative Societies Act as passed by the Bihar State Government, the Co-operative Societies Bill as passed by the Haryana State Government and extension of DI&CGC Act, 1961 to the State of Sikkim are under consideration of the Reserve Bank of India. The position in the remaining States/Union Territories remains unchanged.

4.24 बीमा सुरक्षा की सीमा और बीमा प्रीमियम की दर क्रमशः प्रति बैंक प्रति जमाकर्ता 30,000 रुपये और प्रति वर्ष प्रति 100 रुपये पर 4 पैसे की दर से अपरिवर्तित बनी रही। जून 1983 के अंत में कर निर्धारणीय जमाराशियाँ 50,797 करोड़ रुपयों से बढ़कर जून 1984 के अंत में 61,880 करोड़ रुपये हो गयीं। प्रीमियम आय में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और वह 24.86 करोड़ रुपयों से बढ़कर 28.97 करोड़ रुपये हो गयीं और इसके परिणामस्वरूप जमा बीमा निधि में इस वर्ष 41.89 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और वह दिसंबर 1984 के अंत में 218.89 करोड़ रुपये हो गयी। अब उक्त निधि कुल कर-निर्धारणीय जमाराशियों का 0.35 प्रतिशत और सकल बीमाकृत जमाराशियों का 0.47 प्रतिशत है।

4.24 The limit of insurance cover and the rate of insurance premium remained unchanged at Rs. 30,000 per depositor per bank and at 4 paise per Rs. 100 per annum, respectively. The amount of assessable deposits increased from Rs. 50,797 crores at the end of June 1983 to Rs. 61,880 crores at the end of June 1984. The premium income rose by 16.5 per cent from Rs. 24.86 crores to Rs. 28.97 crores and consequently the Deposit Insurance Fund increased over the year by Rs. 41.89 crores to Rs. 218.89 crores by the end of December 1984. The Fund now constitutes 0.35 per cent of the total assessable deposits and 0.47 per cent of the aggregate insured deposits.

4.25 जून 1984 के अंत में, पूरी तरह संरक्षित खाते, जमा खातों की कुल संख्या के 98.7 प्रतिशत और बीमाकृत जमाराशियां, कुल कर-निर्धारणीय जमाराशियाँ का 74.8 प्रतिशत थीं। योजना के प्रारम्भ के समय से जून 1985 के अंत तक 14 वाणिज्य बैंकों और 13 सहकारी बैंकों के संदर्भ में जमा बीमा दावों की प्रदत्त और प्रावधान की कुल राशि क्रमशः

4.25 As at the end of June 1984, fully protected accounts formed 98.7 per cent of the total number of deposit accounts and insured deposits formed 74.8 per cent of the total assessable deposits. The total amount of deposit insurance claims paid and provided for since inception of the Scheme upto the end of June 1985 in

1.13 करोड़ रुपये और 2.12 करोड़ रुपये थीं। निगम ने वाणिज्य/सहकारी बैंकों से चुकौती के रूप में 1.08 करोड़ रुपयों की राशि प्राप्त की।

ऋण गारंटी के कार्यकलाप

गैर-औद्योगिक क्षेत्र

4.26 जून 1985 के अंत में, 232 बैंकों – 75 वाणिज्य बैंकों और 157 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने निगम की लघु ऋण-गारंटी योजना, 1971 में भाग लिया था। लघु ऋण (वित्तीय निगम) गारंटी योजना, 1981 में भाग लेनेवाली ऋण-संस्थाओं की संख्या में 1 की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 19 हो गयी। जून 1985 के अंत में सेवा सहकारी समिति गारंटी योजना 1971 में भाग लेनेवाली ऋण संस्थाओं की संख्या 169 थी, उसमें 61 वाणिज्य बैंक, 71 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 37 सहकारी बैंक शामिल थे।

4.27 उक्त योजनाओं के अधीन गारंटीकृत अग्रिमों की कुल राशि जून 1985 के अंत में 8,134 करोड़ रुपये हो गयी। इस प्रकार जून 1984 के अन्त की 7,099 करोड़ रुपयों की अग्रिम की राशि को देखते हुए उसमें इस वर्ष 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी 4.6) और 1972 से उसमें 39 गुनी वृद्धि हुई। लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित वाणिज्य बैंक भाग ले रहे हैं, उन्होंने कुल गारंटीकृत अग्रिमों का अधिकांश अर्थात् कुल का 99.2 प्रतिशत अंश बनाये रखा। कृषकों और खेतिहरों को प्रदान किये जानेवाले अग्रिम गैर-औद्योगिक क्षेत्रों को प्रदान किये गये गारंटीकृत अग्रिमों के 58.2 प्रतिशत के प्रमुख अंश के रूप में बने रहे, तदनन्तर परिवहन चालक (17.9 प्रतिशत), खुदरा व्यापारी (10.6), कारोबारी उद्यम (4.9 प्रतिशत), व्यावसायिक और स्व-नियोजित व्यक्ति (5.0 प्रतिशत) और विभेदक ब्याज-दर योजना के अन्तर्गत उधारकर्ताओं की शेष श्रेणी (3.4 प्रतिशत) को दिये जानेवाले ऋण आते हैं।

respect of 14 commercial banks and 13 co-operative banks aggregated Rs. 1.13 crores and Rs. 2.12 crores, respectively. The Corporation has received from the commercial/co-operative banks Rs. 1.08 crores towards repayment.

Credit Guarantee Function

Non-Industrial Sector

4.26 At the end of June 1985, 232 banks-75 commercial and 157 regional rural banks-were participating in the Corporation's Small Loans Guarantee Scheme, 1971. The number of credit institutions participating in the Small Loans (Financial Corporations) Guarantee scheme, 1971 increased by 1 to 19. The number of credit institutions participating in the Service Co-operative Societies Guarantee Scheme, 1971 stood at 169 at the end of June 1985 comprising 61 commercial banks, 71 regional rural banks and 37 co-operative banks.

4.27 Total amount of advances guaranteed under these schemes increased to Rs. 8,134 crores at the end of June 1985 from Rs. 7,099 crores at the end of June 1984 indicating a rise of 14.6 per cent over the year (Table 4.6) and more than 39 fold increase since 1972. The Small Loans Guarantee Scheme, 1971 in which commercial banks including regional rural banks are participating, continues to account for the bulk of total guaranteed advances forming 99.2 per cent thereof. Advances to farmers and agriculturists continue to constitute major portion accounting for 58.2 per cent of the guaranteed advances to non-industrial sector followed by credit to transport operators (17.9 per cent), retail traders (10.6 per cent), business enterprises (4.9 per cent), professional and self-employed persons (5.0 per cent) and

सारणी : 4.6 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के गारंटीकृत अग्रिमों के क्षेत्रवार ब्यौरे (जारी)
TABLE - 4.6 : SECTOR - WISE DETAILS OF DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION'S GUARANTEED ADVANCES (Contd.)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

योजना/उधारकर्ताओं की श्रेणी Scheme/Category of borrowers	जून के अंत में स्थिति As at the end of June					
	1972	1981	1982	1983	1984	1985
(अ) लघु ऋण गारंटी योजना, 1971						
(A) Small Loans Guarantee Scheme, 1971	**205.7**	**3,546.2**	**4,819.8**	**5,736.4**	**7,045.4**	**8,072.7**
	(98.7)	(99.7)	(99.6)	(99.4)	(99.3)	(99.2)
किसान तथा कृषिकर्मी Farmers and agriculturists	134.7	2,267.5	3,041.6	3,594.8	4,182.0	4,730.9
	(64.6)	(63.7)	(62.8)	(62.3)	(58.9)	(58.2)
परिवहन चालक Transport Operators	28.3	477.6	731.3	937.7	1,239.6	1,396.2
	(13.6)	(13.4)	(15.1)	(16.2)	(17.5)	(17.2)
खुदरा व्यापारी Retail Traders	28.3	398.9	511.8	574.8	709.8	858.6
	(13.6)	(11.2)	(10.6)	(9.9)	(10.0)	(10.6)
व्यवसायी तथा स्वनियोजित व्यक्ति Professional & Self employed Persons	9.1	165.7	199.1	240.8	326.9	404.2
	(4.4)	(4.7)	(4.1)	(4.2)	(4.6)	(5.0)
कारोबारी उद्यम - Business enterprises	5.3	150.1	209.7	239.6	322.5	401.6
	(2.5)	(4.2)	(4.3)	(4.2)	(4.5)	(4.9)
उधारकर्ताओं की शेष श्रेणी विभेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत Residual category of borrowers under DRI Scheme	—	86.6	126.2	148.7	264.5	280.7
		(2.4)	(2.6)	(2.6)	(3.7)	(3.4)
(आ) लघु ऋण (वित्तीय निगम) गारंटी योजना, 1971						
(B) Small Loans (Financial Corporations) Guarantee Scheme, 1971	**2.6**	**10.9**	**18.6**	**35.6**	**52.7**	**61.5**
	(1.2)	(0.3)	(0.4)	(0.6)	(0.7)	(0.8)
परिवहन चालक Transport Operators	2.4	10.3	18.4	35.4	52.3	61.1
	(1.1)	(0.3)	(0.4)	(0.6)	(0.7)	(0.8)
कारोबारी उद्यम, Business enterprises	0.2	0.6	0.2	0.2	0.4	0.4
	(0.1)	(–)	(–)	(–)	( )	(–)
(इ) सेवा सहकारी समिति गारंटी योजना, 1971						
(C) Service Co-operative Societies Guarantee Scheme, 1971						
सेवा सहकारी समितियाँ Service Co-operative Societies	**0.1**	**1.3**	**1.5**	**1.8**	**0.5**	**0.5**
	(0.1)	**(-)**	**(-)**	**(-)**	**(-)**	**(-)**
जोड़ (अ + आ + इ) Total (A + B + C)	**208.4**	**3,558.5**	**4,839.9**	**5,773.8**	**7,098.6**	**8,134.2**
	(100.0)	**(100.0)**	**(100.0)**	**(100.0)**	**(100.0)**	**(100.0)**

सारणी : 4.6 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के गारंटीकृत अग्रिमों के क्षेत्रवार ब्यौरे (समाप्त)
TABLE - 4.6 : SECTOR - WISE DETAILS OF DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION'S GUARANTEED ADVANCES (Concld.)

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

योजना/उधारकर्ताओं की श्रेणी Scheme/Category of borrowers	जून के अंत में स्थिति As at the end of June					
	1972	1981	1982	1983	1984	1985
(ई) लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981 (D) **Small Loans (Small-Scale Industries) Guarantee Scheme, 1981**						
कारीगरों, ग्राम/कुटीर उद्योगों सहित समस्त लघु उद्योग इकाइयाँ All SSI units including artisans, village/cottage industries,etc.	—	3716.4*	3822.1	4153.7	4,890.9	
(उ) लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984 (E) **Small loans (Co-operative Bank) Guarantee Scheme, 1984**	—	—	—	—	5.7@	6.5
परिवहन चालक Transport Operators	—	—	—	—	1.8	.
खुदरा व्यापारी Retail Traders	—	—	—	-	2.6	..
व्यावसायिक और स्वनियोजित व्यक्ति Professional & Self-employed Persons	—	—	—	--	1.0	—
कारोबारी उद्यम Business Enterprises	—	—	—	--	0.2	--
खपत और आवास Consumption & housing	—	—	—	—	0.1	--

* : मार्च, 1981 के अंत में
As at the end of March, 1981

@ : दिसंबर, 1984 के अंत में
As at the end of December, 1984

— : शून्य या नगण्य
Nil or negligible

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आँकड़े जोड़ में प्रतिशत दर्शाते हैं।
Note : Figures in brackets indicate percentage to total

स्रोत : निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
Source : Deposit Insurance & Credit Guarantee Corporation

the residual category of borrowers under the Differential Rate of Interest Scheme (3.4 per cent).

4.28 जुलाई-जून (1984-85) की अवधि के दौरान प्रस्तुत किये गये गारंटी दावों की संख्या 84.7 करोड़ रुपयों के लिये 3,47,983 थी। योजनाओं की स्थापना के समय से जून 1985 के अंत तक प्राप्त दावों की संख्या 219.1 करोड़ रुपयों के लिये 10,13,340 तक पहुंच गयी और जून 1985 के अंत तक यह कुल गारंटीकृत अग्रिमों का 2.7 प्रतिशत अर्थात् 8,134.2 करोड़ रुपये थी। जुलाई-जून (1984-85) की समकक्ष अवधि के दौरान, 34.1 करोड़ रुपयों के लिये 2,29,521 दावे निपटाये गये। योजनाओं की स्थापना के समय से लेकर जून 1985 तक 114.5 करोड़ रुपयों के कुल 7,41,875 दावों की जाँच की गयी और उन्हें निपटाया गया।

4.28 Guarantee claims preferred during the period July-June (1984-85) numbered 3,47,983 for Rs. 84.7 crores. Claims received since inception of the Schemes upto the end of June 1985 numbered 10,13,340 for Rs. 219.1 crores and formed 2.7 per cent of the total guaranteed advances at Rs. 8,134.2 crores at the end of June, 1985. During the period July-June (1984-85), 2,29,521 claims for Rs. 34.1 crores were disposed of; the cumulative figure of claims scrutinised and disposed of since inception of the Schemes till June 1985 being 7,41,875 claims for Rs. 114.5 crores.

लघुउद्योगों से संबंधित ऋण-गारंटी योजना

4.29 निगम की लघु ऋण-गारंटी योजना, 1981 में भाग लेनेवाली संस्थाओं की संख्या जून 1984 के अंत में 387 से बढ़कर जून 1985 के अंत में 432 हो गयी। इसमें 72 वाणिज्य बैंक, 126 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 16 राज्य वित्तीय निगम, और 8 अन्य राज्य विकास एजेंसियों और 210 सहकारी बैंक शामिल हैं। इनके अलावा, गैर-अनुसूचित वाणिज्य बैंक, 1 राज्य वित्तीय निगम और 4 सहकारी बैंकों ने इस योजना से संबद्ध होने के संबंध में अपनी इच्छा व्यक्त की है।

Credit Guarantee Schemes relating to Small-Scale Industries (SSIs)

4.29 The number of institutions participating in the Corporation's Small Loans (SSI) Guarantee Scheme, 1981, rose from 387 as at the end of June, 1984 to 432 by the end of June 1985, comprising 72 commercial banks, 126 regional rural banks, 16 State Financial Corporations, 8 other state development agencies and 210 co-operative banks. Besides, 1 non-scheduled commercial bank, 1 State Financial Corporation and 4 co-operative banks have expressed their willingness to join the scheme.

4.30 जून 1983 के अंत में लघु उद्योग क्षेत्र को दी गयी कुल गारंटीकृत अग्रिम राशि 4,154 करोड़ रुपयों से बढ़कर जून 1984 के अंत में 4,891 करोड़ रुपये हो गयी। इसी प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 17.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जुलाई 1984 जून 1985 की अवधि के दौरान निगम की योजना के अधीन, 64 करोड़ रुपयों की राशि के लिए 18,372 दावे प्राप्त हुए और 12 करोड़ रुपयों के 12,622 दावे निपटाये गये।

4.30 The total guaranteed advances to Small-Scale Industries sector rose from Rs. 4,154 crores at the end of June 1983 to Rs. 4,891 crores at the end of June 1984, recording a rise of 17.7 per cent over the previous year. Under the Corporation's Scheme, during the period July 1984-June 1985, 18,372 claims for Rs. 64 crores were received and 12,622 claims for Rs. 12 crores were disposed of.

4.31 जहाँ तक 31 मार्च 1981 को कारोबार की समाप्ति पर रद्द की गयी सरकार की योजना का प्रश्न है (जहां शेष बचे कार्यकलापों के निपटान के लिए निगम एजेंट के रूप में कार्य करता है), निगम ने 1 अप्रैल 1981 को 98 करोड़ रुपयों के 30,826 दावे लेने के अलावा, 85 करोड़ रुपयों के 42,424 दावे प्राप्त किये। निगम ने जून 1985 के अंत तक 110 करोड़ रुपयों के 66,828 दावों का निपटान किया।

सहकारी क्षेत्र

4.32 हाटे कार्यकारी दल की सिफारिशों के अनुसार, जो की बोर्ड द्वारा स्वीकार कर ली गयी थीं, "लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984" के नाम से एक नयी योजना । जुलाई 1984 से प्रारंभ की गयी, जो प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों को एकल परिवहन चालकों, खुदरा व्यापारियों, लघु कारोबार और व्यावसायिक तथा स्वनियोजित व्यक्तियों को और इसके साथ ही उनकी खपत और आवास, आदि आवश्यकताओं के लिए दिये गये ऋणों के साथ उत्पादक प्रयोजनों के लिए दिये गये ऋणों की गारंटी सुरक्षा प्रदान करती है। रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंसीकृत सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (जो निम्न स्तर के बैंक नहीं हैं) इस योजना में सहभागी बन सकते हैं, इसके साथ ही साथ इस विशेष प्रयोजन के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा सिफारिश किये गये गैर-लाइसेंसीकृत प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक भी उक्त योजना में भाग ले सकते हैं। एक बार यदि कोई पात्र बैंक इस योजना शामिल हो जाता है और निर्धारित दरों पर गारंटी शुल्क अदा कर देता हैं, तो गारंटी सुरक्षा स्वयमेव लागू हो जायेगी और निगम द्वारा परिचालित अन्य योजनाओं की तरह सभी पात्र ऋण सुविधाओं को समूचे रूप में सुरक्षा दी जायेगी। गारंटी शुल्क की दर वही है जो लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 के अधीन वाणिज्य बैंकों के लिए लागू है अर्थात् छोटे उधारकर्ताओं को दिये जानेवाले अग्रिमों के संदर्भ में 0.50 प्रतिशत प्रति वर्ष (अर्थात् जिन पात्र उधारकर्ताओं को प्रदान की गयी कुल ऋण सुविधाएं 25,000 रुपयों

4.31 As regards Government's Scheme cancelled as at the close of business on March 31, 1981 (where the Corporation has been acting as an agent for the discharge of residual functions), the Corporation in addition to taking over 30,826 claims for Rs. 98 crores as on April 1, 1981 received 42,424 claims for Rs. 85 crores till the end of June 1985. The Corporation disposed of 66,828 claims for Rs. 110 crores till end-June 1985.

Co-operative Sector

4.32 As per the recommendations of the Hate Working Group, which were accepted by the Board, a new scheme titled "Small Loans (Co-operative Banks) Guarantee Scheme, 1984" has been introduced from July 1, 1984 to provide guarantee cover to primary (urban) co-operative banks in respect of their lending to single transport operators, retail traders, small business and professional and self-employed persons as also for their consumption and housing etc., needs granted along with the loans for productive purposes. Participation in the Scheme is open to all primary (urban) co-operative banks licensed by the Reserve Bank (which are not sub-standard banks) as well as to the unlicensed primary (urban) co-operative banks which are specifically recommended by the Reserve Bank for the purpose. Once an eligible bank joins the Scheme and pays the guarantee fee at the prescribed rates, the guarantee cover would be automatic and would cover in bulk all eligible credit facilities as in the case of other Schemes operated by the Corporation. The rate of guarantee fee is the same as applicable to commercial banks under Small Loans Guarantee Scheme, 1971 viz., 0.50 per cent per

से अधिक नहीं है) और अन्य उधारकर्ताओं के मामलों में 0.75 प्रतिशत प्रति वर्ष थी। कुल आमंत्रित 560 शहरी सहकारी बैंकों में से 150 बैंकों (102 लाइसेंसी और 48 गैर-लाइसेंसी) ने जून 1985 के अंत तक उक्त योजना में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। इनमें से केवल 45 बैंकों ने निगम के साथ करार-पत्र का निष्पादन किया और इनमें से भी 28 बैंकों ने सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है और जून 1985 के अंत तक उक्त योजना से सहभागियों के रूप में शामिल कर लिया गया है। 30 जून 1985 को गारंटीकृत अग्रिमों की राशि 6.5 करोड़ रुपये थी।

annum in respect of advances to small borrowers (i.e. to whom eligible credit facilities not exceeding Rs. 25,000 in the aggregate are provided) and 0.75 per cent in respect of other borrowers. Out of 560 urban co-operative banks invited, 150 banks (102 licensed and 48 unlicensed) have, till the end of June 1985, expressed their willingness to join the Scheme. Out of these, only 45 banks have executed the deeds of agreement with the Corporation of which 28 banks have completed all formalities and have been admitted till end of June 1985 as participants in the Scheme. The guaranteed advances as on June 30, 1985 aggregated Rs. 6.5 crores.

4.33 सहकारी क्षेत्र के लिये एक अन्य योजना अर्थात् लघु ऋण (सहकारी ऋण समितियाँ) गारंटी योजना, 1982 जो कृषि सम्बंधी और उससे सम्बद्ध गतिविधियों के लिये प्राथमिक स्तर पर सहकारी ऋण संस्थाओं द्वार प्रदत्त अग्रिमों को गारंटी सुरक्षा प्रदान करने के लिये, 1 जनवरी 1983 और उसके बाद से मार्गदर्शी आधार पर, प्राथमिक कृषि सम्बंधी ऋण समितियों और प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंकों की शाखाओं का चयन करने के लिये प्रस्तुत की गयी थी, उसमें बैंकों ने अभी तक कोई बहुत उत्साह नहीं दर्शाया है।

4.33 Another Scheme for co-operative sector viz., Small Loans (Co-operative Credit Societies) Guarantee Scheme, 1982 which was formulated for extension of guarantee cover to advances granted by co-operative credit institutions at the primary level for agricultural and allied activities and offered on a pilot basis from January 1, 1983 onwards to select Primary Agricultural Credit Societies (PACS) and Primary Land Development Banks (PLDBs)/branches of State Land Development Banks (SLDBs) has not so far evoked much response.

कार्यप्रणाली में परिवर्तन

4.34 निगम की कार्य-क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से सितंबर 1983 से कम्प्यूटीकरण का प्रारंभ किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, निगम अनिर्णीत दावों के एक बहुत बड़े अंश का निपटान करने में सक्षम हुआ। कम्प्यूटरीकरण आंकड़ों की पुनःप्राप्ति में सुधार लाने और सामयिक प्रबंध सूचना प्रदान करने के लिए भी किया गया है।

Changes in work systems

4.34 In order to increase the operational efficiency of the Corporation, computerisation was introduced since September 1983. As a result, the Corporation has been able to clear off a large backlog of pending claims. The computerisation is also being designed to improve data retrieval and to provide timely management information.

महत्त्वपूर्ण गतिविधियाँ

4.35 वर्ष 1984 के दौरान, निगम की गारंटी शुल्क प्राप्तियों में प्राप्त दावों की तुलना में काफी गिरावट आयी। इससे ऋण-गारंटी योजनाओं की अर्थक्षमता के लिये खतरा पैदा हो गया। अतः सबसे पहले गारंटी सुरक्षा की सीमा राशि की समीक्षा की गयी और अन्य बातों के साथ-साथ, योजनाओं की अर्थक्षमता को सुनिश्चित करने और साथ ही यह भी देखने के लिये कि छोटे उधारकर्ताओं को उधार देने के स्तर में कोई कमी न आये तथा निधियों का बेहतर पुनरावर्तन हो, समस्त योजनाओं के अधीन 1 जनवरी 1985 के बाद से उक्त प्रकार के उधारों के संदर्भ में 66²/₃, 75 या 90 प्रतिशत से जहाँ भी वह इस प्रकार उपलब्ध थी गारंटी सुरक्षा को कम करके 60 प्रतिशत तक लाया गया। वर्तमान शुल्क की दरों में फिलहाल परिवर्तन नहीं किया गया है।

4.36 शारिरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए नकली अंगों, श्रवण उपकरणों, आदि की खरीद के लिये ग्रामीण कारीगरों, विभेदक ब्याज-दर के हिताधिकारियों, आदि सहित लघु उधारकर्ताओं को 2,500 रुपये प्रति उधारकर्ता की सीमा तक ऋण संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली अग्रिम राशियों को 1 जुलाई 1984 से इस योजना की सुरक्षा प्रदान कर दी गयी है, बशर्ते, अन्य बातों के साथ-साथ, उक्त प्रकार की अग्रिम राशियों को उत्पादक प्रयोजनों के लिये प्रदान किये जानेवाले अग्रिमों के साथ दिया गया हो। शारीरिक रूप से विकलांग अन्य ऐसे व्यक्तियों को भी जो ग्रामीण/कुटीर/अन्य लघु उद्योगों में लगे हुए हैं, दी गयी इसी प्रकार की सहायता को कतिपय शर्तों के अधीन लघु उद्योगों के लिये निगम की योजना के अधीन गारंटी सुरक्षा दी गयी है।

4.37 सहकारी क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा अपनी सामाजिक उद्देश्य योजना के अधीन नियुक्त किये गये एचएसडी तेल/एलपीगैस/मिट्टी के तेल के खुदरा व्यापारियों को सहभागी बैंकों द्वारा प्रदान की जानेवाली ऋण सुविधाएँ, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को दिये जाने वाले ऋण के अन्तर्गत शामिल

Significant developments

4.35 During the year 1984, the guarantee fee receipts by the Corporation fell much short of the claims receipts endangering the financial viability of the credit guarantee schemes. The extent of guarantee cover was, therefore, reviewed as a first step, and with a view, *inter alia* to ensuring the financial viability of the schemes and also to see that there is no dilution in the quality of lendings to small borrowers and better recycling of funds, the guarantee cover under all the Schemes has been brought down to 60 per cent (from 66²/₃, 75 or 90 per cent wherever it was so available) in respect of such lendings from January 1, 1985 onwards. The existing fee rates have not been changed for the present.

4.36 Advances granted by credit institutions to physically handicapped small borrowers including village artisans, DRI beneficiaries, etc., upto Rs. 2,500 per borrower for purchase of artificial limbs, hearing aids, etc., were made eligible for cover under the Schemes from July 1, 1984 provided, *inter alia*, such advances were granted along with the advances for productive purposes. Similar assistance to other physically handicapped persons who are engaged in village/cottage/other small-scale industries have been extended guarantee cover under the Corporation's Scheme for small scale industries subject to certain conditions.

4.37 Credit facilities by participating banks to retail dealers of HSD Oil/L. P. Gas/Kerosene oil appointed by public sector oil companies under their Social Objective Scheme have been included by the Reserve Bank of India under priority sector advances. Such credit facilities

कर ली गयी हैं। लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 के अधीन खुदरा व्यापारियों की श्रेणी के अंतर्गत उक्त प्रकार की ऋण सुविधाओं को गारंटी सुरक्षा प्रदान कर दी गयी है, बशर्ते उनके द्वारा विभिन्न शर्तों का अनुपालन किया जाये।

4.38 नवंबर, 1984 में दिल्ली और देश के अन्य भागों में हुए दंगों के दौरान जिन व्यक्तियों को अपने जीविकोपार्जन के साधनों और अन्य कारोबारी आस्तियों की क्षति उठानी पड़ी, उन्हें ऋण-संस्थाओं के द्वारा उत्पादक प्रयोजनों के लिए पुनर्स्थापना सहायता हेतु ऋण-गारंटी सुरक्षा की विशेष सुविधाएँ प्रदान की गयीं।

4.39 ऋण-संस्थाओं द्वारा ऐसे कुशल बुनकरों को जो बुनने की मुख्य गतिविधि से संबद्ध नहीं हैं, किन्तु धागे को रंगने, डिज़ाइन देने, क्लिपिंग, एम्बॉसिंग और बुनकरों द्वारा बुनी गयी कारपेटों को अंतिम रूप देने जैसी संबद्ध सेवाओं से जुड़े हुए हैं, यदि अग्रिम प्रदान किये जाते थे तो वे अब तक लघु ऋण गारंटी योजना, 1981 के अधीन गारंटी के लिए पात्र नहीं थे। वास्तविक बुनकरों को संबद्ध बुनकरों द्वारा प्रदान की जानेवाली सेवाओं को दृष्टि में रखते हुए, यह निश्चय किया गया था कि कतिपय शर्तों के अधीन, ऐसे उधारकर्ताओं को केवल अभिसंस्करण गतिविधियों के लिए (न कि व्यापारिक गतिविधियों के लिए) दिये गये अग्रिमों के लिये गारंटी सुरक्षा प्रदान की जाये।

4.40 निगम की लघु ऋण गारंटी योजना, 1981 के अधीन और उसकी अन्य शर्तों का अनुपालन करने पर सहभागी ऋण संस्थाओं द्वारा पोत को तोड़ने और उसके हिस्सों को अलग-अलग करने की गतिविधियों में लगी हुई लघु औद्योगिक इकाइयों को प्रदान किये जानेवाले अग्रिम गारंटी सुरक्षा के लिए पात्र माने गये हैं।

have been extended guarantee cover under the category of 'Retail Traders' under the Small Loans Guarantee Scheme, 1971 subject to compliance of various terms and conditions.

4.38 Special facilities of credit guarantee cover have been extended to rehabilitation assistance for productive purposes granted by credit institutions to persons who have suffered loss of their means of livelihood and other business assets during the disturbances in Delhi and other parts of the country in November 1984.

4.39 Advances granted by credit institutions to master weavers who are not involved in the main activity of weaving but provide allied services like dyeing of yarn, providing designs, clipping, embossing, giving finishing touches to the carpets woven by weavers, etc., were hitherto not eligible for guarantee under the Small Loans (SSI) Guarantee Scheme, 1981. Keeping in view the services of allied weavers to the actual weavers, it was decided to provide guarantee cover only for those advances which are made for the "processing activities" (and *not* for trading activities) of such borrowers subject to certain conditions.

4.40 Advances granted by participating credit institutions to small-scale industrial units engaged in ship-breaking/dismantling activities have been made eligible for guarantee cover under the Corporation's Small Loans (SSI) Guarantee Scheme, 1981 subject to the compliance of other terms and conditions thereof.

भारतीय निर्यात-आयात बैंक

4.41 भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने अपने लेखा वर्ष (जनवरी-दिसंबर), 1984 के दौरान, बोली-पूर्व-समाशोधन के बाद निर्यात बोलियों और चालू परियोजनाओं के लिए 427 करोड़ रुपयों की निधिक सहायता और 443 करोड़ रुपयों की निधि-इतर सहायता के लिए सिद्धांत रूप में वायदा किया। 1984 के दौरान, कार्यकारी दल (जिसमें एक्ज़िम बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक, निर्यात ऋण तथा गारंटी निगम, केन्द्रीय सरकार और निर्यातकों के बैंकर शामिल हैं) ने 4,490 करोड़ रुपयों की 232 निर्यात बोलियों (आपूर्ति, निर्माण और तैयार हालत में प्रस्तुत की जानेवाली परियोजनाओं के लिए) का अनुमोदन किया। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में निर्यात बोलियों की संख्या में 12 प्रतिशत और मूल्य में 2 प्रतिशत की कमी दिखाई दी है। 1984 के दौरान, एक्ज़िम बैंक ने 42 नयी परियोजनाओं के लिए सहायता मंजूर की, जिनके लिए 1984 के दौरान और उसके पहले के वर्षों में उसने सिद्धांत रूप में वायदा कर लिया था। इस प्रकार की नयी निर्यात परियोजनाओं का मूल्य 165 करोड़ रुपये था, जिसमें 32 करोड़ रुपयों की निर्माण परियोजनायें, 100 करोड़ रुपयों की तैयार हालत में प्रस्तुत की जानेवाली परियोजनायें और 33 करोड़ रुपयों के आपूर्ति संबंधी करार शामिल थे।

4.42 बोली-पूर्व समाशोधन की अपेक्षा रखनेवाली निर्यात परियोजनाओं की सहायता के अलावा एक्ज़िम बैंक भारतीय निर्यातों के लिए ऋण के माध्यम के रूप में वित्तीय सहायता, पुनः ऋण देने की सुविधा, निर्यात बिलों की पुनर्भुनाई, विदेशी निवेश वित्त, माने हुए निर्यातों के लिए सुविधाएँ और शत-प्रतिशत निर्यात मूलक यूनिटों और मुक्त व्यापार-क्षेत्र में स्थित यूनिटों को भी सहायता प्रदान करता है। 1984 में एक्ज़िम बैंक ने भारत में "माने हुए" निर्यातों को सहायता देने के लिए एक नया वित्तपोषण कार्यक्रम प्रारंभ किया जिसके अधीन या तो आपूर्तिकर्ता के जरिए या सीधे क्रेता के जरिए वह पात्र "माने हुए" निर्यातों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक-दर पर आस्थगित ऋण प्रदान करता है। एक्ज़िम बैंक द्वारा प्रदान की गयी

Export-Import Bank of India,

4.41 During its accounting year (January-December) 1984, the Export-Import Bank of India (Exim Bank) made commitments-in-principle amounting to Rs427 crores of funded assistance and Rs. 443 crores of non-funded assistance for export bids and on-going projects after pre-bid clearance. During 1984, the working group (consisting of Exim Bank, RBI, ECGC, Central Government and exporter's bankers) had approved 232 export bids (for supply, construction and turnkey projects) valued at Rs.4,490 crores which showed a decline of 12 per cent in number of export bids and 2 per cent in value compared with the previous year. During 1984, Exim Bank sanctioned assistance to 42 new projects for which in-principle commitments had been made by it during 1984 and earlier years. The value of such new export projects was Rs. 165 crores comprising of construction projects of Rs. 32 crores, turnkey projects of Rs. 100 crores and supply contracts of Rs. 33 crores.

4.42 In addition to assistance for export projects requiring pre-bid clearance, Exim Bank also extends financial assistance, for Indian exports through lines of credit, relending facility, export bills rediscounting, overseas investment finance, facilities for deemed exports and assistance to hundred per cent export units and units in free trade zone. Exim Bank introduced in 1984 a new financing programme to support "deemed" exports in India, under which it extends deferred credit at an internationally competitive rate to eligible deemed exports either through the supplier or directly to the buyer. Other funded and non-funded

अन्य निधिक और निधि-इतर सुविधाएँ "माने हुए निर्यातों" के लिए भी उपलब्ध हैं । माने हुए निर्यात" भारत में उन विशिष्ट लेन-देनों के मामले में होते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा बनायी गयी हो या विदेशी मुद्रा की बचत हुई हो। उदाहरणार्थ, मुक्त व्यापार-क्षेत्र में स्थित यूनिटों और शत-प्रतिशत निर्यात यूनिटों और (विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित) भारत स्थित परियोजनाओं को, जो अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली की क्रियाविधि के अधीन करते हैं, भारतीय उत्पादकों द्वारा की जानेवाली आपूर्तियाँ जैसे लेन-देन माने हुए निर्यात होते हैं।

4.43 1984 के दौरान, एक्जिम बैंक ने निर्यात-उन्मुख यूनिटों के लिये मीयादी वित्त प्रदान करने के एक नये कार्यक्रम को भी चलाया, जिसके अधीन उसने मृत्कला (सिरेमिक्स) उद्योग में शत प्रतिशत निर्यात मूलक यूनिट की स्थापना के लिये एक सहायता संघीय कार्यक्रम के जरिये सहायता प्रदान की। इस प्रयोजन के लिये संयंत्र और मशीनरी के आयात के लिए 59 लाख रुपयों का मीयादी ऋण और 116 लाख रुपयों की आस्थगित अदायगी गारंटी मंजूर की गयी थी।.

4.44 निधिक सहायता के विभिन्न कार्यक्रमों के अधीन 1984 के दौरान एक्जिम बैंक ने 430 करोड़ रुपयों की राशि मंजूर की जो कि 1983 में उक्त कार्यक्रमों के अधीन मंजूर की गयी 287 करोड़ रुपयों की राशि से 50 प्रतिशत अधिक थी (सारणी 4.7)। 1984 में निधिक सहायता के 353 करोड़ रुपयों का उपयोग 1983 के 206 करोड़ रुपयों की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक था। 1984 के दौरान एक्जिम बैंक ने 57 करोड़ रुपयों की गारंटी के रूप में निधि-इतर सहायता मंजूर की और इतनी ही राशि की गारंटियाँ जारी कीं, पिछले वर्ष मंजूर की गयी और जारी की गयी गारंटियों की तुलना में इस वर्ष दोनों में ही पर्याप्त गिरावट आयी। निधिक और निधि-इतर सहायता के अधीन, दिसम्बर 1984 के अन्त में बकाया राशि क्रमश: 415 करोड़ रुपये और 510 करोड़ रुपये थी, जबकि एक वर्ष पूर्व उक्त राशियाँ क्रमश: 293 करोड रुपये और

facilities offered by Exim Bank were also available for deemed exports. Deemed exports occur in case of specified transactions within India which result in foreign exchange earnings or foreign exchange savings. For instance, transactions such as supplies made by Indian manufacturers to units in free tade zones and hundred per cent export units and to projects in India (financed by external agencies), which procure their requirements under the procedure of international competitive bidding qualify as deemed exports.

4.43 During 1984, Exim Bank also launched a new programme to provide term finance for export-oriented units, under which it extended assistance through a consortium for establishing a hundred per cent export unit in the ceramics industry. A rupee term loan of Rs. 59 lakhs and a deferred payment guarantee of Rs. 116 lakhs for import of plant and machinery were sanctioned for this purpose.

4.44 Exim Bank sanctioned during 1984 under various programmes of funded assistance Rs. 430 crores which was 50 per cent higher compared with Rs. 287 crores sanctioned under these programmes in 1983 (Table 4.7). Utilisation of funded assistance at Rs. 353 crores in 1984 was 72 per cent higher compared with Rs. 206 crores in 1983. Exim Bank sanctioned during 1984 non-funded assistance in the form of guarantees worth Rs. 57 crores and issued guarantees of the same order, both showing a sizeable decline as compared to guarantees sanctioned and issued in the previous year. Outstandings at the end of December 1984 under funded and non-funded assistance stood at Rs. 415 crores

452 करोड रुपये थीं।

4.45 निधिक कार्यक्रमों के अधीन, मंजूर की गयी सहायता* का लगभग दो-तिहाई अंश (67 प्रतिशत) निर्माण परियोजनाओं का रहा। बिजली उत्पादक और वितरक उपकरण, वाणिज्यिक वाहन, परिवहन उपकरण, चीनी संयंत्र मशीनरी और वस्त्रोद्योग मशीनरी अन्य महत्त्वपूर्ण परियोजनाएँ और उत्पाद थे, जिनके लिये सहायता मंजूर की गयी थी। निधिक सहायता के उपयोग में, निर्माण परियोजनाओं का अंश 46 प्रतिशत था और सीमेंट संयंत्र मशीनरी तथा वाणिज्यिक वाहन/परिवहन उपकरण में से प्रत्येक का अंश 15 प्रतिशत था। निधि-इतर सुविधाएँ मुख्य रूप से निर्माण परियोजनाओं के लिये उपयोग में लायी गयीं जो कि मंजूर और जारी की गयी सहायता 83 प्रतिशत से अधिक थी। इस सुविधा के अन्य महत्त्वपूर्ण उपयोग-कर्ता बिजली उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में लगी हुई परियोजनाएँ थीं।

4.46 क्षेत्रवार, निधिक सहायता का सबसे बड़ा अंश पश्चिम एशिया को किये जाने वाले निर्यात (44 प्रतिशत) के रूप में थे, उसके बाद अफ्रीका (24 प्रतिशत), अमेरिका (17 प्रतिशत) और दक्षिण-पूर्व एशिया (15 प्रतिशत) का क्रम आता है। पिछले वर्ष की तुलना में, पश्चिम एशिया और अफ्रीका को किये गये निर्यातों की निधिक मंजूरियों में क्रमशः 240 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि दक्षिण/दक्षिण-पूर्व एशिया को किये गये निर्यातों में 54 प्रतिशत की गिरावट आयी। निधिक सहायता के उपयोग का सबसे बड़ा अंश पश्चिम एशिया को किये गये निर्यातों (47 प्रतिशत) का था, उसके बाद दक्षिण/दक्षिण-पूर्व

* उद्योग-वार और क्षेत्र-वार विश्लेषण में, मंजूरियों और उपयोग में से निर्यात बिल की पुनर्भुनाई को अलग रखा गया है, जबकि वैचारिक और सांख्यिकी से सम्बंधित कारणों से मंजूरियों में से पुनः ऋण प्रदान करने की सुविधा को अलग रखा गया है।

and Rs.' 510 crores, respectively, as against Rs. 293 crores and Rs. 452 crores respectively, a year ago.

4.45 Construction projects accounted for about two-thirds (67 per cent) of assistance sanctioned* under funded programmes. Power generation and distribution equipment, commercial vehicles, transport equipment, sugar plant machinery and textile machinery were other important projects and products for which assistance was sanctioned. In the utilisation* of funded assistance, the share of construction projects was 46 per cent and of cement plant machinery and commercial vehicles/transport equipment was 15 per cent each. Non-funded facilities were predominantly used for construction projects which accounted for over 83 per cent of sanctions and issues. Other important users of this facility were projects in the field of power generation and distribution.

4.46 Region-wise, the largest share of funded assistance* sanctioned was accounted for by exports to West Asia (44 per cent), followed by Africa (24 per cent), Americas (17 per cent) and South/South East Asia (15 per cent). Compared with last year, funded sanctions for exports to West Asia and Africa increased by 240 per cent and 9 per cent, respectively, while those for exports to South/South East Asia declined by 54 per cent. The largest share of utilisation of funded assistance was accounted for by exports to West Asia (47 per cent),

* In the industry-wise and region-wise analysis, export bills rediscounting is excluded from sanctions and utilisations, while relending facility is excluded from sanctions because of conceptual and data-related reasons.

सारणी 4.7 : निर्यात-आयात बैंक के कार्यकलाप
TABLE 4.7 : OPERATIONS OF EXIM BANK

(करोड़ रुपये) (Rs. Crores)

उधार संबंधी कार्यक्रम Lending Programmes	जनवरी-दिसंबर 1983 January-December 1983			जनवरी-दिसंबर 1984 January-December 1984		
	स्वीकृतियां Sanctions	उपयोग Utilisations	बकाया Outstandings	स्वीकृतियां Sanctions	उपयोग Utilisations	बकाया Outstandings
1	2	3	4	5	6	7
(अ) निधिक (A) **Funded**						
क्रेता ऋण Buyer's Credit	8.9	13.5	26.9	16.4	34.6	59.7
प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता Direct Financial Assistance	54.5	36.4	105.1	77.2*	81.1*	158.9
निर्यात बिल पुनर्भुनाई Export Bills Rediscounting	124.4	124.4	45.9	193.5	193.5	50.0
निर्यात ऋण पुनर्वित्त Export Credit Refinance	17.5	7.0	24.1	33.6	29.1	44.4
ऋण माध्यम Lines of Credit	44.0	22.5	81.4	72.0	12.4	92.6
समुद्रपारीय निवेश वित्त Overseas Investment Finance	2.9	1.9	9.6	0.9	0.7	8.2
पोतलदानपूर्व ऋण Pre-shipment Credit	—	—	—	0.7	0.7	—
पुन: ऋण देने संबंधी सुविधा Relending Facility	35.0	—	—	34.7	0.9	0.9
अन्य निधिक सहायता Other Funded Assistance	—	—	—	0.6**	—	—
कुल जोड़ - निधिक Total - Funded	**287.2**	**205.7**	**293.0**	**429.6**	**353.0**	**414.7**
(आ) गैर निधिक *** (B.) **Non-Funded** ***	75.3	71.2****	451.5	57.2	57.4****	510.2

* : इसमें परामर्शदाता कार्य के लिए मंजूर 0.42 करोड़ रुपये और उपयोग की गयी 0.28 करोड़ रुपये की राशि शामिल है।
Includes Rs. 0.42 crore sanctioned and Rs. 0.28 crore utilised for consultancy job

** : एक शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख इकाई की स्थापना के लिए स्वीकृत सहायता।
Assistance sanctioned for establishing a hundred per cent export-oriented unit.

*** : गैर-निधिक सहायता गारंटियों के रूप में दी गयी है।
Non-funded assistance is given in the form of guarantees.

**** : जारी की गयी गारंटियाँ
Guarantees issued.

टिप्पणी : वर्ष के अन्त में मंजूरी या उपयोग के समय में लागू विनिमय दर को उपयोग में लाते हुए सभी मंजूरियाँ, उपयोग और विदेशी मुद्रा में बकाया राशि रुपयों में परिवर्तित की गयी है (बकाया राशि के मामले में) 31 दिसम्बर 1984 को डालर रुपया विनिमय दर (भारतीय रिज़र्व बैंक के क्रय और विक्रय दर का औसत) $ = 12.3609 रुपये थी।

Note : All sanctions, utilisations and outstanding amounts in foreign currency have been converted into rupees using the exchange rate prevailing at the time of sanction or utilisation or at the end of the year (in the case of outstanding). Dollar rupee exchange rate (average of RBI buying and selling rate) on 31st December 1984 was 1 $ = Rs. 12.3609.

स्रोत : भारतीय निर्यात-आयात बैंक.
Source : Export-Import Bank of India.

एशिया (27 प्रतिशत) और अफ्रीका (24 प्रतिशत) का क्रम आता है। 1983 की तुलना में पश्चिम एशिया और दक्षिण/दक्षिण पूर्व एशिया को किये गये निर्यात में क्रमशः 521 प्रतिशत और 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निधि-इतर सहायता का 90 प्रतिशत से अधिक अंश पश्चिम एशिया में परियोजनाओं के लिये मंजूर और जारी किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में, पश्चिम एशिया की परियोजनाओं के लिये गारंटी मंजूरियों में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अफ्रीका की परियोजनाओं के संदर्भ में 90 प्रतिशत की भारी गिरावट आयी।

विदेशी मुद्रा उधार

4.47 एक्ज़िम बैंक ने 1984 में जापानी वाणिज्यिक येन बाजार में प्रवेश किया और एक बिलियन येन लेने के लिए ऋण करार पर हस्ताक्षर किये। यह ऋण, ऋण की संपूर्ण अवधि के लिये एक निर्धारित दर पर आठ वर्षों के लिये है। एक्ज़िम बैंक के विदेशी मुद्रा-संसाधनों को बहुमुखी बनाने के संदर्भ में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जबकि यह संसाधन अभी तक अमेरिकी डालरों के रूप में ही था। विदेशी मुद्रा संसाधनों का उपयोग भारतीय परियोजना निर्यातकों के लिए विदेशी परियोजनाओं को पूरा करने में आनेवाली पूरक वित्त सम्बन्धी उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के वास्ते ऋण प्रदान करने के लिए किया जाता हैं।

followed by South/South East Asia (27 per cent) and Africa (24 per cent). Compared to 1983, there was an all-round improvement, with utilisation of assistance for exports to West Asia and South/South East Asia showing increases of 521 per cent and 34 per cent, respectively. Over 90 per cent of non-funded assistance was sanctioned and issued for projects in West Asia. Compared with the previous year, guarantee sanctions for West Asian projects were higher by 33 per cent while those for African projects declined sharply by 90 per cent.

Foreign Currency Borrowings

4.47 Exim Bank entered the Japanese Commercial Yen Market in 1984 and signed a loan agreement for raising Yen 1 billion. The loan is for eight years at a fixed rate for the entire period of the loan. This is a major step in diversification of Exim Bank's foreign currency resources which had so far been in the form of US dollars. Foreign currency resources are utilised for lending to Indian project exporters to meet their need for bridge finance in execution of overseas projects.